भारतीय जनता पार्टी के दक्षिण अभियान में एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। केरल और तमिलनाडु के हालिया विधानसभा चुनावों में प्रभावशाली छाप न छोड़ पाने से उसके नेताओं-कार्यकर्ताओं में निराशा फैल रही है। चुनाव के कुछ ही दिनों बाद तमिलनाडु में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्य में उसके सबसे लोकप्रिय नेता के अन्नामलाई ने राजी-खुशी उससे किनारा कर लिया, उसके बाद कई अन्य नेताओं ने भी सत्तारूढ़ टीवीके का रुख कर लिया। अब कर्नाटक से उसके लिए अच्छी खबर नहीं आ रही।

तमिलनाडु और केरल में पैठ बनाना भारतीय जनता पार्टी के लिए वैसे भी मुश्किल रहा है, लेकिन कर्नाटक में उसे जिस विरोध का सामना करना पड़ा है, वह निश्चित रूप से उसके लिए एक झटका है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कर्नाटक ही एकमात्र ऐसा दक्षिणी राज्य है, जहां वह अपनी सरकार बनाने में सफल रही और यह राज्य उसके लिए दक्षिण भारत का प्रवेश-द्वार साबित हुआ है। इसी तरह, पार्टी को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी पैठ बनाने में मुश्किलें हो रही हैं। दक्षिण में पार्टी को कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इन इलाकों में हिंदुत्व या ध्रुवीकरण की राजनीति को बहुत कम पसंद किया जाता है। हालांकि, पार्टी धीरे-धीरे इन राज्यों में आगे बढ़ रही है, पर कर्नाटक को छोड़कर किसी अन्य सूबे में वह स्थिति को पूरी तरह से अपने पक्ष में करने से बहुत दूर है। ऐसे में, कर्नाटक का नया घटनाक्रम उसके लिए चिंता का सबब होना चाहिए।

दरअसल, दल-बदल, विलय और इस्तीफे की समस्या अब विपक्षी दलों तक सीमित नहीं रही, भारतीय जनता पार्टी में भी यह घुस गई है। उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में सबसे पसंदीदा राजनीतिक पार्टी के तौर पर उभरने का जश्न मना रही भाजपा को शायद अब एहसास हो रहा है कि दक्षिण में उसका घर भी खास मजबूत नहीं है। कर्नाटक में उसकी अपनी पार्टी के भीतर भी यह गड़बड़ी फैल चुकी है।



देश भर में 'ऑपरेशन लोटस' का सीधा-सा अर्थ समझा जाता है- विपक्ष के चुने हुए सांसदों-विधायकों को साम-दाम-दंड-भेद के जरिये अपनी तरफ मिलाना, मगर दक्षिण के इस राज्य में 'ऑपरेशन हैंड' के रूप में एक नई और अप्रत्याशित स्थिति सामने आई है। हालांकि, इन दोनों ऑपरेशनों में अंतर है। जहां एक तरफ देश के बाकी हिस्सों में विपक्षी नेताओं का भाजपा में शामिल होना अप्रिय रणनीति का नतीजा होता है, तो वहीं कर्नाटक में कांग्रेस की किस्मत भाजपा और एनडीए के अंदरूनी झगड़ों की वजह से चमकी है।

बीते 18 जून को हुए कर्नाटक विधान परिषद के चुनावों में कांग्रेस अपनी सदस्य संख्या के बूते चार सीटें जीतने की क्षमता रखती थी, मगर उसने पांचवीं सीट भी आसानी से हासिल कर ली। जाहिर है, उसे भाजपा और जनता दल (सेकुलर) के विधायकों की क्रॉस-वोटिंग का फायदा मिला। भाजपा ने अपनी तय दो सीटें जीत लीं, मगर इसके बावजूद उसे एक झटका भी लगा। उसे अपनी ही पार्टी के विधायकों से चार वोट कम मिले। जनता दल (एस) के लिए तो यह कहीं ज्यादा बड़ा झटका था। उसका एकमात्र उम्मीदवार हार गया और उसे 14 वोट ही मिल पाए, जबकि विधानसभा में इस पार्टी के 18 विधायक हैं।

जनता दल (एस) ने भाजपा के समर्थन और कांग्रेस विधायकों की क्रॉस-वोटिंग के सहारे यह सीट जीतने का सपना देखा था, मगर जो हुआ, वह बिल्कुल अप्रत्याशित था। भाजपा और जनता दल (एस), दोनों पार्टियों के विधायकों ने एक-दूसरे का समर्थन करने के बजाय कांग्रेस पार्टी को फायदा पहुंचा दिया। जाहिर है, भाजपा के केंद्रीय आलाकमान ने राज्य के वरिष्ठ नेताओं को आज दिल्ली तलब किया है।

क्रॉस-वोटिंग के अलावा कर्नाटक में भाजपा के साथ जो हुआ और उत्तर भारत में विपक्ष के साथ उसने जो किया, उन दोनों के बीच तुलना करने लायक बहुत कम बातें हैं। कर्नाटक में विधान परिषद के चुनाव थे। मध्य प्रदेश और झारखंड के राज्यसभा चुनावों में जो कुछ हुआ और पश्चिम बंगाल में तृणमूल विधायक व संसदीय दल में टूट और उद्धव की शिवसेना में फूट ने लोगों का ध्यान अधिक खींचा। इन सबमें कर्नाटक की क्रॉस वोटिंग की बात दब गई। वैसे, विपक्ष में और भी टूट-फूट हो सकती है, क्योंकि केंद्र सरकार को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के लिए 362 सांसदों की जरूरत है, ताकि वह अपने इरादे वाले कानून पारित करा सके। टूट की शिकार आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता आरोप लगा रहे हैं कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के डर और लोभ की वजह से ये नेता पार्टी छोड़ रहे हैं।

कर्नाटक में जो हुआ, वह बिल्कुल अलग मामला था। यहां तो ऐसा लगता है कि कांग्रेस को बिना किसी कोशिश के ही एक बड़ा फायदा मिल गया है। अपनी-अपनी पार्टी के राज्य नेतृत्व से नाराज भाजपा-जनता दल (एस) विधायकों ने क्रॉस वोटिंग के कदम उठाए हैं। इनमें भी भारतीय जनता पार्टी का मामला कहीं ज्यादा गंभीर है। गुटबाजी से जूझ रही पार्टी की राज्य इकाई के नेता प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र की बात मानने को तैयार नहीं हैं। विजेंद्र पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के बेटे हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक अपने सदस्यों पर पकड़ मजबूत नहीं बना सके हैं। दरअसल, राज्य भाजपा के बहुत सारे नेता विजेंद्र को ऊपर से थोपा हुआ नेता मानते हैं। भाजपा उत्तरी कर्नाटक से लिंगायत वोट दिलाने के लिए येदियुरप्पा की एहसानमंद है, लेकिन उनके बेटे अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं।

दूसरी ओर, जनता दल (एस) को अंदरूनी विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसके कुछ सदस्य वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार के शासन का समर्थन करने के इच्छुक हैं। कुमारस्वामी अपने समर्थकों में जोश नहीं भर पा रहे हैं। जनता दल (एस) के नेता ने सार्वजनिक रूप से अपनी निराशा व्यक्त की है, मगर भाजपा आश्चर्यजनक रूप से शांत है। विजेंद्र को बाहर करने की मांग के बीच हाईकमान ने 'समीक्षा' की बात कही है, मगर भाजपा की दुविधा यह है कि वोक्कालिगा समर्थन अब कांग्रेस के पक्ष में झुकता हुआ दिख रहा है, अगर वह येदियुरप्पा को नाराज करने वाला कोई कदम उठाती है, तो उसे लिंगायत वोटों का भी नुकसान होगा। भाजपा के लिए दक्षिण वाकई दुरूह है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# प्रशासनिक मुस्तैदी से ही सुरक्षित होंगे फुटपाथ



यहां स्कैन करें

के के पांडेय | नगर प्रबंधन विशेषज्ञ

उच्चतम न्यायालय ने 19 जून को अपने एक ऐतिहासिक दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया है कि सीमांकित फुटपाथ पर सुरक्षित रूप से चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। न्यायालय ने आवागमन और जीवन के अधिकार संबंधी संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क), अनुच्छेद 19(1)(ख) और अनुच्छेद 19(1)(ग) के तहत पैदल यात्रियों के अधिकार को सर्वोपरि घोषित करते हुए मोटर वाहनों की आवाजाही की तुलना में इसे प्राथमिकता देने का निर्देश केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय को दिया है और इसे सभी स्थानीय निकायों तक पहुंचाने को भी कहा है।

यह दिशा-निर्देश एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में आया है, जिसे अपने पिता के साथ स्कूल जाते समय एक ट्रक ने कुचल दिया था। देखा जाए, तो देश में फुटपाथ की स्थिति बहुत ही खराब है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 1,72,000 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 35,000 पैदल यात्री थे, यानी हर पांच में एक व्यक्ति पैदल शिकार हुआ। फुटपाथ न होने के दुष्प्रभाव बहुत व्यापक हैं। उत्पादकता, मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण पर इसका खास असर पड़ता है। सड़कों पर मिट्टी जमा होती है, वहां से कूड़ा नहीं उठता, गाड़ियों के लिए कम जगह बचती है। इसका कारण है कि जिनके मकान हैं, वे फुटपाथ पर कब्जा कर लेते हैं। दूसरे, बिजली विभाग जैसी सरकारी एजेंसियों के ट्रांसफॉर्मर जहां-तहां फुटपाथ पर ही रखे मिलते हैं। फुटपाथ का पार्किंग, धार्मिक स्थल और स्कूलों द्वारा अतिक्रमण तो है ही, हॉकर और रेहड़ी-पटरी वाले भी इस पर कब्जा जमाए बैठे हैं। इन कारणों से सड़क पर चलने वालों को असुविधा होती है। इनमें भी महिलाएं, बच्चे और दिव्यांग जन सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

**साल 2023 में भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 1,72,000 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 35,000 पैदल यात्री थे।**

असल में, यह पूरा विषय स्थानीय निकायों का है, जो राज्य सरकार के अंतर्गत आते हैं। इसके अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की भी भूमिका है। इस तरह यह अंतर-सरकारी कार्रवाई का विषय बन जाता है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 7 अक्तूबर को भी एक अन्य मामले में पैदल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए थे, जो काफी व्यापक है। इसमें देश के 50 शहरों से यह अपेक्षा की गई थी कि वे इस बारे में कार्ययोजना बनाएंगे। उसमें पैदल यात्रियों की समस्या और पैदल चलने के बुनियादी ढांचों- जैसे ओवरब्रिज, अंडरपास, क्रॉसिंग आदि के हॉटस्पाट को चिह्नित करना, प्रमुख स्थलों के बारे में कार्ययोजना बनाना शामिल है। इसलिए, जब हालिया निर्देश पर कार्रवाई हो, तो पिछले साल के निर्देशों का भी संज्ञान लिया जाना चाहिए। सबसे बड़ी बात जान-माल की सुरक्षा है। इसके अतिरिक्त उत्पादकता, पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव भी महत्वपूर्ण हैं। इन सबको ध्यान में रखते हुए सुनियोजित ढंग से कोर्ट के निर्देशों का पालन होना चाहिए।

एजेंसियों को देखना चाहिए कि फुटपाथ कहां नहीं हैं? जहां नहीं हैं, वहां बनाया जाना चाहिए। जहां वे अतिक्रमण के शिकार हैं, वहां उनको खाली कराया जाना चाहिए। दिल्ली जैसे महानगर में जो फ्लाईओवर बने हैं, उन पर भी फुटपाथ के लिए जगह आवंटित नहीं है। इससे लोग सड़क पर आते हैं या गाड़ी वाले लोग भी फुटपाथ पर चले जाते हैं और दुर्घटना हो जाती है। हालांकि, 1980 के मोटर वाहन कानून की धारा 201 और 210बी में फुटपाथ पर गाड़ी चलाने पर दंड का प्रावधान है, मगर इसे कोई नहीं मानता। विकसित देशों में फुटपाथ की व्यवस्था है और जन जागरूकता उच्च स्तर की है। वहां बुनियादी ढांचा मजबूत है। समस्याओं पर काबू पाया गया है।

हमारे यहां फुटपाथ पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और नागरिक, दोनों स्तरों पर उदासीनता रही है। इसलिए फुटपाथ का सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से होना चाहिए। साथ ही 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग' बिंदु बनाकर स्थानीय निकाय को लागू करने चाहिए। इस स्थिति से उबरने के लिए लोगों में जागरूकता फैलानी होगी। जब तक जन-सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक हम कितने भी कानून बना लें, उनका क्रियान्वयन सफल नहीं हो पाएगा। इसमें हमारे राजनेता और अफसर आते हैं। उनकी भी सकारात्मक भूमिका और समझ बहुत जरूरी है। इसके बिना कोई प्रभावी सुधार नहीं हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# मंजिल तभी, जब मन स्थिर

मानव मन अत्यंत चंचल माना जाता है। वह क्षण भर में एक से दूसरे विचार तक पहुंच जाता है, एक से दूसरी वस्तु की ओर आकर्षित हो जाता है। कहीं पूरी तरह स्थिर नहीं रह पाता। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से यह चंचलता कोई संयोग नहीं, बल्कि मन की स्वाभाविक प्रवृत्ति है।

मन का प्रत्येक विषय या वस्तु पंच महाभूतों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से निर्मित संसार से संबंधित होता है। मन चाहे बाहरी वस्तुओं की ओर उन्मुख हो या आंतरिक विचारों की ओर, उसके सभी विषय इन्हीं मूलभूत तत्वों से उत्पन्न होते हैं। मन अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाए रखने के लिए किसी न किसी विषय या वस्तु से जुड़ा रहता है। जिस प्रकार शरीर को अस्तित्व बनाए रखने के लिए किसी भौतिक स्थान की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन को भी अपने सूक्ष्म अस्तित्व के लिए किसी सूक्ष्म विषय या आधार की आवश्यकता पड़ती है। यहां एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि समय और स्थान व्यक्ति की अलग पहचान बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं। जब तक व्यक्ति स्वयं को पृथक अस्तित्व के रूप में अनुभव करता है, तब तक उसका मन किसी न किसी विषय की तलाश करता रहता है। यही कारण है कि मन लगातार नए-नए आकर्षणों, इच्छाओं और अनुभवों की ओर दौड़ता रहता है।

मन की इस दौड़ के पीछे संस्कारों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। संस्कार वे सूक्ष्म प्रभाव हैं, जो हमारे पूर्व के कर्मों, अनुभवों और इच्छाओं से निर्मित होते हैं। जब कोई वस्तु या परिस्थिति इन संस्कारों की अभिव्यक्ति में सहायक नहीं रहती अथवा जब उसका आकर्षण समाप्त हो जाता है, तब मन उससे हटकर किसी नए विषय की ओर बढ़ जाता है। जितनी तीव्र इच्छाएं और आकांक्षाएं होंगी, मन उतनी ही तेजी से एक से दूसरी वस्तु की ओर भागेगा। आधुनिक जीवन में यह प्रवृत्ति और स्पष्ट दिखाई देती है। लोग भौतिक उपलब्धियों, मनोरंजन, सामाजिक प्रतिष्ठा और नई-नई इच्छाओं के पीछे निरंतर दौड़ते रहते हैं, फिर भी उन्हें स्थायी संतोष नहीं मिल पाता। इसका कारण यह है कि मन का स्वभाव ही परिवर्तनशील विषयों में स्थिर नहीं हो सकता।

यदि मन को सभी विषयों से पूरी तरह अलग कर दिया जाए, तब क्या होगा? ऐसे में मन का पृथक अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। मन वस्तुतः विषयों के सहारे अपना अस्तित्व बनाए रखता है। इसलिए वह निरंतर नए-नए विषय की शरण खोजता रहता है। आध्यात्मिक साधना का उद्देश्य मन को केवल बाहरी विषयों से हटाना नहीं है, बल्कि उसे ऐसे परम विषय की ओर उन्मुख करना है, जो सीमित न हो। साधना मन को विनष्ट नहीं करती, बस उसकी दिशा बदल देती है। मन क्षणिक वस्तुओं से हटकर शाश्वत सत्य की ओर बढ़ जाता है।

**मन विषयों के सहारे अपना अस्तित्व बनाए रखता है। इसलिए वह निरंतर नए-नए विषय की शरण खोजता रहता है। साधना मन को विनष्ट नहीं करती, बल्कि उसकी दिशा बदल देती है।**

श्रीश्री आनंदमूर्ति

**पोप लिओ XIV** | ईसाई धर्मगुरु



**मुश्किल हालात में भी हम खुशी तभी महसूस कर सकते हैं, जब हमारा जीवन परमेश्वर के साथ जुड़ा हो। सिर्फ यही जुड़ाव सच्ची और पूरी खुशी दे सकता है। यह विश्वास हो, तो हम न तो उलझन में पड़ेंगे और न ही निराश होंगे।**

अनुलोम-विलोम

पुलिस मुठभेड़



# एनकाउंटर करने का कोई कायदा तो होगा

अभी हाल में बिहार में भरत भूषण तिवारी का एनकाउंटर हुआ है। पूरे फेसबुक पर यह विषय वायरल है। मैं ज्यादा नहीं जानता, लेकिन जो थोड़ी-बहुत जानकारी मिली है, उससे लगता है कि उसने ऐसा अपराध नहीं किया था, जिसके लिए एनकाउंटर किया जाए। आत्म-समर्पण करने के बाद तो दर्जनों हत्या करने वाले डाकुओं की भी जान बख्श दी जाती थी। कुछ साल पहले एक वरिष्ठ हिंदी लेखिका से मेरी इसी मुद्दे पर तीखी बहस हुई थी। मैं कह रहा था कि यह तरीका सही नहीं है, लेकिन वह एनकाउंटर को सही ठहरा रही थीं। आखिरकार नतीजा यह हुआ कि उन्होंने मुझे अनफ्रेंड कर दिया।

मैं चीजें फिल्मों से समझाऊंगा, क्योंकि फिल्मों का समाज पर बहुत असर होता है। परदे पर आंखें फोड़ देने वाला 'गंगाजल' जैसा चलन बहुत अच्छा लगता है। आमतौर पर सबको पसंद भी आता है, लेकिन इसके नतीजे बेहद भयानक होते हैं। यूपी में सीएए और नागरिकता कानून के प्रदर्शनों के दौरान पुलिस का बर्बर रूप भी हम सबने देखा है। मुझे अगर कोई थप्पड़ मार दे और मेरा दोस्त जाकर उसके बदले में उसे थप्पड़ मार आए, तो मुझे संतुष्टि मिलेगी, लेकिन सोचिए, अगर मेरा दोस्त मुझे लेकर खुद उस जगह जाए और कहे- अब ले लो अपना बदला, खुद लगा दो थप्पड़, तब तो संतुष्टि दोगुनी हो जाएगी। फिर तो देश भर की तमाम अदालतों पर ताले जड़ दिए जाएं। बस ऐसे ही इंसाफ होता रहे।

मेरा एक दोस्त कहता था, 'बॉलीवुड सबसे ज्यादा सेकुलर है।' मैं उससे पूछता था कि इतनी नफरत भरी फिल्में बनाने के बाद भी तुम ऐसा कैसे कह सकते हो? उसका जवाब होता, 'जिन एक्टर्स और डायरेक्टर्स को तुम कम्यूनल समझ रहे हो, सरकार बदलने दो, वही लोग अगली फिल्म में हिंदू-मुस्लिम एकता और बंधुत्व की कहानी लिखेंगे, क्योंकि उनका मकसद सिर्फ मुनाफा है। वे समाज के रुख को अच्छे से भांप लेते हैं।'

आज हम उस जगह आ गए हैं, जहां कोर्ट-कचहरी, सुनवाई सब खत्म हो गई है। फैसले अब बाहर होने लगे हैं। कोर्ट को भी अब फर्क नहीं पड़ता। सरकार भी समझ गई है कि अगर कोई अपराध हुआ और जनता नाराज है, तो तुरंत एनकाउंटर करा दो- जनता खुश। कहने का अर्थ है कि जो बोया है, उसे ही आप काटेंगे। आपके घर बिना नोटिस के गिरेंगे, आपको सड़कों पर पुलिस पीटेगी, मीडिया आरोप सिद्ध होने से पहले आपकी बोटियां नोच खाएगा, भीड़ तय करेगी कि आपको क्या खाना है, क्या पहनना है, देश में सब नियम-कानून की धज्जियां उड़ जाएंगी और आप काल्पनिक हीरो तलाशते रहेंगे।

**फायक अतीक किदवई**, टिप्पणीकार

# आखिरी उपाय के तौर पर गोली चलती है

पिछले कई दिनों से बिहार में एक व्यक्ति की पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। उस व्यक्ति की पहचान भरत भूषण तिवारी के रूप में हुई, जो भोजपुर जिले के बिलौती गांव का निवासी था। हथियारों के साथ उसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। जब पुलिस पूछताछ के लिए उसके घर पहुंची, तो भरत के पास भी पिस्तौल थी। उसने पुलिस अधिकारियों से बात करते हुए फेसबुक पर लाइव भी किया।

16 जून को शाहपुर पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। लाइव वीडियो और साथ मे की गई पोस्ट में भरत ने बिहार सरकार और प्रशासन पर तरह-तरह के आरोप लगाए। उसने व्यवस्था के खिलाफ एक बड़े संघर्ष की चेतावनी दी। वीडियो और ऑनलाइन पोस्ट फैलने के बाद भोजपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर बताया कि भरत मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा है और उसे इलाज के लिए भेजने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उसके पास से हथियार बरामद करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। 17 जून की सुबह भरत ने फिर से फेसबुक पर लाइव आकर दावा किया कि पुलिस उसे मानसिक रूप से अस्थिर घोषित करके अपने साथ ले जाना चाहती है। उसने अपनी तुलना स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह से की और पुलिसकर्मियों को खुलेआम धमकी दी।

ऐसे में, सोचने वाली बात यह है कि क्या कानून-व्यवस्था इतनी गिर गई है कि कोई व्यक्ति सरेआम पुलिस को धमकी दे? ऐसे में, क्या पुलिस को कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? आखिर कई दिनों से यह व्यक्ति इसी तरह सरेआम हथियार लेकर घूम रहा था, अनाप-शनाप बक रहा था, तब उसके परिजन या आस-पड़ोस के लोग कहां थे? उन्होंने उसे क्यों नहीं रोका या अस्पताल पहुंचाया?

वीडियो से यह भी पता चलता है कि भरत ने लाइव प्रसारण के दौरान अपने घर के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाईं और बार-बार उन्हें जान से मारने की बात कही। उसने प्रशासन की इस बात के लिए भी आलोचना की कि उसने उसे मानसिक रूप से बीमार कहा था। उसे पुलिस अधिकारियों की ओर बंदूक ताने हुए बार-बार उन्हें वहां से चले जाने के लिए कहते हुए देखा गया। जब पुलिस ने उससे आत्म-समर्पण करने की अपील की, तो भरत ने जवाब दिया कि युद्ध होगा और यह तक कहा कि या तो अब वह बचेगा या फिर पुलिस बचेगी। इस स्थिति में इसे पुलिस द्वारा मजबूरी में की गई कार्रवाई की मानी जाएगी।

**ऋषि कुमार**, टिप्पणीकार

# संसार से भागते नहीं कबीर

**कबीर न तर्क पर रुकते हैं, न विचार या दर्शन पर। कबीर बहते चले जाते हैं। कबीर ने कहा भी है– 'मसि कागद छुओ नहीं।' जीवन में कागज, स्याही से कोई नाता ही नहीं बनाया। सीधी–सादी अनुभूति है, इसलिए कबीर को समझने के लिए भाव भी सीधा चाहिए।**



**अध्यात्म**

ओशो



संत तो हजारों हुए हैं, पर कबीर ऐसे हैं- जैसे पूर्णिमा का चांद-अतुलनीय, अद्वितीय! जैसे अंधेरे में कोई अचानक दीया जला दे, ऐसा यह नाम है। जैसे मरुस्थल में कोई अचानक मरुद्यान प्रकट हो जाए, ऐसे अदभुत और प्यारे उनके गीत हैं! मैं कबीर के शब्दों का अर्थ नहीं करूंगा। शब्द तो सीधे-सादे हैं। कबीर को तो पुनरुज्जीवित करना होगा। व्याख्या नहीं हो सकती उनकी, उन्हें पुनरुज्जीवन दिया जा सकता है।

तुम ऐसे ही सुनना, जैसे यह कोई व्याख्या नहीं है; जैसे बीसवीं सदी की भाषा में, पुनर्जन्म है। जैसे कबीर का फिर आगमन है। बुद्धि से मत सुनना। कबीर का कोई नाता बुद्धि से नहीं। कबीर तो दीवाने हैं। उन्हें केवल दीवाने ही समझ सकते हैं। कबीर मस्तिष्क से नहीं बोलते हैं। यह तो हृदय की वीणा की अनुगूंज है। तुम्हारे हृदय के तार भी छू जाएं, तुम भी बज उठो, तो ही कबीर समझे जा सकते हैं।

### भाव पर पहुंचोगे तो पाओगे

यह कोई शास्त्रीय, बौद्धिक आयोजन नहीं है। भाषा पर अटकोगे, चूकोगे; भाव पर जाओगे, तो पहुंच जाओगे। भाषा तो कबीर की टूटी-फूटी है। बेपढ़े-लिखे थे, लेकिन भाव अनूठे हैं। भाषा पर अटकोगे, तो कबीर साधारण मालूम होंगे।

**कबीर जयंती (29 जून)**

कबीर ने कहा भी- लिखालिखी की नहीं, देखादेखी बात है। जो नहीं देखा जा सकता, उसे देखा है। जो नहीं कहा जा सकता, उसे कहने की कोशिश की है।

### अंदर का मैल साफ कर लो

बहुत श्रद्धा से ही कबीर समझे जा सकते हैं। शंकराचार्य को समझना हो, श्रद्धा की ऐसी कोई जरूरत नहीं। शंकराचार्य का तर्क प्रबल है। नागार्जुन को समझना हो, श्रद्धा की क्या आवश्यकता! उनके प्रमाण, उनके विचार, उनके विचार की अदभुत तर्कसरणी, वह प्रभावित करेगी। कबीर के पास न तर्क है, न विचार है, न दर्शनशास्त्र है। शास्त्र से कबीर का क्या लेना-देना! कबीर ने कहा भी है- 'मसि कागद छुओ नहीं।' जीवन में कागज, स्याही से कोई नाता ही नहीं बनाया। सीधी-सीधी अनुभूति है। अंगार है, राख नहीं। राख को तो तुम सम्हाल कर रख सकते हो। अंगार को सम्हालना हो, तो श्रद्धा चाहिए, तो ही पी सकोगे यह आग।

कबीर आग है। एक घूंट भी पी लो, तो तुम्हारे भीतर भी अग्नि भभक उठे। तुम भी दीये बनो। तुम्हारे भीतर भी सूरज उगे। अगर ऐसा हो, तो ही समझना कि कबीर को समझा। ऐसा न हो, तो समझना कि कबीर के शब्द पकड़े, शब्दों की व्याख्या की, शब्दों के अर्थ जाने; पर वह सब ऊपर-ऊपर का काम है। जैसे कोई जमीन को इंच-दो इंच खोदे और सोचे कि कुआं हो गया। गहरा खोदना होगा। कंकड़-पत्थर आएंगे। कूड़ा-कचरा आएगा। मिट्टी हटानी होगी। धीरे-धीरे जलस्रोत के निकट पहुंचोगे।

### अजब-अनोखा फकीर

कबीर कहते हैं- मैं तो रहा फकीर। सो ठीक है कि मांगने जाता हूं, लेकिन सम्राटों के द्वार पर भी खड़े होकर, राज-सिंहासनों पर बैठे हुए लोगों को देखा और हैरान हुआ, समझ नहीं पाया इस पहेली को कि सभी फकीर हैं। सभी भिखमंगे हैं। यहां सभी मांगने में लगे हैं, तो फिर सोचा कि इनसे क्या मांगना! मंगते से क्या मांगिए! ये तो खुद ही भिखमंगे हैं बेचारे। ये तो खुद ही दया के पात्र हैं। इन्होंने तो खुद ही अपनी वासना के अदृश्य पात्र फैला रखे हैं। मेरा पात्र तो छोटा, मुट्ठी-दो मुट्ठी से भर जाए। इनके पात्र ऐसे हैं कि लाख भरो, नहीं भरते। खाली के खाली! साम्राज्य पी जाते हैं, लेकिन उनका खालीपन नहीं भरता। इनसे क्या मांगूं? इनसे मांगने में शर्म आती है। यह जान कर तुम्हें हैरानी होगी कि कबीर जीवन भर कपड़ा ही बुनते रहे और बेचते रहे। जुलाहे थे। अपना काम जारी रखा। उनके शिष्यों ने बहुत बार कहा कि हमें शर्म लगती है, हमें संकोच होता है, हमें लाज आती है, हमें लज्जा पकड़ती है, लोग हमें उलटी-सीधी बातें कहते हैं कि जिसके हजारों शिष्य हैं, हजारों भक्त हैं, उसको कपड़ा बुनना पड़ता है, बाजार बेचने जाना पड़ता है! तो आप यह बंद क्यों नहीं कर देते? हम तो देने को राजी हैं। जो चाहिए; जितना चाहिए, उससे ज्यादा देने को राजी हैं। क्या कमी है!

### बिन मांगे बहुत मिलेगा

कबीर ठीक कहते हैं- बिन मांगे जो देय! उस परमात्मा की तरफ झुक भर जाओ और उसके मेघ चले आते हैं। उसकी वर्षा शुरू हो जाती है। जब वर्षा के मेघ आषाढ़ में उठते हैं, वर्षा के जल से भरे, तो बरसने को उतने ही आतुर होते हैं, जितनी पृथ्वी पीने को प्यासी होती है। पृथ्वी की प्यास, आतुरता और बादलों की बरसने की आकांक्षा समान है। सिर्फ पृथ्वी ही प्यासी नहीं होती, बादल भी आतुर होते हैं बरसने को!

तुम सिर्फ अपने हृदय को खोल दो। परमात्मा उतना ही बरसने को आतुर है। उसके पास बाढ़ है आनंद की। वह तुम्हारी तरफ हजार-हजार धाराओं में, सहस्र धाराओं में बहना चाहता है। सच तो यह है कि वह रोज तुम्हारे चारों तरफ परिभ्रमण करता है। तुम तो कभी-कभी मंदिर में जाकर झूठी परिक्रमा कर आते हो। तुम्हारा मंदिर झूठा, तुम्हारी परिक्रमा झूठी, क्योंकि तुम झूठे। तुम्हारा मंदिर तुम्हारा बनाया हुआ। तुम्हारे मंदिर के पंडित-पुजारी तुम्हारे नौकर। तुम्हारी प्रार्थनाएं इन्हीं नौकरों द्वारा गढ़ी हुई प्रार्थनाएं हैं।

तुम अपनी प्रार्थना भी अपने हृदय से नहीं उठने देते। क्या फिकर कि प्रार्थना में सुंदर शब्द हों? फिकर होनी चाहिए कि प्रार्थना हृदय से जन्मी हो। क्या चिंता कि भाषा-सौष्ठव हो, व्याकरण शुद्ध हो? चिंता होनी चाहिए कि हार्दिकता हो, सहजता हो, स्वस्फूर्त हो। तुतलाहट से भी काम चल जाएगा। अगर तुम्हारे प्राणों से ही उठा हुआ भाव है, फिर चाहे वह तुतलाहट जैसा ही क्यों न मालूम हो, टूटा-फूटा क्यों न हो, सार्थक है।

परमात्मा तो तुम्हारी परिक्रमा कर ही रहा है। तुम्हें खुला हुआ पा जाए, तो प्रवेश कर ले।

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

### 23 जून से 29 जून 2026 तक

**23 जून (मंगलवार):** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल नवमी तिथि सायं 04.40 मिनट तक। महेश नवमी।

**24 जून (बुधवार) :** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि सायं 06.13 मिनट तक। श्री गंगा स्नान।

**25 जून (गुरुवार) :** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि रात्रि 08.10 मिनट तक। निर्जला एकादशी व्रत।

**26 जून (शुक्रवार) :** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी तिथि रात्रि 10.23 मिनट तक। चंपक द्वादशी। द्वादशी में त्रिविक्रम पूजा।

**27 जून (शनिवार):** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि रात्रि 12.44 मिनट तक। शनि प्रदोष व्रत। वट सावित्री व्रतारंभ। गंडमूल रात्रि 10.11 मिनट से।

**28 जून (रविवार) :** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी तिथि रात्रि 03.07 मिनट तक। भद्रा रात्रि 03.07 मिनट से। गंडमूल विचार।

**29 जून (सोमवार):** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तिथि रात्रि 05.27 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक। शुद्ध ज्येष्ठ पूर्णिमा। संत कबीर जयंती (628 वीं)। वट सावित्री व्रत (पूर्णिमा पक्ष)। श्री सत्यनारायण व्रत। गंडमूल रात्रि 04.04 मिनट तक।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## आस्था-अनास्था

समीर उपाध्याय ज्योतिर्विद्

# विद्यार्थियों के लिए बेहतर रहेगा समय

**वृष राशि में मंगल के आने पर इसके बारह राशियों पर क्या प्रभाव होंगे?** -लखनपाल, मथुरा



**मंगल** 20/21 जून, 2026 को रात्रि 12.07 बजे मेष राशि से निकलकर वृष राशि में प्रवेश कर चुके हैं। वहां यह 02 अगस्त, 2026 रात्रि 10.59 बजे तक गोचर करेंगे। वृष राशि में मंगल गोचर का सभी राशियों पर प्रभाव :

**मेष :** आर्थिक लाभ। नए कार्य में पूंजी निवेश। घर में मांगलिक कार्य के साथ कुछ स्वास्थ्य कार्यों पर खर्च।

**वृष :** आत्मविश्वास, पराक्रम, मान-सम्मान बढ़ेगा। चल-अचल संपत्ति में निवेश करेंगे। नए संबंध-संपर्क बनेंगे।

**मिथुन :** कानूनी विवाद, स्वास्थ्य पर खर्च की अधिकता। स्वयं तथा घर के सदस्य की स्वास्थ्य समस्या। चिकित्सा, अनुसंधान, शासन-प्रशासन, परिवहन तथा आयात-निर्यात से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत शुभ। विरोधी पस्त रहेंगे।

**कर्क :** आमदनी के नए स्रोत की प्राप्ति। प्रतियोगिता परीक्षा, विवादित मामलों में सफलता। कुछ महत्वपूर्ण रुके कार्य बनेंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में तरक्की। आर्थिक लाभ। चल-अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री। मरम्मत/निर्माण कार्य पर खर्च।

**कन्या :** भाग्य का साथ। घर में मांगलिक कार्य होंगे। निर्माण एवं मरम्मत कार्य पर खर्च। चल-अचल संपत्ति बढ़ेगी।

**तुला :** आमदनी में वृद्धि। निकट के लोगों से विवाद। खेल, प्रशासन, सेना-पुलिस से जुड़े लोगों के लिए लाभप्रद।

**वृश्चिक :** प्रेमिका, जीवनसाथी, साझेदारी में अस्थिरता। घर में स्वास्थ्य समस्या। थोड़ी वित्तीय चिंता बढ़ेगी।

**धनु :** लेनदारी-देनदारी का निपटारा। पिता का स्वास्थ्य बाधित। व्यावसायिक संबंधों में थोड़ा संघर्ष।

**मकर :** छात्रों के लिए बेहतर। पूर्वानुमान संबंधी कार्य में पूंजी निवेश से परहेज हितकर। अतिरिक्त प्रयास से रुके काम होंगे।

**कुंभ :** चल-अचल संपत्ति की खरीदारी। कार्यक्षेत्र में तरक्की एवं आर्थिक मामलों में लाभ की स्थिति।

**मीन :** छोटे भाई-बहन की अच्छी प्रगति। प्रतियोगिता परीक्षा एवं विवादित मामलों में सफलता।

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन–मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी–24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर–16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर–201301 (उत्तर प्रदेश)

# माहेश्वरी समाज के उदय का दिन

**महेश नवमी**



**ज्येष्ठ मास** के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि (23 जून) को मनाया जाने वाला महेश नवमी का पर्व माहेश्वरी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है। यह पर्व शिव और पार्वती को समर्पित है। माहेश्वरी समुदाय की उत्पत्ति इसी दिन हुई थी।

एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा खडगलसेन के शासन में प्रजा प्रसन्न थी। शासन व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी। राजा और प्रजा को किसी प्रकार की चिंता नहीं थी, लेकिन राजा के कोई संतान नहीं होने के कारण राजा के साथ प्रजा भी दुखी थी। राजा के साथ-साथ प्रजा को भी यही चिंता थी कि राज्य का उत्तराधिकारी कोई नहीं है। इसी चिंता में समय बीत रहा था।

काफी सोच-विचार करने पर राजा ने अपने कुल गुरु की सलाह पर पुत्र कामेष्टि यज्ञ का आयोजन करवाया। यज्ञ के पूर्ण होने पर ऋषियों ने राजा को वीर, पराक्रमी पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही राजा से यह भी कहा कि होने वाले राजकुमार को बीस वर्ष तक उत्तर दिशा में नहीं जाने दें।

कुछ समय पश्चात राजा को पुत्र हुआ। उसका नाम सुजान कुंवर रखा। एक दिन राजकुमार बहत्तर उमरावों (राजपूतों की उपजाति) के साथ शिकार खेलने वन में गए। वन में घूमते-घूमते राजकुमार उत्तर दिशा की ओर जाने लगे, तो उमरावों ने उन्हें उस दिशा की ओर जाने को मना किया, लेकिन राजकुमार नहीं माने। तब उमराव भी उनके साथ उस दिशा में चल दिए। उत्तर दिशा में सूर्य कुंड के पास कुछ ऋषि यज्ञ कर रहे थे। वहां जाकर राजकुमार ने ऋषियों का अपमान किया और यज्ञ में विघ्न उत्पन्न किया। उसके इस कार्य से क्रोधित होकर होकर ऋषियों ने राजकुमार सहित सभी उमरावों को पाषाण मूर्ति हो जाने का शाप दे दिया।

जब राजा-रानी के पास यह समाचार पहुंचा, तो उन्होंने दुखी होकर प्राण त्याग दिए। इधर यह समाचार सुनकर राजकुमार सुजान की पत्नी चंद्रावती सभी उमरावों की पत्नियों सहित ऋषियों के पास गई और उनसे क्षमा याचना करने लगी। ऋषियों ने कहा कि उनका शाप विफल नहीं हो सकता। इस शाप से उन्हें केवल शिव-पार्वती ही बचा सकते हैं, इसलिए वे उनकी शरण में जाएं।

यह सुनकर रानी सभी उमरावों की पत्नियों के साथ शिव-पार्वती की आराधना करने चली गईं। उनकी आराधना से प्रसन्न होकर शिव-पार्वती ने उन्हें अखंड सौभाग्यवती और पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया। तब चंद्रावती ने उन्हें सारा वृतांत बताते हुए बहत्तर उमरावों को जीवित करने की विनती की। शिव-पार्वती ने उन्हें न केवल शाप मुक्त किया, बल्कि इस समाज और वंश को अपना नाम भी दिया। शिव यानी 'महेश' और वारि यानी 'समुदाय।' इस प्रकार यह समुदाय 'माहेश्वरी' नाम से जाना गया।

शिव की आज्ञा से इस समाज के पूर्वजों ने क्षत्रिय कर्म छोड़कर वैश्य कर्म को अपनाया, इसलिए आज माहेश्वरी समाज वैश्य समुदाय के रूप में जाना जाता है। माहेश्वरी समाज के बहत्तर उपनामों या गोत्र का संबंध भी इसी प्रसंग से है। माहेश्वरी समाज में महेश नवमी के दिन भगवान शिव-पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है।

**अरुण कुमार जैमिनि**

# ऋषि बालाकि का अभिमान टूट गया

**पौराणिक कथा**



**उशीनर** देश में ऋषि बालाकि रहते थे। उन्होंने वेद-वेदांग का गंभीर अध्ययन किया था। इससे उनका गर्व दिनोदिन बढ़ता जा रहा था। बालाकि घूमते हुए काशी के विद्वान राजा अजातशत्रु की सेवा में उपस्थित हुए। उन्होंने अजातशत्रु से कहा, 'राजन, मैं ब्रह्मज्ञान का उपदेश करने के उद्देश्य से आपके पास आया हूं।' अजातशत्रु ने कहा, 'आपका मुझ पर अनुग्रह है। मैं इसके लिए आपको एक हजार गायें भेंट के रूप में प्रदान कर रहा हूं।'

राजन सुनिए, 'ब्रह्म क्या है, मैं आपको बता रहा हूं।' 'सूर्यमंडल में प्रकाश के रूप में जो तेज है, वही ब्रह्म है।' अजातशत्रु ने बालाकि की बात बीच में काटते हुए कहा, 'नहीं महाराज, आप उसके संबंध में मुझे कुछ न बताइए। मैं उसे अच्छी तरह जानता हूं।'

कुछ देर के बाद बालाकि ने कहा, 'चंद्रमंडल में जो प्रकाश है, वही ब्रह्म है।' अजातशत्रु बोल उठे, 'मैं उसे भी जानता हूं, महाराज! वह परमोज्ज्वल है, कभी दिखाई देता है, कभी नहीं दिखाई देता। बहुत-सी औषधियां उसे ग्रहण करती हैं।'

बालाकि सोचने लगे। विचार-मंथन के बाद उन्होंने कहा, 'विद्युत-मंडल में जो प्रकाश है, वही ब्रह्म है।' अजातशत्रु ने उत्तर दिया, 'मैं उसे भी जानता हूं महाराज! वह थोड़ी देर तक चमककर लुप्त हो जाता है।'

बालाकि ने इसी प्रकार मेघ, तारों, वायु और जल में ब्रह्म के होने की बात कही, पर अजातशत्रु ने प्रत्येक के लिए यही कहा, 'मैं तो उसे अच्छी तरह जानता हूं!'

बालाकि के गर्व का दुर्ग ढह गया। उन्होंने अजातशत्रु के समक्ष विनीत भाव से झुकते हुए कहा, 'राजन आप तो सब कुछ जानते हैं। कृपया आप ही मुझे बताएं कि ब्रह्म क्या है।'

बालाकि हाथ में समिधा लेकर शिष्य के रूप में अजातशत्रु के समक्ष उपस्थित हुए। अजातशत्रु ने सोचा, बालाकि ब्राह्मण हैं और मैं क्षत्रिय हूं। क्षत्रिय के लिए यह शोभनीय नहीं है कि वह ब्राह्मण का गुरु बने। अजातशत्रु ने ऋषि बालाकि से कहा, 'महाराज, मैं एकांत में आपको ब्रह्म के संबंध में बताऊंगा।' अजातशत्रु बालाकि को लेकर एकांत में गए। वहां एक झोपड़ी में एक मनुष्य सो रहा था। अजातशत्रु ने उसे दो-तीन बार जगाया, पर वह जाग नहीं सका।

अंत में अजातशत्रु ने उसे हिलाया, तो वह जाग गया। अजातशत्रु ने बालाकि से पूछा, 'यह मनुष्य जब सो रहा था, तो कहां चला गया था? और जब मैंने इसे हिलाया, तो कहां से आ गया?' बालाकि कोई उत्तर नहीं दे सके।

अजातशत्रु ने कहा, 'महाराज, यह मनुष्य जब सो रहा था, तो इसके प्राण नाड़ियों में चले गए थे। इसके सो जाने पर भी इसके भीतर का मनुष्य जाग रहा था। मनुष्य के सो जाने पर भी भीतर का पुरुष नाना स्थानों में विचरण करता है। तरह-तरह के दृश्यों को देखता है। तरह-तरह की बातें सोचता है, वही पुरुष आत्मा है। मैंने जब इस आदमी को हिलाकर जगाया, तो नाड़ीमंडल से इसके प्राण बाहर निकल आए और यह जाग गया। शरीर में जब तक आत्मा रहती है, तभी तक सोने-जागने की क्रिया होती रहती है। मनुष्य सोने पर स्वप्न देखता है।

शरीर से जब आत्मा निकल जाती है, तो सोने-जागने की क्रिया समाप्त हो जाती है। शरीर के भीतर जिसके रहने पर मनुष्य सोता-जागता है, वही आत्मा है।' आत्मज्ञान प्राप्त करके बालाकि धन्य हो उठे। वे अजातशत्रु को प्रणाम करके चले गए।

**-श्री व्यथितहृदय**

*(कौशीतकी ब्राह्मणोपनिषद से, 'उपनिषदों की श्रेष्ठ कहानियां', सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली)*

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ में वृद्धि हो सकती है।

**वृष :** मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मिथुन :** धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कर्क :** कारोबार में व्यस्तता बढ़ेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**सिंह :** मन अशांत रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार के विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। कारोबार में भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ में वृद्धि भी होगी।

**तुला :** किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। कारोबार के लिए यात्रा पर भी जाना हो सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** मन प्रसन्न रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धा भाव बढ़ सकता है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

**धनु :** मन परेशान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में बदलाव के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**मकर :** मन अशांत हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। लाभ में वृद्धि भी होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** संयत रहें। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन :** मन शांत रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**23 जून**, मंगलवार, **शक संवत्** : 02 आषाढ़ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 09 आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 07 मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल नवमी तिथि सायं 04.40 मिनट तक पश्चात दशमी तिथि, हस्त नक्षत्र प्रातः 11.54 मिनट तक पश्चात चित्रा नक्षत्र, वरीयान योग प्रातः 10.14 मिनट तक पश्चात परिघ योग, कौलव करण। चंद्रमा कन्या राशि में रात्रि 12.53 मिनट तक उपरांत तुला राशि में। **सूर्य उत्तरायण**। सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**यदि धन की कमी से जूझ रहे हैं, तो आजमाएं ये वास्तु उपाय :**

- यदि घर का मुख्य द्वार आग्नेय कोण में हो, तो धन संबंधी समस्या देता है।
- रसोई अग्नि कोण में ठीक है, लेकिन यदि उसमें गैस और पानी विपरीत दिशा में हो, जैसे– पूर्व दिशा में सिंक और उत्तर दिशा में गैस रखी हो, तो धन संबंधी परेशानी होगी।
- गैस को पूर्व दिशा में और सिंक को उत्तर दिशा में करने से परेशानी दूर होगी।
- मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को पीपल के पेड़ पर बूंदी का लड्डू चढ़ाना लाभकारी।
- प्रत्येक शुक्रवार गाय के देसी घी एवं कमलगट्टे से श्री सूक्तम के मंत्रों का हवन करना।
- मुख्य द्वार के दोनों ओर क्लियर क्वाट्र्ज के वेंड्स लगाना लाभप्रद रहता है।

## वर्ग पहेली : 8368



**बाएं से दाएं**

3. भोजन न लेना; व्रत; अनशन (4)
6. काम का दिन; कारोबारी समय (5)
8. बाद का; समय के उपरांत (6)
9. अनुरूपता; तुल्यता; बराबरी; निष्पक्षता (3)
10. झंडा; ध्वज; प्रतीक चिह्न (3)
14. गड़ना; झुकना; तल नीचा होना; बोझ के नीचे आना; विवश होना; बात छुपना (3)
15. चिंतन करना; अध्ययन करना (3,3)
17. अस्तित्व न रहने देना; तबाह करना; नष्ट करना; बरबाद करना (2,3)
18. चमकना; आवेश में आना; क्रुद्ध होना; क्रोध दिखाना; गुस्से से चेहरा लाल होना; रुष्ट होना (4)

**ऊपर से नीचे**

1. कार्य करने का सामर्थ्य; कार्य करने की योग्यता; कार्यसक्षम होने का गुण (5)
2. बरसात; वर्षा ऋतु (3)
4. फूलना-फलना; हरा-भरा होना; उन्नत होना; समृद्ध होना; फिर से स्वस्थ होना (4)
5. एक जैसा; बराबर; बराबर सतह वाला; समान तल वाला (4)
7. अनुबंध करना; करार करना; संधि करना; मेल-मिलाप करना (4,3)
11. निंदनीय आचरण करने के कारण बहुत शर्मिंदा होना; लज्जा के मारे मर जाना; शरम के मारे मुंह न दिखाना (2,3)
12. कौआ; यम का दूत; यमदूतक (4)
13. मन की कल्पना से उपजा; मन संबंधी (4)
16. नाश करने वाला; मारने वाला; समाप्त करने वाला; हटाने वाला (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8367

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सि | 2 र | अ | ल | 3 ग | क | 4 र | ना |
| 5 रं | ■ | च | ■ | ■ | ली | ■ | च | ■ |
| ग | ■ | 6 ना | जु | 7 क | ■ | 8 त | ना | व |
| मं | ■ | त्म | ■ | मी | ■ | ■ | का | ■ |
| 9 च | 10 ह | क | ना | ■ | 11 प | 12 स | र | 13 ना |
| ■ | म | ■ | ■ | 14 ला | ■ | दा | ■ | ग |
| 15 सु | ला | ना | ■ | 16 ख | रा | ब | ■ | रि |
| ■ | व | ■ | 17 तु | ■ | ■ | हा | ■ | क |
| 18 प | र | लो | क | सि | धा | र | ना | ■ |

## सुडोकू : 8350

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 6 | | | | | |
| | | 5 | 8 | | 9 | 2 | | 6 |
| | | | | | | | 7 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | 1 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | | | | |
| 2 | | 3 | 1 | | 7 | 6 | | |
| | | | | | 5 | 1 | 4 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8349

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 |

www.jagran.com
राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
मंगलवार, 23 जून, 2026

दैनिक जागरण

नेतृत्व की पहचान नीयत और निर्णय से होती है

# लापरवाही की आग

बहुत दिन नहीं हुए, जब देश की राजधानी में अवैध रूप से बनाए और संचालित किए जा रहे होटल में आग लगने से 20 से अधिक लोग मारे गए थे। माना गया था कि इस दिल दहलाने वाली घटना से सीख ली गई होगी और कम से कम देश के प्रमुख शहरों में सभी व्यावसायिक इमारतों में आग से बचाव के उपायों की जांच-परख की गई होगी, लेकिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने की घटना से पता चलता है कि ऐसा नहीं किया गया। इस घटना में इस इमारत में चल रहे एक कोचिंग सेंटर के 15 से अधिक छात्रों की जान चली गई। इस घटना पर राज्य सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि आग लगने के कारणों की गहन जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, लेकिन हर बार ऐसा ही तो होता है। जब भी किसी अग्निकांड में बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं तो कुछ दिन तक शासन-प्रशासन की संवेदना, सजगता और सक्रियता दिखती है, लेकिन फिर सब कुछ पहले की तरह हो जाता है। ऐसी अधिकतर घटनाओं में आम तौर पर यही सामने आता है कि संबंधित इमारत में या तो आग से बचाव के पर्याप्त उपाय नहीं थे या वे काम नहीं कर रहे थे।

आग लगने की कई घटनाओं में यह भी सामने आता है कि बड़ी-बड़ी इमारतों में हर तरह की गतिविधियां अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना ही शुरू हो जाती हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि यदि आग लगने की घटनाओं की जांच रपट समय रहते आ भी जाती है तो ठोस कार्रवाई नहीं होती। कई घटनाओं में इस कारण भवन स्वामी की तो गिरफ्तारी हो जाती है कि उसने आग से बचाव के पर्याप्त प्रबंध नहीं कर रखे थे, पर सरकारी एजेंसियों के वे अधिकारी-कर्मचारी कठिनाई से ही किसी कठोर कार्रवाई के दायरे में आते हैं, जिन पर यह देखने की जिम्मेदारी होती है कि प्रत्येक इमारत में आग से बचाव के प्रभावी उपाय हों। लखनऊ की दर्दनाक घटना पर अभी यह सामने आना शेष है कि आग ने इतना विकराल रूप क्यों ले लिया और उसमें फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में वांछित सफलता क्यों नहीं मिली, लेकिन इसमें तो कोई संशय ही नहीं कि कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई। हादसे कहीं भी हो सकते हैं, पर वे तब बड़ी जनहानि का कारण बनते हैं, जब सुरक्षा उपायों की अनदेखी एक तरह की अंधेरगर्दी में बदल जाती है। लापरवाही की यह आग केवल लोगों की जिंदगियां ही नहीं लील रही, बल्कि देश की बदनामी भी करा रही है। दिल्ली और लखनऊ जैसी घटनाएं यही बताती हैं कि अपने यहां प्रमुख शहरों में भी सार्वजनिक सुरक्षा एक तरह से भगवान भरोसे है। हम विकसित देश बनने के तो आकांक्षी हैं, लेकिन उन जैसे तौर-तरीके अपनाने के लिए तत्पर नहीं। हमें प्रायः ही इसकी बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

# शीघ्र हो दवा खरीद

बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआइसीएल) द्वारा पहली बार आयुष औषधियों (आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक, यूनानी आदि) की खरीद के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू की जा रही है, यह आमजन के हित में अच्छा निर्णय है। इस पर तेजी से काम करने की जरूरत है, ताकि जरूरतमंदों को निःशुल्क दवा मिल सके। आयुष चिकित्सा के लिए बड़ी संख्या में रोगी आते हैं, पर उन्हें दवा नहीं मिल पाती है, जबकि सरकारी अस्पतालों में इसे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने का प्रविधान है। यह लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। अस्पतालों में पिछले चार-पांच महीनों से दवा उपलब्ध नहीं है। पिछले वर्ष दिसंबर में ही दवा की खरीद के निर्देश के बाद भी ऐसा नहीं किया जा सका, जो कहीं न कहीं उदासीनता को दर्शाता है। लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर इस तरह की ढिलाई कतई उचित नहीं है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सरकार जब पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देते हुए आयुष अस्पतालों की स्थापना कर रही है और इसके लिए संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं तो दवा की खरीद आदि में विलंब क्यों हुआ। इसके लिए दायित्व निर्धारण करते हुए समय सीमा तय की जानी चाहिए। अस्पतालों में चिकित्सकों पर वेतन मद में सरकार राशि खर्च कर रही है, पर दवा ही नहीं है तो रोगियों को इसका अधिक से अधिक लाभ नहीं मिल रहा। जो विलंब होना था, वह हो गया।

> गरीब लोगों के लिए नि:शुल्क दवा बड़ा सहारा है, जिसकी उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित की जानी चाहिए

# अमेरिका के भरोसे न रहे भारत



शिवकांत शर्मा

**अमेरिका अपनी एशिया-प्रशांत रणनीति के विकल्प अब खुले रखना चाहता है, ताकि जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान का मनमाना प्रयोग कर सके**

अपने बोतलबंद पानी और स्वास्थ्यवर्धक झरनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के प्रमुख पर्यटन केंद्र एवियां-ले-बान में जी-7 की शिखर बैठक से अधिक उत्सुकता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री मोदी की बैठक को लेकर थी, जो 16 महीनों बाद हो रही थी। औपचारिक न होने के कारण इससे किसी निर्णय की उम्मीद तो नहीं थी, मगर यह अनुमान लगने की आशा अवश्य थी कि टैरिफ जंग छेड़ने के बाद से भारत के हितों और सम्मान को ठेस पहुंचाते आ रहे ट्रंप प्रशासन के फैसलों और बयानों का आपसी रिश्तों पर कितना असर पड़ा है और उनकी भावी दिशा क्या हो सकती है? बैठक से पहले दो-तीन ऐसी घटनाएं हुईं, जिनकी शिकायत करना भी अनिवार्य हो गया था। इससे एक सप्ताह पहले ही अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी से गुजर रहे तेल टैंकर पर हमला करके तीन भारतीय नाविकों को मार डाला था। एक दिन पहले पेंटागन ने प्रशांत से लेकर हिंद महासागर तक फैले क्षेत्र में अमेरिकी सुरक्षा हितों को देखने वाली अपनी इंडो-पैसिफिक कमान के नाम से इंडो शब्द हटाते हुए उसका पुराना नाम पैसिफिक कमान रखने का एलान किया था। भारत के लिए इससे भी बड़ी चिंता का विषय वह मानचित्र था, जिसे यूएस पैसिफिक कमान के नए नामकरण के साथ दिखाया गया। इस मानचित्र में गुलाम कश्मीर को पाकिस्तान और अक्साई चिन को चीन के भाग के रूप में दिखाया गया है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं कर सकता।

ट्रंप के साथ बैठक के बाद प्रेस को दिए वक्तव्यों में पीएम मोदी ने विश्व भर में कार्यरत भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात उठाई। उनका इशारा स्पष्ट रूप से अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों की तरफ था। ट्रंप इस पर पूछे गए सवाल को गोल कर गए। उन्होंने न तो भारतीय नाविकों की मौत पर खेद प्रकट किया और न ही भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में कुछ कहा। उन्होंने व्यापार वार्ताओं में प्रगति की बात कही, पर व्यापार समझौता कब तक हो सकता है, इसका कोई संकेत नहीं दिया। भारत की यात्रा करने की बात कही, पर यह यात्रा कब होगी, इसका भी कोई संकेत नहीं दिया। अमेरिका में बसे और वहां जाने के इच्छुक प्रशिक्षित भारतीय सेवाकर्मियों के लिए खड़ी की जा रही मुश्किलों के सवाल पर वे केवल उनकी प्रतिभा की तारीफ करके रुक गए। वास्तव में ट्रंप ने दोनों देशों के संबंधों पर पूछे गए हर कठिन प्रश्न का उत्तर मोदी की तारीफ और उनके साथ अपनी घनिष्ठता की बातों से देने की कोशिश की।



अवधेश राजपूत

ट्रंप की तारीफ और विनोद भरी बातों पर प्रधानमंत्री मोदी की खामोश मुस्कुराहट और हाथ मिलाने के अंदाज में पुरानी गर्मजोशी की जगह थोड़ी असहजता झलक रही थी। ऐसा लगा कि दोनों नेताओं के बीच बैठक में कुछ बेबाक बातें हुईं, जिनकी झेंप मिटाने के लिए तारीफों से माहौल खुशनुमा बनाने की कोशिश की जा रही थी। वैसे गत माह क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने भारत आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने यह भरोसा दिलाने की कोशिश की थी कि भारत अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक है। वह क्वाड ही नहीं, बल्कि अमेरिका की समूचे हिंद-प्रशांत की रणनीति की आधारशिला है। वहीं, जब भारत ने अपने नाविकों की हत्या पर कड़ा विरोध दर्ज कराया तो रूबियो खेद प्रकट करने की जगह याद दिलाने लगे कि होर्मुज की अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेरिकी युद्ध मंत्री पीटर हेगसेथ तो रूबियो से भी दो कदम आगे बढ़ गए। उन्होंने अपनी संयुक्त सैनिक कमान के नाम से हिंद शब्द हटा दिया, जिसे 2018 में पिछली ट्रंप सरकार ने ही जोड़ा था। उस समय रक्षा मंत्री रहे जिम मैटिस ने इसके पीछे यह तर्क दिया था कि चीन के नौसैनिक विस्तार और उसकी बेल्ट एंड रोड परियोजनाओं को देखते हुए हिंद महासागर को रणनीतिक दृष्टि से प्रशांत महासागर से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

उस समय यह भी माना गया था कि अमेरिका के लिए भारत एशिया में शक्ति संतुलन से जुड़ी रणनीति की अनिवार्य धुरी बन चुका है। क्वाड के जरिये अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया की साझा सामरिक रणनीति बनाने का उद्देश्य भी यही था, लेकिन वर्तमान ट्रंप सरकार के सत्ता में आने के बाद से गाड़ी उलटी दिशा में चलती नजर आती है। क्वाड की शिखर बैठक पिछले दो साल से नहीं हुई है। अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के हिंद-प्रशांत अध्याय में भारत का उल्लेख न के बराबर हुआ है। गत मई की चीन यात्रा के बाद से ट्रंप ने अमेरिका और चीन की नई जोड़ी 'जी2' को विशेष महत्व देना शुरू कर दिया है।

देखा जाए तो प्रशांत क्षेत्र की संयुक्त सैन्य कमान को हिंद-प्रशांत कमान का नाम देना, क्वाड को सुदृढ़ बनाना और भारत को अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के केंद्र में रखना न चीन को रास आ रहा था, न पाकिस्तान को। यह देखते हुए कमान के नाम का पाकिस्तान की मध्यस्थता से हुई ईरान सहमति के बाद और मोदी-ट्रंप बैठक से ठीक पहले बदला जाना कुछ प्रश्न खड़े करता है। हालांकि ट्रंप और उनके मंत्री यह भरोसा दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि हिंद-प्रशांत सैन्य कमान का नाम बदलने से अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति में कोई बदलाव नहीं आएगा, पर रणनीतिक विशेषज्ञों को संदेह है कि कहीं ट्रंप सरकार पाकिस्तान को उसकी मध्यस्थता का और चीन को संबंध बेहतर बनाने का इनाम देने की कोशिश तो नहीं कर रही है? क्वाड को लेकर अमेरिका की बढ़ती उदासीनता को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। शशि थरूर ने तो इसे क्वाड के ताबूत में कील की संज्ञा तक दे डाली। कुछ अमेरिकी कूटनयिकों का भी यही मानना है कि अमेरिका अब अपनी एशिया-प्रशांत रणनीति के विकल्प खुले रखना चाहता है, ताकि जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान का पश्चिम और मध्य एशिया में प्रयोग कर सके। ऐसे में भारत को भी अपनी रणनीति के विकल्प खुले रखते हुए नए समीकरण बनाने होंगे।

(लेखक बीबीसी हिंदी के पूर्व संपादक हैं)

response@jagran.com

# चुनौतियों के साथ अवसरों का भी दौर



प्रो. गौरव वल्लभ

**तेल कीमतों में नरमी भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक अवसर है**

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। एक ओर खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर थोक महंगाई में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। हाल के भू-राजनीतिक तनावों में कमी के बाद रुपया फिर मजबूती की ओर बढ़ा है, देश का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है और भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। यह तस्वीर आश्वस्त करने वाली है, पर इसके भीतर कुछ ऐसे संकेत भी छिपे हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। सबसे महत्वपूर्ण संकेत थोक और खुदरा महंगाई के बीच बढ़ता अंतर है। हाल में थोक महंगाई तेजी से बढ़ी है, जबकि खुदरा महंगाई अपेक्षाकृत नियंत्रित रही है। यह स्थिति लंबे समय तक नहीं रहती। उत्पादन लागत में होने वाली वृद्धि का बोझ अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचता ही है। इसलिए आज जो दबाव उद्योगों और उत्पादकों पर दिखाई दे रहा है, उसका असर आने वाले समय में आम उपभोक्ता की जेब पर भी पड़ सकता है।

थोक महंगाई मुख्यतः उन लागतों को दर्शाती है, जिनका सामना उत्पादकों को करना पड़ता है। जब ऊर्जा, परिवहन, आयातित कच्चे माल और विनिर्माण की लागत बढ़ती है, तब कंपनियां शुरुआत में अपने मुनाफे में कटौती करके कुछ बोझ स्वयं वहन करती हैं, पर यदि लागत का दबाव बना रहता है तो अंततः कीमतों में वृद्धि करनी पड़ती है। थोक महंगाई में हाल की तेजी को केवल एक अस्थायी घटना मानना उचित नहीं होगा। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण ऊर्जा लागत है। वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता का सीधा असर हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ईंधन और बिजली की ऊंची कीमतों ने उत्पादन लागत को बढ़ाया है। सकारात्मक पक्ष यह है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से वैश्विक तेल कीमतों में नरमी आई है। भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए यह राहत के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक अवसर भी है।

अक्सर कम तेल कीमतों को अतिरिक्त खर्च करने का अवसर समझ लिया जाता है, पर यह दृष्टिकोण दूरदर्शी नहीं होगा। बाजारों के उतार-चढ़ाव स्थायी नहीं होते। समझदारी इसी में है कि अनुकूल परिस्थितियों का उपयोग आर्थिक बुनियाद को मजबूत करने में किया जाए। सबसे पहले घटी तेल कीमतों से होने वाले लाभ का उपयोग बाहरी क्षेत्र की मजबूती के लिए किया जाना चाहिए। जब तेल आयात बिल घटता है तो चालू खाते का संतुलन बेहतर होता है। इस अवसर का उपयोग विदेशी मुद्रा भंडार को और मजबूत करने में किया जा सकता है। मजबूत भंडार केवल आर्थिक शक्ति का प्रतीक नहीं होते, बल्कि भविष्य के वैश्विक झटकों के खिलाफ सुरक्षा कवच भी प्रदान करते हैं।



पश्चिम एशिया में तनाव घटने से सुधरेगी ऊर्जा आपूर्ति। फाइल

दूसरा, यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का उपयुक्त समय है। पिछले एक दशक में भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रत्येक नई प्रगति भारत की आयातित ऊर्जा पर निर्भरता को कम करेगी। यह पर्यावरण संरक्षण संग आर्थिक सुरक्षा का भी प्रश्न है। तीसरा, कम ऊर्जा लागत भारत के निर्यात क्षेत्र के लिए भी अवसर लेकर आई है।

यह समय ऊर्जा आधारित विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के भी अनुकूल है। बेहतर अवसंरचना, विशाल घरेलू बाजार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएं और अपेक्षाकृत कम ऊर्जा लागत भारत को वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती हैं। यदि नीतिगत स्थिरता और सुधारों की गति बनी रहती है तो भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकता है। हालांकि इन अवसरों का पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब वित्तीय अनुशासन कायम रहे। तेल कीमतों में गिरावट के समय सरकारों पर अतिरिक्त खर्च बढ़ाने का दबाव बनता है, पर दीर्घकालिक आर्थिक हित इसी में हैं कि इस बचत का उपयोग पूंजीगत निवेश बढ़ाने, राजकोषीय घाटा कम करने और रणनीतिक भंडार निर्माण में किया जाए। हाल के वर्षों में भारत ने राजकोषीय विश्वसनीयता को अपनी एक बड़ी ताकत बनाया है।

हमारी आर्थिकी अभी भी मानसून जैसे कारकों के प्रति संवेदनशील है। यदि वर्षा कम हुई तो खाद्य महंगाई बढ़ सकती है। इसलिए खाद्यान्न भंडार और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाए रखना आवश्यक है। वास्तविक आर्थिक नेतृत्व की पहचान संकट के बाद प्रतिक्रिया देने में नहीं, बल्कि संकट आने से पहले तैयारी करने में होती है। तेल की कीमतें फिर बढ़ सकती हैं, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं फिर बाधित हो सकती हैं और पूंजी प्रवाह अधिक अस्थिर हो सकता है। महान राष्ट्र केवल संकटों का सामना करके नहीं, बल्कि अवसरों का सही उपयोग करके आगे बढ़ते हैं। आज भारत के सामने ऐसा ही एक अवसर है।

(लेखक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## योग का साहचर्य

योग की सार्थकता तभी है, जब वह किसी दिन विशेष या उत्सव-आयोजन का निमित्त मात्र बनकर ही न रह जाए। दैनिक अभ्यास से ही उसके लाभों की अनुभूति की जा सकती है। याद रहे कि योग ही स्वस्थ तन एवं मन का आधार है। घनिष्ठ संबंध होने से योग जीवन की वाह्य यात्रा भी है और अंतर्यात्रा भी। महर्षि पतंजलि ने योग का निरूपण करते हुए यम, नियम आदि जिन आठ अंगों का उल्लेख किया है, वे अभ्यास द्वारा मन को नियंत्रित कर आनंदस्वरूप परमात्मा से संबंध स्थापित करने में सहायक होते हैं। अतः योग अंतःकरण की चित्तवृत्तियों का निरोध कर परमात्मा से संबंध का आधार और आनंद प्राप्ति का साधन है। योग द्वारा अंतःकरण शुद्ध होने से मानव की समस्त क्रियाविधियां लोकमंगलकारिणी हो जाती हैं। इस पथ पर उसे अपूर्व शांति मिलती है। अन्यथा सांसारिक यात्रा में चंचल मन के रहते अनुचित इच्छाएं शरीर ही नहीं, मन को भी रुग्ण कर देती हैं, जिससे शरीर व्याधियों का भंडार बन जाता है।

विधि की अनुपम सृष्टि स्वयं पंचतत्वों के योग का प्रतिफलन है। इसलिए इसमें सर्वत्र योग के दर्शन होते हैं। सृष्टि के सौंदर्य के समान योग जीवन-सौंदर्य का हेतु है। मुख में तालु आदि अवयवों के योग से ध्वनियों का प्रस्फुटन, उनके योग से शब्द एवं वाक्यों का निर्माण योग का ही परिणाम है। जैसे शब्द-अर्थ का मंजुल संयोग मंगलकारी साहित्य का सृजन करता है, वैसे ही जीवन का सर्वविध मंगल भी योग के साहचर्य से संभव होता है। गीता में 'युक्ताहार विहारस्य' के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने सबके लिए योग साधना का सरल और सहज मार्ग प्रशस्त किया है। उचित आहार, विहार, स्वप्न, जागरण, चेष्टाएं एवं कर्म, न केवल स्वस्थ जीवनशैली, अपितु सभी दुखों की निवृत्ति के हेतु हैं।

डा. सत्यप्रकाश मिश्र

# पैदल चलने की आजादी का प्रश्न

देवेंद्रराज सुथार

**सड़क पर सबसे कम जगह उसी नागरिक को मिलती है जो सबसे कम संसाधनों वाला है**

इक्कीसवीं सदी के शहरी विकास ने मनुष्य को केंद्र से हटाकर वाहन को केंद्र में स्थापित कर दिया है। परिणामस्वरूप सड़कें चौड़ी हुईं, यातायात बढ़ा और वाहन स्वामित्व में वृद्धि हुई, लेकिन पैदल चलना लगातार कठिन, असुरक्षित और हतोत्साहित होता गया। जहां फुटपाथ हैं, वहां वे टूटे हुए हैं, अतिक्रमण से घिरे हैं या पार्किंग में बदल चुके हैं। जहां फुटपाथ नहीं हैं, वहां नागरिक को तेज रफ्तार वाहनों के साथ सड़क साझा करनी पड़ती है। यह स्थिति केवल यातायात प्रबंधन की समस्या नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक समानता का प्रश्न भी है। सड़क पर सबसे कम जगह उसी नागरिक को मिलती है, जो सबसे कम संसाधनों वाला है। निजी वाहन वाला व्यक्ति सड़क को गति के रूप में देखता है, जबकि पैदल चलने वाला नागरिक उसी सड़क को संघर्ष के रूप में अनुभव करता है। यह विभाजन आर्थिक और सामाजिक दोनों है। जिनके पास वाहन नहीं हैं, उनके लिए शहर अधिक लंबा, थकाऊ और असुरक्षित हो जाता है।

हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुरक्षित और स्पष्ट रूप से चिह्नित फुटपाथों पर चलने को मौलिक अधिकारों से जोड़ना इसी असंतुलन की ओर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संकेत है। यूरोप के अनेक शहरों, जापान, सिंगापुर और अन्य विकसित शहरी माडलों ने सड़क को केवल यातायात की धारा नहीं माना, बल्कि उसे सामाजिक जीवन का सार्वजनिक मंच बनाया। वहां फुटपाथ अतिरिक्त संरचना नहीं, बल्कि मूल अवसंरचना हैं। सड़क की योजना बनाते समय पहले पैदल यात्री, फिर साइकिल, फिर सार्वजनिक परिवहन और अंत में निजी वाहन पर विचार किया जाता है। इसके विपरीत, जहां वाहन-केंद्रित विकास को बिना संतुलन के अपनाया गया, वहां नए संकट पैदा हुए। अधिक वाहन आए, लेकिन दूरी कम नहीं हुई। गति बढ़ी, लेकिन सार्वजनिक जीवन कमजोर हुआ। बच्चों की स्वतंत्रता घटी, बुजुर्गों की गतिशीलता कम हुई, महिलाओं की सुरक्षा प्रभावित हुई और दिव्यांग नागरिकों के लिए शहर और कठिन हो गए। यह संयोग नहीं है कि आज विश्व स्तर पर 'वाकेबल सिटी' की अवधारणा फिर से केंद्र में लौट रही है।

भारत में पैदल चलने वालों की संख्या आज भी बहुत बड़ी है। रोज करोड़ों लोग बस स्टाप, स्थानीय बाजार और रोजगार तक पैदल जाते हैं। फिर भी योजनाओं में उनका स्थान सबसे पीछे है। नगर नियोजन की भाषा में वाहन की गति को प्राथमिकता मिलती है, परंतु नागरिक की गति को नहीं। फुटपाथ केवल सीमेंट की पट्टी नहीं है, बल्कि नागरिक अधिकार का भौतिक रूप है। आवश्यकता अदालत के निर्णय की प्रशंसा करने की नहीं, उसे नीति, बजट और प्रशासनिक प्राथमिकता में बदलने की है। शहरों को तय करना होगा कि वे इंजन की आवाज पर बनेंगे या मानवीय कदमों की लय पर।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### भरोसे के लिए जरूरी है जवाबदेही

पीयूष गोयल का आलेख 'जन विश्वास से सुगम होता जीवन' पढ़ा। आलेख में सरकार द्वारा नियमों को सरल बनाने, अनावश्यक कानूनों को समाप्त करने तथा व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख है। निःसंदेह, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण और नागरिकों पर अनावश्यक बोझ को कम करना एक सकारात्मक पहल है, किंतु लेख में प्रस्तुत विचारों का दूसरा पक्ष भी विचारणीय है। कानूनों और नियमों को सरल बनाने से जनविश्वास अवश्य बढ़ता है, परंतु जनविश्वास केवल नियमों में बदलाव से नहीं बनता, बल्कि यह नागरिकों के दैनिक अनुभवों से निर्मित होता है। यदि आम नागरिक को सरकारी कार्यालयों में बार-बार चक्कर लगाने पड़ें, शिकायतों का समय पर समाधान न मिले या उसे व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव महसूस हो, तो केवल कानूनी सुधारों के आधार पर विश्वास कायम नहीं किया जा सकता। यदि जनता को यह भरोसा हो कि उसकी बात सुनी जाएगी और उसकी समस्याओं का निष्पक्ष समाधान होगा, तभी शासन के प्रति विश्वास मजबूत होगा। विकास का वास्तविक अर्थ ही तभी है, जब उसके लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें और आम नागरिक अपने जीवन स्तर में सुधार महसूस करे। लेख में उल्लिखित उपलब्धियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं, किंतु किसी भी नीति की सफलता का अंतिम मापदंड जनता का अनुभव और संतुष्टि होती है। इसलिए आवश्यक है कि सुधारों का मूल्यांकन केवल सरकारी दावों या आंकड़ों के आधार पर न होकर, उनके वास्तविक सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया जाए। जनविश्वास अर्जित करना सतत प्रक्रिया है। इसके लिए केवल कानूनों को सरल बनाना ही नहीं, बल्कि पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील शासन व्यवस्था सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है।

ज्योति सिंह, ईमेल से

### जनविश्वास की वास्तविक कसौटी

पीयूष गोयल द्वारा लिखित आलेख 'जन विश्वास से सुगम होता जीवन' पढ़ते समय यह विचार उभरता है कि जनविश्वास केवल योजनाओं, घोषणाओं और उपलब्धियों से नहीं, बल्कि नागरिक के प्रतिदिन के अनुभवों से निर्मित होता है। जब किसी व्यक्ति को सरकारी कार्यालय, अस्पताल, विद्यालय, पुलिस थाना या नगर निगम में बिना भेदभाव और बिना अनावश्यक विलंब के सेवा प्राप्त होती है, तभी शासन के प्रति वास्तविक विश्वास विकसित होता है। यदि नागरिक को यह महसूस हो कि नियम सब पर समान रूप से लागू होते हैं, तभी विश्वास स्थायी बन सकता है। अनेक शहरों में नागरिकों की प्रमुख शिकायत यह है कि नीतियां अच्छी हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं दिखती। योजनाओं की सफलता का मूल्यांकन केवल व्यय या लाभार्थियों की संख्या से नहीं, बल्कि नागरिक संतुष्टि से भी होना चाहिए। समाधान के रूप में स्थानीय निकायों को अधिक अधिकार, सामाजिक अंकेक्षण, समयबद्ध शिकायत निवारण, सार्वजनिक सेवाओं की स्वतंत्र समीक्षा तथा प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता आवश्यक है।

सुमन गुप्ता, आजमगढ़ (उप्र)

### ट्रंप के विवादास्पद बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने विवादास्पद बयानों की वजह से आए दिन सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल उनके इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के खिलाफ गलत टिप्पणी ने बहस छेड़ दी है। किसी भी महिला के लिए सस्ती लोकप्रियता एवं खराब जैसे शब्दों का उपयोग न केवल उसके सम्मान को ठेस पहुंचाता है, बल्कि उसके चरित्र पर भी अंगुली उठाने जैसा है। प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सार्वजनिक रूप से कोई भी कथन देते समय आचार संहिता का पालन करना चाहिए। महिला के लिए गरिमापूर्ण बयान देने चाहिए। ऐसे विवादास्पद बयानबाजी कर अमेरिकी राष्ट्रपति न केवल एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं, बल्कि स्वयं की छवि भी विश्व पटल पर खराब कर रहे हैं।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए; नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**135.4** अरब डालर के साथ दुनिया का सबसे बड़ा विदेशी रेमिटेंस प्राप्तकर्ता देश है भारत आरबीआइ के अनुसार। इस कुल डालर आवक में अकेले खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों की हिस्सेदारी लगभग 38-39 प्रतिशत है।





राहुल लाल
आर्थिक मामलों के जानकार

अमेरिका-ईरान शांति समझौता

# होर्मुज संकट टलने के संकेत

**अमेरिका-ईरान शांति वार्ता केवल एक भू-राजनीतिक युद्धविराम नहीं है, बल्कि इस वर्ष की एक महत्वपूर्ण आर्थिक घटना भी है। इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था को संभावित मंदी के खतरे से राहत दिलाई है। ऊर्जा बाजारों का स्थिरीकरण, महंगाई में नरमी एवं केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति में ढील देने का अवसर मिलना इस वार्ता के प्रत्यक्ष सकारात्मक परिणाम हैं। यदि यह शांति वार्ता एक स्थायी समझौते में परिवर्तित होती है, तो भारत के आर्थिक विकास को नई दिशा मिल सकती है**



अमेरिका-ईरान युद्ध खत्म होने से विश्व ने ली राहत की सांस। प्रतीकात्मक

अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में रविवार को शुरू हुई उच्चस्तरीय शांति वार्ता के पहले दिन उत्साहजनक प्रगति हुई। दोनों देश 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमत हुए हैं। साथ ही लेबनान में सैन्य अभियानों को समाप्त करने के उद्देश्य से एक ''संघर्ष-निवारण प्रकोष्ठ'' बनाने पर भी सहमति बनी है। इससे होर्मुज का संकट टलता हुआ दिखाई दे रहा है। 28 फरवरी से प्रारंभ हुए इस संघर्ष में 7,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है तथा 300 अरब डालर से अधिक की परिसंपत्तियों का नुकसान हुआ है। होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से दुनिया ने आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा संकटों में से एक का सामना किया। इसके अवरुद्ध होने से प्रतिदिन लगभग 14 मिलियन बैरल तेल की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी, जिसके कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि हुई और अनेक देशों में ईंधन की कमी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। किंतु अब अमेरिका-ईरान शांति समझौते की घोषणा ने वैश्विक भूराजनीति और आर्थिकी को राहत प्रदान किया है। होर्मुज जलमार्ग को 'टोल-फ्री' खोलने तथा परमाणु वार्ता शुरू करने की सहमति ने वैश्विक बाजारों में नया उत्साह पैदा किया है।

**क्रूड आयल की कीमतों में गिरावट:** शांति समझौते की घोषणा के बाद कच्चे तेल का मूल्य लगभग 76 डालर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि इससे पहले यह 100 डालर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों का अनुमान है कि विभिन्न देशों द्वारा रणनीतिक तेल भंडारों को पुनः भरने की होड़ के कारण कच्चे तेल की कीमतें 75 से 80 डालर प्रति बैरल के बीच स्थिर रह सकती हैं। युद्ध के दौरान कतर के रास लफान गैस परिसर पर हुए ड्रोन हमलों के कारण वैश्विक एलएनजी आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित हो गया था। यूरोपीय थोक गैस कीमतों में अब लगभग नौ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे यूरोप में आगामी सर्दियों के दौरान ऊर्जा राशनिंग का खतरा काफी हद तक टल गया है। हालांकि एलएनजी की कीमतें अभी भी युद्ध-पूर्व स्तर की तुलना में अधिक हैं। वर्ष 2026 की पहली छमाही में केंद्रीय बैंकों, विशेषकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व और यूरोपीय सेंट्रल बैंक को यह आशंका थी कि ऊर्जा संकट के कारण ब्याज दरों में कटौती की प्रक्रिया रोकनी पड़ सकती है अथवा दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। अब ऊर्जा की कीमतों में आई गिरावट से वैश्विक खुदरा मुद्रास्फीति में कमी आने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना मजबूत हो गई है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली में तरलता बढ़ेगी। वैश्विक शेयर बाजार भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। युद्ध के दौरान खाड़ी क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों के लिए युद्ध-जोखिम प्रीमियम अत्यधिक बढ़ गया था। कुछ वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए भारी अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा था। अब समुद्री बीमा लागत में तत्काल कमी आने की संभावना है।

**होर्मुज स्ट्रेट का संकट:** व्हाइट हाउस के अधिकारियों के अनुसार, हालांकि राजनीतिक दृष्टि से होर्मुज जलमार्ग खुल चुका है, लेकिन परिचालन व्यवस्था को पूरी तरह सुचारू होने में समय लगेगा। इसे बहाल करने के लिए अभी भी काफी काम किया जाना है। फिलहाल वहां सामान्य नौवहन पूरी तरह सुरक्षित नहीं माना जा रहा है। होर्मुज में बिछाई गई समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की प्रक्रिया धीमी, श्रमसाध्य और मौसम पर निर्भर है। नौवहन सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, ईरान द्वारा बिछाई गई समुद्री बारूदी सुरंगों को पूरी तरह हटाने में लगभग छह से सात सप्ताह का समय लग सकता है। इसी कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला के पूर्ण रूप से पूर्व-संकट स्तर पर लौटने में अभी समय लगेगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि समुद्री परिवहन और ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था वर्ष 2027 तक ही पूरी तरह सामान्य स्थिति में लौट पाएगी।

**भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव:** भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का 80 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसलिए वैश्विक तेल बाजार में होने वाली हर हलचल भारत के राजकोषीय गणित को प्रभावित करती है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आयात करता है, जिसका अधिकांश परिवहन होर्मुज जलमार्ग के माध्यम से होता है। अब कच्चे तेल की कीमतों का 120 डालर प्रति बैरल से घटकर 76 डालर प्रति बैरल तक आ जाना भारत के आयात बिल को अरबों डालर तक कम करेगा। कच्चे तेल की कीमतों में प्रति 10 डालर की कमी से भारत का चालू खाता घाटा जीडीपी के लगभग 0.5 प्रतिशत तक घट जाता है। भारत सरकार ने केंद्रीय बजट में कच्चे तेल की औसत कीमत 80 से 85 डालर प्रति बैरल मानते हुए वित्तीय घाटे का लक्ष्य 4.5 प्रतिशत निर्धारित किया था। युद्ध के दौरान जब तेल की कीमतें 120 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई थीं, तब इस बजटीय गणित के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था, लेकिन अब तेल की कीमतें पुनः केंद्रीय बजट के अनुमानों से नीचे आ चुकी हैं। युद्ध के दौरान कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपया भी भारी दबाव में आ गया था। इस अवधि में डालर के मुकाबले रुपया लगभग 96.17 के स्तर तक पहुंच गया था। अब रुपया मजबूत होकर लगभग 94.40 प्रति डालर के स्तर पर पहुंच गया है। महंगे तेल के कारण भारतीय तेल विपणन कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के भुगतान के लिए बड़ी मात्रा में डालर खरीदने पड़ रहे थे। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों का अनुमान है कि यदि आगामी दिनों में शांति वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है और ईरान से भारत को पुनः सीधे सस्ते तेल के आयात की अनुमति मिल जाती है, तो रुपया धीरे-धीरे और मजबूत हो सकता है। यदि यह शांति वार्ता एक स्थायी समझौते में परिवर्तित होती है, तो यह आगामी दिनों में वैश्विक और भारतीय आर्थिक विकास को नई दिशा दे सकती है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी

आरबीआइ के अनुसार, भारत 135.4 अरब डालर के साथ दुनिया का सबसे बड़ा विदेशी रेमिटेंस प्राप्तकर्ता देश है। इस कुल डालर आवक में अकेले खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों की हिस्सेदारी लगभग 38-39 प्रतिशत है अर्थात 52 से 56 अरब डालर। ईरान-अमेरिका शांति वार्ता के परिणामस्वरूप यदि खाड़ी क्षेत्र में भू-राजनीतिक स्थिरता बहाल होती है, तो भारतीय रेमिटेंस में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। युद्ध की आशंका के कारण सऊदी अरब की विजन 2030 परियोजना तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कई बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की गति धीमी पड़ गई थी, लेकिन अब इनके पुनः रफ्तार पकड़ने की संभावना है। इससे खाड़ी देशों में कार्यरत 85 लाख से अधिक भारतीयों के रोजगार और अधिक सुरक्षित होंगे। साथ ही, निर्माण, आतिथ्य और विमानन क्षेत्रों में नए भारतीय कार्यबल की मांग 5 से 7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। खाड़ी क्षेत्र में स्थिरता आने से वित्त वर्ष 2026-27 तक जीसीसी देशों से भारत आने वाले रेमिटेंस में 7 से 8 प्रतिशत की प्रत्यक्ष वृद्धि हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत को प्राप्त होने वाले रेमिटेंस में 4 से 4.5 अरब डालर की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। ऐसी स्थिति में भारत का कुल वार्षिक रेमिटेंस बढ़कर 142 से 145 अरब डालर के स्तर तक पहुंच सकता है, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी।

महंगे तेल के कारण आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति पर ब्याज दरें बढ़ाने अथवा उन्हें ऊंचे स्तर पर बनाए रखने का भारी दबाव था, जिसके परिणामस्वरूप होम लोन और कार लोन अपेक्षाकृत महंगे बने हुए थे। अब ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति का खतरा कम होने के साथ आरबीआइ वर्ष की अंतिम तिमाहियों में नीतिगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों तक की कटौती कर सकता है। इससे कारपोरेट निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा मध्यम वर्ग के लिए ईएमआइ का बोझ भी कम होगा। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान खाड़ी देशों के साथ भारत का व्यापार गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। पश्चिम एशिया को होने वाले भारतीय निर्यात में लगभग 58 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। अब खाड़ी देशों के साथ व्यापारिक गतिविधियों में पुनः तेजी आने की संभावना है।

यद्यपि वर्तमान शांति वार्ता वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक संजीवनी के समान है, फिर भी कुछ जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह समझौता अभी प्रारंभिक स्तर पर है। यदि आगामी दिनों में परमाणु वार्ता के दौरान ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम या इजरायल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर गतिरोध उत्पन्न होता है, तो संघर्ष पुनः भड़क सकता है। लेबनान में हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच जारी तनाव भी इस समझौते को किसी भी समय पटरी से उतार सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में भी घरेलू चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। उदाहरण के लिए, चालू वित्त वर्ष में मानसून में संभावित कमी के कारण कृषि क्षेत्र पर दबाव बना रह सकता है। इसलिए तेल की कीमतों में आई राहत से प्राप्त लाभ का उपयोग सरकार को संरचनात्मक सुधारों में निवेश के लिए करना चाहिए। तेल की कीमतों में गिरावट से भारत को अनुमानित तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राजकोषीय बचत हो सकती है। इसका उपयोग विनिर्माण क्षेत्र, बुनियादी ढांचे तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में किया जाना चाहिए। -राहुल लाल

खरी-खरी

## दल बदल के रास्ते

सुरेश उपाध्याय

सभ्यता के विकास के साथ राजतंत्र का पतन हुआ और प्रजातंत्र की प्रणाली विकसित हुई। इसके कुछ दोषों के बावजूद इसे एक श्रेष्ठ प्रणाली माना जाता है। इसे संक्षेप में "जनता की, जनता के द्वारा और जनता के लिए" सरकार के रूप में परिभाषित किया जाता है।

इस प्रणाली ने नागरिकों को यह अहसास दिलाया है कि सरकार का निर्माण उन्होंने किया है और सभी मतदाताओं के वोट की कीमत समान है। जब मतदाताओं के वोट से सरकारें चुनी जाने लगीं, तो चुनाव पूर्व घोषणा पत्रों के माध्यम से जनता की सेवा का रोड मैप प्रस्तुत किया जाने लगा। हालांकि चुनाव घोषणा पत्र का महत्व केवल चुनाव तक सीमित रह गया है। अगले चुनाव में नया घोषणा पत्र प्रस्तुत किया जाता है, जबकि पुरानी घोषणाओं का कोई लेखाजोखा नहीं होता।

जब घोषणा पत्र में ठहराव आने लगा, तो "ओल्ड वाइन इन न्यू बोटल" की तर्ज पर नए शब्द जैसे वचन पत्र और प्रतिज्ञा पत्र ईजाद किए गए। चुनावी वादों और घोषणाओं में विशेषज्ञता की आवश्यकता को तकनीक ने कम कर दिया है। चुनावी प्रतियोगिता ने मतदाताओं को सीधे लाभ पहुंचाने के नए रास्ते खोजने के अभिनव प्रयोग किए हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं और कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता आवश्यक है।

सत्ता का होना संसाधनों का होना है और संसाधनों का होना सेवा का होना है। सेवा का अपना रिकार्ड है और इसे तोड़ने की चुनौती भी है। सत्ता प्राप्त करना आसान नहीं है। टिकट के लिए घमासान होता है। टिकट मिलने के बाद जनता का विश्वास अर्जित करने की चुनौती होती है। यदि किसी दल को बहुमत नहीं मिलता, तो बाड़ेबंदी और होर्स ट्रेडिंग जैसे शब्द सुनाई देते हैं। राजनीति में दल बदलने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। सिद्धांतों के नाम पर दल बदलना और घर वापसी करना सामान्य हो गया है। दलों का टूटना और जुड़ना अब न्यू नार्मल बन गया है। सेवा परम धर्म है, और इसके लिए सत्ता का होना आवश्यक है। सेवा के लिए कुछ भी करना धर्म है। तुलसीदासजी ने कहा है, "परहित सरस धरम नहीं भाई/पर पीड़ा सम नहीं अधमाई।"

## X पोस्ट

अपने सांसदों की बगावत से परेशान उद्धव ठाकरे ने कहा है कि उनसे गलती हुई कि उन्होंने गद्दारों को टिकट दिया, जो बाहरी थे, उन्हें टिकट दिया। जब वे गद्दार, बाहरी थे तो उन्होंने ऐसे लोगों को क्यों टिकट दिया?
अशोक श्रीवास्तव @AshokShrivasta6



ब्रिटेन में राजनीतिक उठापटक का आलम यह है कि पिछले 10 वर्षों में छह प्रधानमंत्री बन चुके हैं। प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दो साल पहले उनकी लेबर पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीती थी। सरकार की लोकप्रियता लगातार कम हो रही थी, जिसके चलते उनके खिलाफ बगावत हुई।
मिलिंद खांडेकर @milindkhandekar

ब्रिटेन में सत्ताधारी पार्टी को जब ये लगता है कि उसका प्रधानमंत्री अलोकप्रिय हो रहा है और अगला चुनाव नहीं जितवा पाएगा तो पार्टी उसे हटा देती है। जबकि भारत की वंशवादी पार्टियों में पार्टी को बार-बार हराने वाला भी नेता बना रहता है। दिलीप मंडल@Profdilipmandal



जयकृष्ण वाजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल

बंगाल डायरी

# 'डबल इंजन' रफ्तार से बदलती नियति

बंगाल के राजनीतिक और सामाजिक-सांस्कृतिक फलक पर आया हालिया बदलाव केवल एक साधारण सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पांच दशकों से चली आ रही वैचारिक और प्रशासनिक जड़ता से मुक्ति का युगांतकारी उद्घोष है। पिछले दो दिनों में हुगली जिले के तारकेश्वर की ऐतिहासिक भूमि से लेकर कोलकाता के रेड रोड और गार्डनरीच तक फैली प्रशासनिक और सामरिक हलचलें इस बात की जीवंत गवाह रहीं कि केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने का 'डबल इंजन' प्रभाव किस प्रकार राज्य की दिशा-दशा और नियति को बदल सकता है। लंबे समय तक दिल्ली और कोलकाता के बीच जारी रहने वाले राजनीतिक गतिरोध ने जिस राज्य को विकास की मुख्यधारा से काट दिया था, वह आज न केवल देश की आर्थिक और बुनियादी ढांचागत उन्नति का नया केंद्र बन रहा है, बल्कि भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा का अग्रदूत बनकर भी उभर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोलकाता के ऐतिहासिक गार्डनरीच स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह से भारतीय नौसेना के बेड़े में तीन अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोतों-आइएनएस दूनागिरि, आइएनएस अग्रय और आइएनएस संशोधक का शामिल होना रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती विनिर्माण क्षमता का स्वर्णिम अध्याय है। इन जहाजों के निर्माण में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग और 200 से अधिक सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की भागीदारी यह साबित करती है कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के भीतर बड़े पैमाने पर रोजगार और औद्योगिक प्रगति का एक जीवंत माध्यम बन चुकी है।



कोलकाता में नौसेना के बेड़े में शामिल हुए तीन युद्धपोतों में से एक आइएनएस दूनागिरि। इंटरनेट मीडिया

इस सामरिक सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ बंगाल की धरती से देश के आर्थिक और ग्रामीण परिदृश्य को बदलने की एक नई कहानी भी लिखी गई है। इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब देश के प्रधानमंत्री ने बंगाल की पावन भूमि से पूरे देश के 9.44 करोड़ किसानों के खातों में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 23वीं किस्त के तहत 18,880 करोड़ रुपये सीधे डिजिटल माध्यम से हस्तांतरित किए हैं। राजनीतिक द्वेष और तुष्टीकरण के कारण जो केंद्रीय योजनाएं अब तक बंगाल के किसानों तक नहीं पहुंच पाती थीं, उनका मार्ग अब काफी हद तक प्रशस्त हुआ है।

इस राजनीतिक संक्रांति काल में बंगाल के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए जो वित्तीय रोडमैप तैयार किया गया है, वह राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को लिखे गए विस्तृत पांच पन्नों के पत्र में राज्य के विकास के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता साफ झलकती है। जल जीवन मिशन और वर्षों से लंबित पड़ी बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को गति देने के लिए लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की राशि जारी किया जाना और रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए 15 हजार करोड़ रुपये के साथ-साथ 60 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त बजटीय प्रक्रिया को आगे बढ़ाना इस बात का सूचक है कि बंगाल अब विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहेगा। 'कटमनी' और भ्रष्टाचार के पुराने दौर की समाप्ति के बाद अब राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और ढांचागत परियोजनाओं को बिजली की रफ्तार से पूरा करने का संकल्प दिखाई दे रहा है, जो राज्य के आर्थिक परिदृश्य को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे संवेदनशील और दूरगामी पहलू बंगाल के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक अस्मिता के साथ हो रहा ऐतिहासिक न्याय है। दशकों तक राजनीतिक स्वार्थों के चलते जिस गौरवशाली अतीत को इतिहास के पन्नों में दबा दिया गया था, उसे अब केंद्रीय विमर्श में उसका वास्तविक और सम्मानजनक स्थान मिल रहा है। 20 जून को आधिकारिक तौर पर 'पश्चिम बंगाल दिवस' के रूप में मुख्य राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन हुगली के तारकेश्वर की उसी पावन भूमि से हुआ, जहां 1947 में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में बंगीय हिंदू महासभा का ऐतिहासिक सम्मेलन हुआ था। हालांकि इस पूरे परिदृश्य को एकतरफा उत्सव के रूप में देखना उचित नहीं होगा। चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बंगाल में औद्योगिक पुनरुद्धार, रोजगार सृजन और सामाजिक संतुलन बनाए रखने की कड़ी परीक्षा है। 'डबल इंजन' माडल तभी सफल होगा, जब यह केवल राजनीतिक नारे से आगे बढ़कर वास्तविक जमीनी बदलाव में तब्दील हो।

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम में यशस्वी जायसवाल को शामिल किया जाना चाहिए था?**



सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

**क्या उद्धव ठाकरे राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक होने के कगार पर हैं?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

## जनपथ

गांव-देस में प्यार से कहते उन्हें छिछोर,
महिलाओं के साथ भी रहते जो मुंहजोर।
रहते जो मुंहजोर करें हरकतें छिछोरी,
करते लोग इलाज उढ़ाकर उनको बोरी।
यदि ना थमी जुबान फंसेंगे बुरे केस में,
अपने ताऊ ट्रंप पिटेंगे गांव-देस में!!

-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन



प्रोफेसर अरविंदर अंसारी
पूर्व अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया

# ज्ञानमीमांसा और नारी

**एक ग्रामीण दलित महिला, एक आदिवासी युवती, एक मुस्लिम छात्रा और एक शहरी मध्यवर्गीय महिला के अनुभवों में व्यापक अंतर हो सकता है**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के बढ़ते उपयोग, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, डिजिटल शिक्षा के विस्तार, विश्वविद्यालय परिसरों में लैंगिक समानता पर चल रही बहसों तथा सामाजिक न्याय से जुड़े विमर्शों के बीच आज यह प्रश्न पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि ज्ञान का सृजन कैसे होता है और उसे वैधता कौन प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफार्मों पर फैलती सूचनाओं, एल्गोरिदमिक पक्षपात, लैंगिक असमानताओं और हाशिए के समुदायों की आवाजों की उपेक्षा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ज्ञान कभी भी पूरी तरह तटस्थ नहीं होता। ऐसे समय में नारीवादी ज्ञानमीमांसा और नारीवादी पद्धति केवल एक अकादमिक विमर्श नहीं रह जाती, बल्कि वे समकालीन समाज को समझने का एक महत्वपूर्ण बौद्धिक उपकरण बन जाती हैं। यह दृष्टिकोण हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि जिन तथ्यों, आंकड़ों और निष्कर्षों को हम निष्पक्ष मानते हैं, वे वास्तव में किन सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संदर्भों से प्रभावित हैं। ज्ञान के निर्माण की प्रक्रिया को समझे बिना सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और समानता की चर्चा अधूरी रह जाती है।

नारीवादी ज्ञानमीमांसा का केंद्रीय तर्क यह है कि ज्ञान और सत्ता के बीच गहरा संबंध होता है। लंबे समय तक शिक्षा और शोध की मुख्यधारा में यह माना जाता रहा कि ज्ञान वस्तुनिष्ठ, सार्वभौमिक और तटस्थ होता है। किंतु नारीवादी चिंतकों ने इस धारणा को चुनौती देते हुए कहा कि ज्ञान का निर्माण हमेशा किसी विशेष सामाजिक संदर्भ में होता है। समाज में जो समूह सत्ता, संसाधनों और संस्थानों पर नियंत्रण रखते हैं, उनके अनुभव और दृष्टिकोण अक्सर ''सामान्य'' या ''सार्वभौमिक'' ज्ञान के रूप में स्थापित हो जाते हैं, जबकि अन्य समूहों के अनुभवों को हाशिए पर डाल दिया जाता है। यही कारण है कि नारीवादी चिंतन केवल महिलाओं को पाठ्यक्रम या शोध में शामिल करने की मांग नहीं करता, बल्कि वह ज्ञान-निर्माण की पूरी प्रक्रिया पर प्रश्न उठाता है। वह पूछता है कि किसका ज्ञान मान्य है, किसकी आवाज सुनी जाती है, कौन इतिहास लिखता है और किन अनुभवों को महत्व दिया जाता है। ये प्रश्न केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि गहरे राजनीतिक और सामाजिक महत्व के हैं।

भारत जैसे बहुलतावादी समाज में नारीवादी ज्ञानमीमांसा की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। यहां सामाजिक असमानता केवल लिंग तक सीमित नहीं है। जाति, वर्ग, धर्म, भाषा, क्षेत्र और समुदाय भी व्यक्ति के अनुभवों को गहराई से प्रभावित करते हैं। एक ग्रामीण दलित महिला, एक आदिवासी युवती, एक मुस्लिम छात्रा और एक शहरी मध्यवर्गीय महिला के अनुभवों में व्यापक अंतर हो सकता है। इसलिए महिलाओं को एक समान श्रेणी के रूप में देखना सामाजिक यथार्थ की जटिलताओं को अनदेखा करना होगा।

आज जब सामाजिक विज्ञान में ''एविडेंस-बेस्ड पालिसी'' और ''डाटा-ड्रिवेन गवर्नेंस'' पर जोर दिया जा रहा है, तब यह प्रश्न और महत्वपूर्ण हो जाता है कि डाटा कौन एकत्र कर रहा है, उसका विश्लेषण कौन कर रहा है और उसके आधार पर लिए गए निर्णयों से किसे लाभ या हानि पहुंच रही है। नारीवादी पद्धति इन प्रश्नों को केंद्र में लाती है और शोध को अधिक लोकतांत्रिक तथा उत्तरदायी बनाने का प्रयास करती है। डिजिटल युग में यह विमर्श और भी प्रासंगिक हो गया है। आज एआइ, बिग डाटा, मशीन लर्निंग और एल्गोरिदम ज्ञान के निर्माण और प्रसार में केंद्रीय भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन अनेक अध्ययनों ने यह दिखाया है कि यदि डाटा में सामाजिक पूर्वाग्रह मौजूद हों, तो तकनीकी प्रणालियां भी उन्हीं पूर्वाग्रहों को पुनः उत्पन्न कर सकती हैं। भर्ती प्रक्रियाओं, चेहरे की पहचान करने वाली तकनीकों, ऋण वितरण प्रणालियों और डिजिटल निगरानी के कई उदाहरण बताते हैं कि तकनीक स्वयं तटस्थ नहीं होती। ऐसी स्थिति में नारीवादी दृष्टिकोण तकनीक के लोकतंत्रीकरण और जवाबदेही की मांग करता है। यह पूछता है कि तकनीक का निर्माण कौन कर रहा है, किसके अनुभव उसमें शामिल हैं और किन समुदायों को उससे बाहर रखा जा रहा है। इस प्रकार नारीवादी ज्ञानमीमांसा आधुनिक डिजिटल समाज की चुनौतियों को समझने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन जाती है।

आज जब दुनिया बढ़ती आर्थिक विषमताओं, पहचान की राजनीति, तकनीकी बदलावों और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, तब नारीवादी ज्ञानमीमांसा हमें ज्ञान, सत्ता और न्याय के संबंधों पर पुनर्विचार करने की प्रेरणा देती है। यह हमें सिखाती है कि समावेशी समाज का निर्माण तभी संभव है जब विविध अनुभवों और आवाजों को ज्ञान-निर्माण की प्रक्रिया में उचित स्थान दिया जाए।


समावेशी समाज के निर्माण के लिए ज्ञान सृजन की प्रक्रिया में महिलाओं को मिले स्थान। फाइल

# Get Exclusive Access to My Private Channel

✅ One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

♦ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦ **International Newspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**

National & International [Genaral & Exam related]

♦ **English & Hindi Editorials**

[National + International Editorials]

**Click here to join**

कल्पमेधा

*महान सौंदर्य, अत्यधिक ताकत और बहुत ज्यादा धन का वास्तव में कुछ खास उपयोग नहीं है, एक सच्चा हृदय सबसे ऊपर है।*
*– बेंजामिन फ्रैंकलिन*

## लापरवाही की आग

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार को एक व्यावसायिक इमारत में आग लग जाने से विद्यार्थियों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत की घटना ने एक बार फिर भवनों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देश भर में आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं, लेकिन न तो शासन-प्रशासन और न ही भवन मालिकों की ओर से व्यवस्था को सुधारने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने को लेकर कोई गंभीरता नजर आती है। हालांकि, कोई हादसा किसी मामूली कोताही का नतीजा हो सकता है, लेकिन उससे सबक लेकर अगर भविष्य में सावधानी बरतने और बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं किए जाते हैं, तो यह आपराधिक लापरवाही को दर्शाता है। सवाल है कि हादसे के तत्काल बाद सरकार की ओर से जो गंभीरता दिखाई जाती है, वह व्यावसायिक इमारतों में सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने के मामले में नजर क्यों नहीं आती है? जांच का दायरा और उसके नतीजों का प्रभाव सिर्फ संबंधित हादसे तक ही सीमित क्यों रह जाता है?

खबरों के मुताबिक, जिस व्यावसायिक इमारत में आग लगी, वहां विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर और कैफे संचालित किए जाते थे। यह रिहायशी इलाका है, जहां ज्यादातर आर्थिक रूप से संपन्न लोग रहते हैं। आग इतनी तेजी से फैली कि इमारत से बाहर निकालने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया और कुछ लोग अंदर ही फंसे रह गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दमकल कर्मियों को दीवार में छेद कर दूसरी इमारत की छत के रास्ते मृतकों के शवों और घायलों को बाहर निकालना पड़ा। ऐसे में सवाल है कि जब इस इमारत में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं, क्या वहां आपात स्थिति में सुरक्षा के माकूल बंदोबस्त नहीं किए गए थे? लोगों के बाहर निकलने के लिए क्या वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था मौजूद नहीं थी। जाहिर है कि इन सभी सवालों के जवाब गहन जांच के बाद ही सामने आएंगे, लेकिन यह देखना होगा कि क्या इस हादसे के सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा या नहीं।

गौरतलब है कि हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में आग की ऐसी ही एक घटना में इक्कीस लोगों की जान चली गई थी। पिछले वर्ष जुलाई में दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के तहखाने में जलभराव के कारण तीन युवाओं की मौत हो गई थी। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि देश भर में व्यावसायिक इमारतों में सुरक्षा मानकों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले दिनों आग की कई घटनाओं में जांच के बाद यह बात सामने आई है कि संबंधित भवन मालिकों के पास अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र ही नहीं था। इससे यही साबित होता है कि ऐसे हादसों के लिए न केवल भवन मालिक, बल्कि सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारी भी जिम्मेदार हैं। जिन व्यावसायिक इमारतों में हर समय खासी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं, वहां आग लगने या अन्य किसी आपात स्थिति में बचने के लिए सुरक्षा इंतजामों की जांच और निगरानी करने की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की नहीं, तो और किसकी है। जरूरत इस बात की है कि नियमों की अनदेखी करने या उन्हें ताक पर रख कर गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी जावबदेही तय की जाए।

## अपराध के पांव

देश में मामूली कहासुनी और छोटी-छोटी बातों पर हिंसा की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। कई बार विवाद इतना बढ़ जाता है कि हत्या की वारदात को अंजाम देने से भी गुरेज नहीं किया जाता। हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर एक यात्री की ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। हैरत इस बात की है कि वहां मौजूद अन्य लोग बीच-बचाव करने के बजाय मूक दर्शक बने रहे। न केवल लोगों में पनप रही आपराधिक मानसिकता, बल्कि समाज में मौन रहकर अपराध को होते हुए देखने की बढ़ती प्रवृत्ति भी गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना से सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर रेलवे स्टेशन पर ही सरेआम किसी की हत्या कर दी जाती है, तो सड़कों पर सुरक्षा की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। सरकार और रेलवे प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

गौरतलब है कि शाहदरा रेलवे स्टेशन पर बीते शनिवार को एक यात्री का कुछ लोगों से उस वक्त विवाद हो गया, जब वह ट्रेन में चढ़ रहा था। कहा-सुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने उस व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसे संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा कि रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ होने के बावजूद कोई भी उस व्यक्ति की मदद के लिए आगे नहीं आया और आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो गए। इस घटना के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस वारदात के दौरान स्टेशन पर क्या कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था, यह भी जांच का विषय है। इसमें दोराय नहीं कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की खासी भीड़ होती है और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वहां सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं। मगर सवाल है कि शाहदरा स्टेशन पर हत्या की वारदात के दौरान अगर वहां कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अगर सुरक्षा प्रबंधों में ही लापरवाही बरती जाएगी, तो अपराध पर अंकुश कैसे लग पाएगा।

# अल-नीनो से उभरी चुनौतियां



**पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म होने को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अब अल-नीनो ने चिंता बढ़ा दी है। इससे कृषि क्षेत्र के साथ-साथ पेयजल का संकट पैदा हो सकता है।**

**ऋतुपर्ण दवे**

पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म होने पर अभी अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। इससे कई देशों की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट गहराने लगा है। भारत में भी इसका असर साफ दिख रहा है। तेल की बढ़ती कीमतों ने जहां पहले ही चिंता बढ़ा रखी है, वहीं अब एक नई प्राकृतिक आपदा मुंह बाए खड़ी है। यह है अल-नीनो, जिसने प्रशांत महासागर में दस्तक दे दी है। इसका असर देश भर में मानसून पर पड़ना तय माना जा रहा है। इतना ही नहीं अल-नीनो का प्रभाव मानसून के बाद भी जारी रहने की आशंका ने चिंता बढ़ा दी है। इसके सितंबर तक बने रहने की स्थिति ने कृषि क्षेत्र और पेयजल की उपलब्धता पर गंभीर संकट के संकेत दे दिए हैं। अमेरिकी मौसम एजंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' के अनुसार, यह जून से जुलाई के दौरान दस्तक देने वाला है। इस बार प्रशांत महासागर का तापमान मई में ही सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो गया। भू-मध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज होना बताता है कि आगे यह स्थिति और बिगड़ सकती है।

भारतीय मौसम विभाग भी मानता है कि अल-नीनो का सीधा असर मानसून में होने वाली बारिश पर पड़ेगा यानी बारिश कम होगी। जाहिर है कि देश में सूखे की संभावना बढ़ेगी। सामान्य हालात में प्रशांत महासागर क्षेत्र में चलने वाली तेज हवाएं गर्म पानी को एशिया और आस्ट्रेलिया की तरफ धकेलती हैं, जिससे भारत में अच्छी वर्षा होती है। मगर जब अल-नीनो का प्रभाव रहता है, तो ये हवाएं कमजोर हो जाती हैं, जिससे मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में पेरू के तट के पास का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इससे वैश्विक बारिश चक्र में भारी उथल-पुथल होती है। समुद्र की इस गर्मी को वायुमंडल में फैलने में थोड़ा समय लगता है जिसका प्रभाव दूसरे वर्ष के तापमान में वृद्धि के रूप में सामने आता है।

अल-नीनो एक प्राकृतिक और मौसमी जलवायु चक्र है। इससे मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है। अमूमन यह घटना हर दो साल में घटित होती है और इसका असर दुनिया भर के मौसम, तापमान और बारिश पर पड़ता है। भारत में कम वर्षा होने से सूखे जैसे हालात फिर बन सकते हैं। इस बार इसे सुपर अल-नीनो कहा जा रहा है। इसका असर इस साल के आखिर तक रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जुलाई, अगस्त और सितंबर के प्रारंभ में भले ही इसका प्रभाव कम दिखे, लेकिन सितंबर जाते-जाते इसके ज्यादा शक्तिशाली होने की संभावना है। अल-नीनो शब्द स्पेनी भाषा का है। दक्षिण अमेरिकी मछुआरों का ध्यान सबसे पहले 1600 के दशक में, पेरू में उस घटना पर गया, जिसमें उन्होंने पाया कि प्रशांत महासागर में जल का तापमान आम तौर पर दिसंबर के आसपास कई बार बढ़ जाता है, जो कि क्रिसमस का समय होता है। इसी कारण इसे 'अल नीनो डी नविदाद' नाम दिया गया। इसे बाद में 'अल-नीनो' कहा जाने



लगा। इसी तरह एक घटना ला-नीनो भी होती है, जो इसके उलट होती है। ये अल-नीनो चक्र की विपरीत अवस्था होती हैं। ला-नीनो की शीत अवस्था होती है, यह पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के असामान्य शीतलन को दर्शाता है। फिलहाल भारत में अल-नीनो को

> **अल-नीनो एक प्राकृतिक और मौसमी जलवायु चक्र है। इससे मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है। अमूमन यह घटना हर दो साल में घटित होती है और इसका असर दुनिया भर के मौसम, तापमान और बारिश पर पड़ता है। भारत में कम वर्षा होने से सूखे जैसे हालात फिर बन सकते हैं। इस बार इसे 'सुपर अल-नीनो' कहा जा रहा है। इसका असर इस साल के आखिर तक रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जुलाई, अगस्त और सितंबर के प्रारंभ में भले ही इसका प्रभाव कम रहे, लेकिन सितंबर जाते-जाते इसके ज्यादा शक्तिशाली होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।**

लेकर चिंता बढ़ रही है। इसने पूरे यूरोप को बुरी तरह से प्रभावित किया और अब भारत पर इसका व्यापक असर पड़ने की संभावना है। इससे पैदा होने वाली खतरनाक स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे निपटने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। भारतीय उपमहाद्वीप में ज्यादातर आबादी अब भी खेती-किसानी पर निर्भर है, जो मानसून के लिए टकटकी लगाए रहती है। भले ही सिंचाई के कितने साधन हो गए हों, लेकिन वर्षा जल और मानसून का अपना महत्त्व है। भारतीय मौसम विभाग वर्ष 2026 में अल-नीनो की वजह से मानसून के कमजोर रहने की आशंका पहले ही जता चुका है। आर्थिक जगत में भी विशेषज्ञ यह मानते हैं कि इससे ग्रामीण अंचलों में सूखे जैसी स्थिति बन सकती है। यदि इस बार भी ऐसा हुआ, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था को तो प्रभावित करेगा ही, साथ ही किसानों के लिए भी मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

निश्चित रूप से वर्षा कम होने से धान, दाल, मक्का और मूंगफली जैसी खरीफ फसलों की जहां बुआई प्रभावित होगी, वहीं उपज पर भी असर पड़ेगा। हाल में आई मौसम संबंधी रपट ने चिंता और बढ़ा दी है, क्योंकि जून से अगस्त के बीच अल-नीनो की घटना अस्सी फीसद होने की संभावना है। जबकि कम से कम नवंबर तक इसके बने रहने की संभावना नब्बे फीसद से भी ज्यादा है। थोड़ी राहत की बात यह है कि भारत में जलाशयों का जलस्तर सामान्य भंडारण के आसपास है और देश भर में सब्जियों की आवक के आंकड़े भी संतोषजनक हैं। मगर यह मौजूदा स्थिति है, भविष्य में ऐसी स्थिति बनी रहगी या नहीं, इस बारे में अभी से कुछ कह पाना मुश्किल है। निश्चित रूप से खाने-पीने की चीजों और ईंधन की कीमतों में अचानक और बार-बार बदलावों से महंगाई बढ़ेगी और इसका असर आम आदमी पर ही पड़ेगा।

सरकार को अल-नीनो जैसी प्राकृतिक घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक एवं स्थायी रणनीति बननी चाहिए। इसके लिए वर्षा जल संग्रह को न केवल प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए, बल्कि इसे अनिवार्य भी किया जाना चाहिए। यदि घर-घर वर्षा जल संचय यानी बारिश के पानी को बर्बाद होने से बचाने और उसे भविष्य के उपयोग के लिए जमा किया जाने लगे, तो काफी हद तक पानी की समस्या से निपटा जा सकता है। जब हमारे अपने कुएं, तालाब, पोखर और ट्यूबवेल भरे होंगे, तो कुछ वर्षों के अंतर से आने वाले अल-नीनो के असर से आसानी से निपटा जा सकता है। केवल सरकार पर निर्भर रहने से कुछ ज्यादा हासिल होने वाला नहीं, समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

देश में गर्मी के दस्तक देते ही विभिन्न राज्यों में पानी की किल्लत की तस्वीरें सामने आने लगती है। हर साल तो अल-नीनो आता नहीं, लेकिन भूजल संकट जरूर रहता है। ऐसे में सरकार को इस बाबत कानून बना कर घर-घर वर्षा जल संचय को अनिवार्य किए जाने जैसे कदम उठाने होंगे। बारिश कम होने से फसलों की बुआई और पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। इससे धान, दाल, सोयाबीन, कपास और अन्य खरीफ की फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकती हैं। वैसे भी बारिश की कमी से खेतों में नमी कम हो जाती है और इससे फसलें सही तरीके से विकसित नहीं हो पाती हैं। यह किसानों पर भी भारी पड़ता है, उन्हें सूखे के जोखिम के बावजूद सिंचाई के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ता है, जो उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त भार डालता है।

## शब्दों की मर्यादा

**समराज चौहान**

आज के समय में मनुष्य के पास सुविधाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक हैं, इसके बावजूद समाज में मानसिक अशांति, कटुता और रिश्तों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि लोग अपने शब्दों की मर्यादा भूलते जा रहे हैं। बातचीत, जो कभी प्रेम, सहयोग और आत्मीयता का माध्यम हुआ करती थी, आज दूसरों की आलोचना, उपहास और निंदा का साधन बनती जा रही है। किसी व्यक्ति की असफलता, गलती या निजी जीवन पर टिप्पणी करना अब लोगों के लिए सामान्य बात बन चुकी है। यही नहीं, कई बार किसी व्यक्ति की सफलता की सराहना करने के बजाय उसमें खामियां निकालने की कोशिश की जाती है। धीरे-धीरे यह प्रवृत्ति लोगों के व्यक्तित्व का हिस्सा बनती जा रही है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका जीवन समाज के बीच ही विकसित होता है। वह अपने विचारों और व्यवहार से ही लोगों के बीच सम्मान प्राप्त करता है। मगर जब उसकी वाणी में कटुता और दूसरों को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति आ जाती है, तब उसका प्रभाव केवल सामने वाले व्यक्ति पर ही नहीं, बल्कि उसके अपने व्यक्तित्व पर भी पड़ता है। जो व्यक्ति हर समय दूसरों की कमियां खोजने में लगा रहता है, वह अनजाने में अपने भीतर की असुरक्षा और नकारात्मक सोच को प्रकट कर देता है। कुछ समय के लिए उसे यह लग सकता है कि वह दूसरों से बेहतर है, मगर धीरे-धीरे लोग उसके स्वभाव को समझने लगते हैं और उससे दूरी बनाने लगते हैं।

### दुनिया मेरे आगे

> **निंदा का स्वभाव उस दीमक की तरह होता है, जो भीतर ही भीतर मजबूत लकड़ी को खोखला करती रहती है। उसी प्रकार दूसरों की बुराई करने की आदत भी मनुष्य के चरित्र को अंदर से लगातार कमजोर करती रहती है। महानता किसी को छोटा दिखाने में नहीं, बल्कि स्वयं को ऊंचा उठाने में होती है।**

निंदा का स्वभाव बिल्कुल उस दीमक की तरह होता है, जो बाहर से दिखाई नहीं देता, लेकिन भीतर ही भीतर मजबूत लकड़ी को खोखला करता रहता है। उसी प्रकार दूसरों की बुराई करने की आदत भी मनुष्य के चरित्र को अंदर से लगातार कमजोर करती रहती है। जो व्यक्ति दूसरों की गलतियों की चर्चा करता है, वह अक्सर यह भूल जाता है कि सुनने वाला व्यक्ति केवल उन बातों को नहीं सुन रहा होता, बल्कि उसके व्यक्तित्व का भी आकलन कर रहा होता है। लोग सामने से उसकी बातों में रुचि दिखा सकते हैं, लेकिन उनके मन में उसके प्रति सम्मान कम होने लगता है।

समाज यह अच्छी तरह समझता है कि जो व्यक्ति आज किसी की बुराई कर रहा है, वह कल किसी और के बारे में भी वैसा ही बोल सकता है। दूसरों की बुराई करना एक ऐसा अवगुण है, जो निंदक के मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करता है। यह न केवल आपसी विश्वास को नष्ट करता है, बल्कि व्यक्ति के अपने व्यक्तित्व को भी कमजोर बनाता है। निंदा करने से मन में ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मकता बढ़ती है। इससे मानसिक शांति भंग होती है और बेवजह का तनाव उत्पन्न होता है। हमारे शब्द केवल ध्वनि नहीं होते, वे हमारे संस्कार, विचार और व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करते हैं। यदि हमारी वाणी में ईर्ष्या, कटुता, नफरत और नकारात्मकता होगी, तो उसका प्रभाव हमारे आसपास के वातावरण पर भी दिखाई देगा। इसके विपरीत यदि हमारी भाषा में विनम्रता, सम्मान और मधुरता होगी, तो वह लोगों के बीच प्रेम और विश्वास को बढ़ाएगी।

मधुर वाणी मनुष्य को वह सम्मान दिलाती है, जिसे धन या बाहरी दिखावे से प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसलिए समझदार व्यक्ति वही माना जाता है, जो अपने शब्दों का उपयोग लोगों को जोड़ने के लिए करे, तोड़ने के लिए नहीं। आज के डिजिटल युग में यह समस्या और अधिक गंभीर होती जा रही है। सोशल मीडिया और आनलाइन मंचों ने लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तो दी है, लेकिन कई लोग इसका उपयोग बिना सोच-विचार के दूसरों पर टिप्पणी करने में कर रहे हैं। किसी व्यक्ति की छोटी-सी गलती को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करना, बिना सत्य जाने किसी के बारे में अफवाह फैलाना और किसी की छवि को नुकसान पहुंचाना अब सामान्य बात बनती जा रही है। यह केवल एक व्यक्ति को प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे सामाजिक वातावरण को दूषित करता है। इससे लोगों के बीच विश्वास कम होता है और रिश्तों में दूरी बढ़ती है।

वास्तव में मनुष्य को अपना समय और ऊर्जा दूसरों की आलोचना में नहीं, बल्कि स्वयं को बेहतर बनाने में इस्तेमाल करने चाहिए। यदि हम दूसरों की कमियां खोजने के बजाय अपने व्यवहार, विचार और कर्मों को सुधारने का प्रयास करें, तो हमारा जीवन अधिक शांत और सार्थक बन सकता है। महानता किसी को छोटा दिखाने में नहीं, बल्कि स्वयं को ऊंचा उठाने में होती है। एक परिपक्व और विवेकशील व्यक्ति वही होता है, जो दूसरों की गलतियों के बजाय उनके गुणों को देखने का प्रयास करे।

निंदा रिश्तों को कमजोर करती है, विश्वास को तोड़ती है और मन में कटुता पैदा करती है। इसके विपरीत सकारात्मक सोच, विनम्र व्यवहार और मधुर वाणी समाज में प्रेम और सौहार्द को बढ़ाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर स्वयं से यह प्रश्न अवश्य करना चाहिए कि उसके शब्द लोगों को जोड़ रहे हैं या उन्हें दूर कर रहे हैं। क्योंकि शब्दों की मर्यादा ही मनुष्य के व्यक्तित्व की वास्तविक पहचान होती है। यदि हम जीवन में सच्चा सम्मान, आत्मिक शांति और स्थायी संबंध प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें अपनी वाणी को संयमित करना और निंदा से दूर रहना सीखना होगा।




### सत्ता की होड़

भारतीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों ने लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने राज्यों की स्थानीय समस्याओं, क्षेत्रीय आकांक्षाओं और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय राजनीति में स्थान दिलाया। मगर वर्तमान समय में अनेक क्षेत्रीय दल गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण अवसरवादी राजनीति, विचारधारा का अभाव, परिवारवाद और सत्ता की अंधी दौड़ है। हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के भीतर अस्थिरता तथा शिवसेना (उबाठा) के सांसदों के शिंदे गुट में जाने की तैयारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्रीय दलों की जड़ें कमजोर हो रही हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना का विभाजन केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि उस विचारधारा के विचलन का परिणाम है, जिसने पार्टी को उसके मूल आधार से दूर कर दिया। सत्ता पाने के लिए वैचारिक विरोधियों से गठबंधन करने के कारण शिवसेना का पारंपरिक जनाधार कमजोर हुआ और पार्टी लगातार टूट का सामना कर रही है। क्षेत्रीय दलों की एक बड़ी समस्या उनका अलोकतांत्रिक ढांचा भी है। अधिकांश दल किसी एक परिवार या सीमित समूह के नियंत्रण में संचालित होते हैं।

*– विभूति बुपक्या, दिल्ली*

### सेहत से खिलवाड़

देश भर में खाने-पीने की चीजों में मिलावट हो रही है। यह सिर्फ चिंता जताने का विषय नहीं, बल्कि इस पर सख्ती से कदम उठाने का मसला है। यह जरूरी भी है। ज्यादा पैसे कमाने के लालच में कुछ कारोबारी नकली दवाइयां बनाने से भी बाज नहीं आते। ऐसे लोग कारोबार पर धब्बा लगाते हैं। कई राज्यों में मसालों से लेकर दूध-घी और पनीर तक में धड़ल्ले से मिलावट हो रही है। लोगों की सेहत से खिलवाड़ होते देख कर भी सख्ती नहीं बरती जा रही है। हालांकि, महाराष्ट्र में अन्न एवं औषधि विभाग के अधिकारी खाने-पीने की चीजों में मिलावट करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए हैं। विशेषकर दूध, घी और पनीर बनाने एवं बेचने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। कई दुग्ध उत्पादक संगठनों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। अगर हर राज्य में ऐसी कार्रवाई अमल में लाई जाए, तो मिलावट के धंधे पर रोक लगाई जा सकती है।

*– अशोक वाधवाणी, कोल्हापुर*

### पंचायतों की शक्ति

महात्मा गांधी का मानना था कि असली भारत गांवों में बसता है। उनका यह कथन स्थानीयता की विविधता को दर्शाता है, क्योंकि शहरों में वह विविधता दिखाई नहीं पड़ती। शहरों का विचार आर्थिक व्यवस्था को अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व देता है। जबकि गांव की अवधारणा में विविधता के विभिन्न पहलू शामिल होते हैं। गांवों के महत्त्व को ध्यान में रख कर ही नीति-निर्देशक सिद्धांत के अनुच्छेद 40 में पंचायतों के गठन की व्यवस्था की गई। इसको वर्ष 1993 में कानूनी जामा पहनाया गया। मगर अभी भी पंचायतों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। पंचायतों की संख्या लाखों में हैं और इनके माध्यम से अनेक मसलों को सुलझाया जा सकता है। उदाहरण के लिए पर्यावरण सुरक्षा की बात की जाए, तो कई पौधों की प्रजातियों को बचाने की जरूरत है। ऐसे में यदि पंचायतें मिलकर वनस्पति की रक्षा की जिम्मेदारी उठाएं, तो सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे।

*– मोहम्मद अफजल, बुलंदशहर*

### योग का महत्त्व

भारत में प्राचीन काल से ही योग का अस्तित्व था। आज शारीरिक और मानसिक रोगों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। इंसान इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपने शरीर की तरफ जरा भी ध्यान नहीं देता। अगर लोग योग को अपना लें, तो वे स्वस्थ रह सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से योग के महत्त्व को लोगों ने समझा है और इसे अपनाया भी है। कई देशों में योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगर हमारे बचपन में खानपान बेहतर होगा और उचित जीवनशैली होगी, तो बीमारियां नहीं होंगी। इसके साथ अगर हम योग को अपनाएंगे, तो यह हमारे लिए बहुत लाभदायक होगा। आज बुढ़ापे तक पहुंचते-पहुंचते बहुत से लोग घुटनों के दर्द और दूसरी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। योग तभी निरोग बनाएगा, जब उसके साथ-साथ खानपान और जीवनशैली में भी सुधार किया जाएगा।

*– राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

**प्रेरणा**
आशा एक जादू है, यह आपके सपनों को हकीकत में बदलने का चश्मा पहनाती है। - विलियम शेक्सपीयर

**संपादकीय**

## तथ्यों को सार्वजनिक करने से नहीं बचा जाना चाहिए

वर्ष 2018 में सरकार ने एनीमिया-मुक्त भारत कार्यक्रम शुरू किया था। 2021 में जारी एनएफएचएस-5 (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण) में पता चला कि देश के पांच साल से कम के बच्चों में एनीमिया (खून की कमी) का प्रतिशत पिछले चार सालों में लगभग आठ अंक बढ़ कर 67.1 हो गया है। नीति आयोग का मानना है कि एनीमिया से बच्चों को आजीवन संज्ञानात्मक क्षति होती है और देश को 4-5% जीडीपी का नुकसान होता है। लेकिन विगत 29 मई को जारी एनएफएचएस-6 में एनीमिया का खंड गायब है। रिपोर्ट यह तो बता रही है कि सरकारी महकमे के प्रयास कितने अच्छे थे और कितनी माताओं ने आयरन-फोलिक एसिड खुराकें लीं, लेकिन यह नहीं कि उसका स्वास्थ्य पर वास्तविक असर क्या हुआ है। और क्या एनीमिक माताएं और बच्चे कम हुए हैं या सिर्फ कागजों पर खुराकें दिखाई गई हैं? एनएफएचएस-5 के अनुसार उज्ज्वला योजना के बावजूद 40% घरों में कुकिंग गैस नहीं थी। अबकी बार यह पैरामीटर भी रिपोर्ट से गायब है। वास्तव में कुल 43 ऐसे पैरामीटर्स- जो देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की असली स्थिति बताते हैं और जिनसे सरकार असहज होती है- इस रिपोर्ट में नहीं हैं। हालांकि दस नए जोड़े भी गए हैं। चूंकि आंकड़े देश की स्थिति बताते हैं लिहाजा तथ्यों को सार्वजनिक न करने से सही नीतियां बना पाना संभव नहीं है।

**जीने की राह**



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

## जब कभी भी हमारा अपमान हो तो उससे विचलित ना हों

अपने भक्त का हित करने का ढंग भी भगवान का निराला है। जैसे किसी बच्चे को फोड़ा हो जाए तो उसकी मां उसका इलाज कराती है। उसमें भी पीड़ा है, लेकिन मां जानती है कि भविष्य में यह फोड़ा और तकलीफ नहीं देगा। ऐसे ही भगवान अपने भक्तों की स्थिति-परिस्थिति में चीर-फाड़ करते रहते हैं। उनमें से एक है- अहंकार। किसी भी सफर पर निकलें तो सामान का वजन कम से कम हो तो सुविधाजनक होता है। सफर में तीन पड़ाव हैं- पहला है बैठना, दूसरा चलना, तीसरा उतरना। हमारे जीवन में भी गर्भाधान बैठना है, मकान-दुकान चलना है और श्मशान उतरना है। इन तीनों के बीच की यात्रा में हम अभिमान रूपी वजन सिर पर रखते हैं और वजन अधिक हो तो चाल लड़खड़ाएगी ही। तुलसीदास जी ने लिखा है- तिमि रघुपति निज दास कर हरहिं मान हित लागि। श्रीराम अपने दास का अभिमान उसके हित के लिए हर लेते हैं। जब कभी हमारा अपमान हो तो विचलित ना हों, बल्कि सोचें कि यह हमें अभिमान रहित करने के लिए किया गया है।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**दूरदृष्टि • हमारे छात्र कब तक दंड भुगतते रहेंगे?**

# देश को परीक्षाओं के लिए एक नई प्रणाली की आवश्यकता है

**नीट**



अमिताभ कांत
नीति आयोग के पूर्व सीईओ और भारत के पूर्व जी-20 शेरपा

पहली असफलता के बाद नीट की दुबारा हुई परीक्षा बगैर किसी बड़ी समस्या के संपन्न हो गई। लेकिन भारत का परीक्षा-संकट केवल पेपर-लीक तक सीमित नहीं है। इसे एक प्रणालीगत विफलता के रूप में पहचाना जाना चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई को नीट-यूजी को रद्द कर दिया था, जबकि उससे कुछ दिन पहले ही 22.7 लाख अभ्यर्थी इसमें शामिल हो चुके थे। दो वर्षों में यह इस तरह की दूसरी घटना थी। परीक्षाओं को रद्द करना भले ही कभी-कभी आवश्यक हो, लेकिन अंततः इससे वो ईमानदार छात्र ही दंडित होते हैं, जिन्होंने नियमों का पालन किया था।

भारत आज भी दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से कुछ को ऐसे तंत्र के माध्यम से संचालित करने की कोशिश कर रहा है, जिसे वर्तमान समय के पैमाने, जटिलता और प्रोत्साहनों के अनुरूप अभी तक अपडेट नहीं किया गया है। यह कोई ऐसी समस्या नहीं है, जिसे तात्कालिक निगरानी के उपायों से हैंडल किया जा सके। भारत में जिस पैमाने पर परीक्षाएं होती हैं, उसकी दुनिया में दूसरी मिसाल नहीं। एनटीए ने 2018 से 2023 के बीच 244 परीक्षाएं आयोजित कीं। इस अवधि में अभ्यर्थियों की संख्या लगभग दोगुनी होकर करीब 67 लाख से बढ़कर लगभग 122 लाख हो गई। केवल नीट में ही एक बार में 22-24 लाख अभ्यर्थी शामिल होते हैं। 2024 में चीन की गाओकाओ परीक्षा के लिए 134.2 लाख पंजीकृत अभ्यर्थी थे, जबकि दक्षिण कोरिया की सीएसएटी परीक्षा में 2026 के लिए लगभग 5.54 लाख आवेदक थे। भारत की नीट परीक्षा गाओकाओ से तो छोटी है, लेकिन कोरिया की एकमात्र राष्ट्रीय परीक्षा से कहीं बड़ी है। और चीन या कोरिया के विपरीत, भारत प्रतिवर्ष एक ही केंद्रीय रूप से संचालित परीक्षा आयोजित नहीं करता। हमारी परीक्षा-व्यवस्था लगातार चलने वाली, संघीय, बहुभाषी और व्यापक है।

इसीलिए चीन या कोरिया का मॉडल हमारे यहां कारगर नहीं होगा। चीन और कोरिया एक निर्णायक परीक्षा के इर्द-गिर्द राज्य की पूरी मशीनरी को संगठित कर सकते हैं। भारत साल में दस बार पूरे राज्यतंत्र को परीक्षा सुरक्षा-व्यवस्था में नहीं बदल सकता। हमें भारतीय पैमाने के अनुरूप एक ऐसी व्यवस्था चाहिए, जो मजबूत, मॉड्यूलर, तकनीक-समर्थित, संचालन में विकेंद्रीकृत, लेकिन मानकों में केंद्रीकृत हो।

राष्ट्रीय परीक्षाओं में 2024 के विवादों के बाद डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च-स्तरीय समिति ने ठीक इसी चुनौती को पहचाना था। उसकी रिपोर्ट में एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिए व्यापक सुधार ढांचे का प्रस्ताव रखा गया। संदेश स्पष्ट था : हमें परीक्षाओं के लिए एक नई प्रणाली की आवश्यकता है।

पहला सुधार संस्थागत होना चाहिए। तकनीक किसी कमजोर संस्था की भरपाई नहीं कर सकती; हद से हद वह केवल प्रणाली की कमजोरियों को डिजिटल रूप ही दे सकती है। भारत को एनटीए का पुनर्निर्माण एक स्थायी, पेशेवर और मिशन-आधारित मूल्यांकन संस्था के रूप में करना होगा, जिसमें साइकोमेट्रिक्स, साइबर सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स, डेटा विश्लेषण, पेपर-सेटिंग, वेंडर प्रबंधन और कानून प्रवर्तन जैसे क्षेत्रों में गहरी आंतरिक क्षमता हो। एक सीमित क्षमता वाली एजेंसी- जो अत्यधिक प्राइवेट वेंडर्स, अस्थायी निरीक्षकों और आउटसोर्स की गई प्रक्रियाओं पर निर्भर हो- भारत की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं का भार नहीं उठा सकती।

दूसरा सुधार पेपर-सेटिंग की प्रक्रिया में होना चाहिए। सबसे सुरक्षित प्रश्नपत्र वह होता है, जिसे कोई एक

> **किसी एक सुबह पर छात्र के भाग्य का दारोमदार नहीं हो सकता। मल्टी-स्टेज परीक्षाएं, अधिक अवसर, सामान्यीकृत स्कोरिंग और पारदर्शी शिकायत निवारण व्यवस्था जरूरी है। एक ही प्रश्नपत्र की ब्लैक-मार्केट वैल्यू को घटाकर हम सिस्टम को बेहतर बना सकते हैं।**

व्यक्ति पूरी तरह कभी देख न सके। यही यूपीएससी और जेईई एडवांस्ड की बड़ी ताकत है : बड़े व गुमनाम पेनल, अलग-अलग स्तरों में विभाजित व्यवस्था, कई समानांतर पेपर सेट, रैंडमाइजेशन और प्राइवेट इंटरमीडियरीज के लिए न्यूनतम पहुंच। यह ढांचा सुनिश्चित करता है कि यदि व्यवस्था की कोई कड़ी प्रभावित भी हो जाए, तो पूरी परीक्षा प्रभावित न हो।

तीसरा सुधार तकनीकी होना चाहिए, लेकिन तकनीक को व्यवस्था के अनुरूप काम करना चाहिए। भविष्य बड़े और लगातार अपडेट किए जाने वाले प्रश्न बैंक, कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं और समय के साथ एडाप्टिव टेस्टिंग में है। हमें डिजिटल परीक्षा ढांचा भी तैयार करना होगा। राधाकृष्णन समिति के 1,000 केंद्रीय विद्यालयों और अन्य विश्वसनीय सार्वजनिक संस्थानों को सुरक्षित परीक्षा केंद्रों के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए। पहचान और निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करना होगा। एआई का उपयोग भी फॉरेंसिक उपकरण के रूप में किया जा सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**डिफ्रेंट एंगल • प्रशंसकों की सॉफ्ट पावर के मायने**

# फुटबॉल विश्वकप में नहीं होकर भी हम वहां मौजूद हैं

**खेल**



बोरिया मजुमदार
सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा के सहलेखक और खेल पत्रकार

फुटबॉल विश्व कप में भारतीय टीम भले ही नहीं खेल रही हो, लेकिन वालंटीयर्स से लेकर पत्रकारों तक, टूर्नामेंट में भारत की मौजूदगी है। नागपुर के 75 वर्षीय ओम मुंद्रा का ही उदाहरण लें। यह उनका सातवां विश्व कप है और वे न्यूयॉर्क में वालंटीयर के रूप में प्रशंसकों को इस प्रतिस्पर्धा के पूरे रोमांच का अनुभव करने में मदद कर रहे हैं। उनसे इस बारे में पूछें तो आपको एक जानी-पहचानी मुस्कान मिलेगी। वे कहेंगे, मुझे खेलों से प्यार है और मैं इस रोमांच का हिस्सा बनना चाहता हूं।

ओम मुंद्रा अकेले नहीं हैं। ऐसे कई लोग हैं जिन्होंने वर्षों तक केवल इसीलिए पैसे बचाए ताकि विश्वकप देखने अमेरिका पहुंच सकें। दो साल बचत करके विश्वकप देखने आने वाले एक दम्पती ने मुझसे कहा, यहां सब कुछ बहुत महंगा है। बेसिक ट्रांसपोर्ट और खाने-पीने के लिए भी मैच-डे का अनुभव लगभग 30,000 रु. का पड़ता है। फिर भी हम अधिक से अधिक मैच देखने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं।

देखें तो अमेरिका में इन तमाम भारतीयों की मौजूदगी अपने आप में एक कहानी है। यह हमारी सॉफ्ट-पावर का प्रमाण है। यह भारत का दुनिया तक पहुंचना है। अपनी टीम के वहां न होने के बावजूद, हमारे फैन्स और वॉलंटीयर्स ने विश्वकप में भारतीय रंग घोल दिया है।

यह केवल मीडिया और वालंटीयर्स तक सीमित नहीं है। अमेरिका में आप जहां भी नजर डालेंगे, भारतीय प्रभाव दिखेगा। आप किसी भी स्टेडियम में जाएं, आपको बहुत से लोग हिंदी या बांग्ला बोलते हुए सुनाई देंगे। वास्तव में, विश्वकप के लिए अमेरिका आए लोगों में भारतीय प्रशंसकों की हिस्सेदारी 2 से 3% तक है। कैन्सस सिटी में- जहां अर्जेंटीना का पहला मैच हुआ था और जिसमें लियोनेल मेसी ने हैट्रिक लगाई थी- वहां के बंगाली समुदाय ने महीनों पहले से योजना बनानी शुरू कर दी थी, ताकि वे मेसी को खेलते हुए देख सकें। वे फैन पार्कों में लगातार मौजूद रहते हैं और उनके लिए विश्व कप एक महीने तक चलने वाला ऐसा आयोजन है, जिसका वे भरपूर आनंद लेते हैं। वे सभी अपने पेशेवर जीवन में अच्छी तरह से स्थापित लोग हैं। वास्तव में, आप जिस भी खेल आयोजन में जाएंगे, वहां भारतीय प्रशंसकों को लेकर यही स्थिति दिखाई देगी।

इस बार के विश्वकप में 48 टीमें शिरकत कर रही हैं। इनमें एशियाई टीमों की भी अच्छी भागीदारी है। ऐसे में हमें यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ प्रयास करने की आवश्यकता है कि आने वाले दशकों में फीफा विश्व कप में भाग लेने का भारत का सपना केवल एक असंभव कल्पना बनकर न रह जाए। भारत के फुटबॉल सिस्टम में पर्याप्त धन मौजूद है और हमें आशावादी तथा उम्मीद से भरे रहने की आवश्यकता है।

हां, हमें राष्ट्रीय टीम के लिए अधिक अनुभव, अधिक मैच और मजबूत घरेलू ढांचे की जरूरत है, जो आगे चलकर आईएसएल को भी मजबूती दे। हमें अधिक सक्रिय एआईएफएफ की आवश्यकता है, जो भारत के फुटबॉल सिस्टम की वास्तविक और तात्कालिक समस्याओं को हल करने पर केंद्रित हो।

और यहीं पर मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। मीडिया में अधिकांश लोग चार साल में एक बार जाग्रत होते हैं और पूछते हैं कि 130 करोड़ की आबादी वाला देश विश्वकप क्यों नहीं खेल रहा, जबकि 5 लाख की आबादी वाला केप वर्डे यूरोपीय चैंपियन स्पेन के खिलाफ एक अंक हासिल करने में सफल रहा। हालांकि यह एक आकर्षक सुर्खी जरूर बनती है, लेकिन सच्चाई यह भी है कि इनमें से अधिकांश लोग

> **अमेरिका में आप जहां भी नजर डालेंगे, भारतीय प्रभाव दिखेगा। आप किसी भी स्टेडियम में जाएं, आपको बहुत से लोग हिंदी या बांग्ला बोलते हुए सुनाई देंगे। वास्तव में, फीफा विश्वकप के लिए अमेरिका आए लोगों में भारतीय प्रशंसकों की हिस्सेदारी 2 से 3 प्रतिशत तक है।**

विश्व कप समाप्त होते ही फिर गुम हो जाएंगे और 2030 में ही फिर दिखाई देंगे।

हकीकत यह है कि 130 करोड़ में से 129.5 करोड़ लोगों को खेलों के लिए बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। भारतीय खेलों को एक अधिक रचनात्मक और आत्मनिरीक्षण वाले दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो कमियों को पहचाने और आगे बढ़ने का रास्ता तय करे। यदि एआईएफएफ नेतृत्व कर सकता है, तो भारतीय फुटबॉल को आवश्यक गति देने के लिए पर्याप्त धन और जुनून मौजूद है। तब तक हम विश्व कप के लिए पैसे बचाते रहेंगे- कभी फैन्स तो कभी वालंटीयर्स के रूप में- और उम्मीद करते रहेंगे कि एक दिन हमें वैश्विक मंच पर भारत के लिए भी चीयर करने का मौका मिलेगा। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर
अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**इस हफ्ते चर्चा में...**

## स्पेसएक्स ने आईपीओ के बाद बहुत बड़ा सौदा किया



**5.76 लाख करोड़ रुपए**
में कोडिंग प्लेटफॉर्म कर्सर को खरीदने के लिए इलॉन मस्क ने एग्रीमेंट किया है। मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का आईपीओ हाल ही में आया था।

**2 लाख करोड़ रु.**
में स्ट्रीमिंग सेट टॉप बॉक्स निर्माता कंपनी रोकू को खरीदने के लिए तैयार हो गई है ट्वंटीएथ सेंचुरी फॉक्स फिल्म कंपनी।

**1.13 लाख करोड़ रु.**
की पूंजी जुटाई है, मिलिट्री टेक्नोलॉजी स्टार्टअप ने इस साल। यूक्रेन और मिडिल ईस्ट युद्ध के कारण यह उछाल आया है।

**टेक्नोलॉजी तेजी से आ रहे एआई के नए-नए मॉडल महंगे, खर्च के साथ ही उपयोग को लेकर अनिश्चितता भी बढ़ रही है**

# मेटा, अमेजन जैसी कंपनियां एआई का उपयोग सीमित कर रही हैं

एली टैन

इस साल की शुरुआत में टेक कंपनियां कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही थीं। कई जगह कर्मचारियों के बीच एआई टूल्स पर खर्च होने वाले 'टोकन' की गिनती को लेकर प्रतिस्पर्धा तक चल रही थी, लेकिन कुछ ही महीनों में तस्वीर बदल गई है। अब मेटा, अमेजन, उबर और वॉलमार्ट जैसी बड़ी कंपनियां कर्मचारियों से एआई का उपयोग सीमित रखने को कह रही हैं।

इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह बढ़ती लागत है। एआई सेवाएं देने वाली कंपनियों ओपनएआई और एंथ्रोपिक के बिल तेजी से बढ़ने लगे हैं। एआई की दुनिया में 'टोकन' भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है, जिस पर उपयोग की लागत तय होती है। कर्मचारियों के बीच अधिक से अधिक टोकन इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति को 'टोकनमैक्सिंग' कहा जाता है। अब इसकी जगह 'टोकनमिनिमाइजिंग' का दौर शुरू होता दिख रहा है। मेटा और अमेजन जैसी कंपनियों में कर्मचारियों के बीच टोकन उपयोग के लीडरबोर्ड तक बनाए गए थे। लेकिन अब हजारों कर्मचारियों द्वारा एआई टूल्स के इस्तेमाल में होने वाला खर्च कंपनियों के लिए भारी पड़ने लगा है। सब्सक्रिप्शन फीस के अलावा कंपनियों को इस्तेमाल किए गए टोकनों का अलग भुगतान भी करना पड़ता है।

खर्च इसलिए भी बढ़ रहा है क्योंकि नए एआई मॉडल पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली और महंगे हैं। एंथ्रोपिक का नया मॉडल 'फेबल' उसके पुराने मॉडल 'ओपस' से करीब दोगुना महंगा बताया जा रहा है। वहीं इंजीनियर अब साधारण चैटबॉट की जगह जटिल कार्य करने वाले एआई एजेंट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनमें हजारों टोकन खर्च हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर एआई को कंपनी की बैठक का संक्षिप्त ब्योरा तैयार करने जैसे सरल कम में कुछ सौ टोकन लग सकते हैं जबकि नया प्रोडक्ट या फीचर बनाने जैसे काम के कोड लिखने में हजारों टोकन लगते हैं। न्यूरोमेट्रिक के सीईओ रॉब मे के मुताबिक एआई की दुनिया इतनी तेजी से बदल रही है कि कंपनियां खुद तय नहीं कर पा रहीं कि किस रणनीति पर आगे बढ़ें। ऐसे में कई कंपनियां अब एआई पर किए जा रहे निवेश से मिलने वाले वास्तविक रिटर्न का दोबारा आकलन कर रही हैं।

**लागू किया जा रहा है फायदे-नुकसान का गणित**



- कुछ माह में ही एआई के उपयोग पर अनिश्चितता का माहौल।
- सीमित उपयोग किए जाने से खर्च में भारी कटौती संभव।
- जहां ज्यादा फायदा वहां उपयोग, बाकी जगह कटौती।
- निवेश पर रिटर्न के पहलू को ध्यान में रखा जाएगा।

### टोकन के उपयोग को बताने वाले लीडरबोर्ड्स हटाए

फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने पिछले सप्ताह अपने कर्मचारियों से कहा है कि खर्च में बहुत भारी बढ़ोतरी को देखते हुए वह जल्द ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल सीमित करेगी। एआई के उपयोग को सीमित करने के लिए अमेजन और मेटा ने टोकनमैक्सिंग की बढ़त बताने वाले लीडरबोर्ड्स भी हटा लिए हैं।

### सही एआई मॉडल अपनाने से 90% खर्च बच सकता है

टेलीकॉम कंपनी एटीएंडटी के चीफ एआई अधिकारी एंडी मार्कस कहते हैं, कंपनियां कम आधुनिक एआई मॉडल्स को अपनाकर खर्च में 90 फीसदी तक बचत कर सकती हैं। हमारे इंजीनियर कुछ कामों के लिए सबसे अधिक ताकतवर और अन्य कामों के लिए कम शक्तिशाली एआई मॉडल का उपयोग करते हैं।

### कंपनियां कम खर्च में बेहतर नतीजों पर कर रहीं फोकस

कंपनियां एआई पर भारी खर्च जारी रखेंगी लेकिन वे ऐसी जगह खोज रही हैं जहां कम खर्च में बेहतर नतीजे हासिल किए जा सकें। सेल्सफोर्स के सीई मार्क बेनिऑफ का कहना है, उनकी कंपनी की योजना इस साल एआई पर करोड़ों रुपए खर्च करने की है पर टोकनों की जगह काम पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा।

### उबर और वॉलमार्ट ने एआई टूल्स के लिए सीमा तय की

मई में टैक्सी सर्विस कंपनी उबर ने कहा कि उसका साल भर के लिए अनुमानित एआई खर्च सिर्फ चार माह में खत्म हो गया है। कंपनी ने एआई कोडिंग टूल्स पर कुछ मासिक सीमा लगाई है। रिटेल कंपनी वॉलमार्ट ने अलग-अलग एआई टूल्स के लिए सीमा तय की है।

© The New York Times

**बदलाव पिछले पांच वर्ष में महिलाओं को 10 गुना बिजनेस लाइसेंस किए गए जारी**

# तालिबान : नौकरी का सपना छोड़ बिजनेस कर रही महिलाएं

एलियन पेल्टियर, किआना हयेरी

अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों पर दुनिया के सबसे कड़े प्रतिबंध लागू हैं, लेकिन इसी माहौल में महिलाओं का उद्यमिता की ओर रुझान तेजी से बढ़ा है। आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय अलगाव से जूझ रहे देश में तालिबान प्रशासन ने महिलाओं को सीमित दायरे में कारोबार करने की अनुमति दी है। नतीजतन, पिछले पांच वर्षों में महिलाओं को जारी किए जाने वाले बिजनेस लाइसेंसों की संख्या 10 गुना बढ़ गई है।

अफगान कॉमर्स एंड इंडस्ट्री चैम्बर के मुताबिक देश में 10 हजार से अधिक महिलाओं के पास बिजनेस लाइसेंस हैं। वहीं विश्व बैंक का अनुमान है कि करीब 1.2 लाख महिलाएं बिना लाइसेंस के भी छोटे-मोटे कारोबार चला रही हैं। इनमें गलीचा बुनाई, कॉस्मेटिक्स, हस्तशिल्प, मधुमक्खी पालन और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। हालांकि यह बढ़ोतरी महिलाओं की सीमित होती स्वतंत्रता की सच्चाई को नहीं छिपाती। वकील, इंजीनियर या प्रोफेसर बनने का सपना देखने वाली कई महिलाएं अब उन्हीं क्षेत्रों में काम करने को मजबूर हैं जिन्हें तालिबान शासन स्वीकार करता है। महिलाओं पर कई तरह की पाबंदियां लागू हैं। वे ब्यूटी सैलून नहीं चला सकतीं, नर्सिंग की पढ़ाई नहीं कर सकतीं और कई मामलों में पुरुष ग्राहकों, सप्लायरों या बैंक अधिकारियों से सीधे संवाद भी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद कुछ महिलाओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। 19 वर्षीय अजीजी ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मदद से गलीचा निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। वहीं 21 वर्षीय रोकिया रेजाई, जो कभी माइनिंग इंजीनियर बनना चाहती थीं, अब साबुन निर्माण का कारोबार चला रही हैं, लेकिन कारोबार की राह भी आसान नहीं है। रेजाई को व्यापारिक यात्राओं के लिए पिता, भाई या पति पर निर्भर रहना पड़ता है। मधुमक्खी पालन का काम करने वाली गोंचा करीमी बताती हैं कि कई बार उन्हें शहर से बाहर जाने के लिए पुरुषों के कपड़े पहनने पड़ते हैं। आलोचकों का कहना है कि महिलाओं को कारोबार की अनुमति देना सकारात्मक कदम जरूर है, लेकिन शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्र आवाजाही पर लगी पाबंदियों के बीच यह राहत पर्याप्त नहीं है।

© The New York Times

**सिर्फ सात प्रतिशत महिलाएं काम कर रही हैं**



अधिकतर अफगान महिलाएं काम नहीं करती हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार 2024 में सिर्फ सात प्रतिशत महिलाएं काम कर रही थीं। काम करने वाली महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जून में मोरल पुलिस द्वारा दर्जनों महिलाओं की गिरफ्तारी और प्रताड़ना के विरोध में जनता का विरोध सामने आ चुका है।

**स्वास्थ्य**

## नशे का पता लगाने के लिए सीवेज की जांच

जैन हॉफमैन

अमेरिका में अवैध ड्रग्स के सेवन का पता लगाने के लिए नया तरीका अपनाया जा रहा है। कई शहरों और स्कूलों में सीवेज की पानी की जांच चल रही है। एरिजोना के टैम्पे शहर, मिसौरी, न्यू मेक्सिको में हाईस्कूलों, केंटुकी में ट्रक स्टॉप, न्यू ओरलिएंस में सुपरबॉल मैच और एक फेस्टिवल में सीवेज के नमूने जुटाए गए हैं। पांच राज्यों के विधायकों ने इस काम के लिए धन मंजूर करने के विधेयक पेश किए हैं। पिछले महीने ट्रम्प प्रशासन ने देश में अवैध ड्रग्स के इस्तेमाल और उसकी आवाजाही पर नजर रखने के लिए जांच को मंजूरी दी है। सरकार ने अमेरिका में 100 स्थानों पर विभिन्न नशीले पदार्थों की टेस्टिंग के प्रोजेक्ट के लिए बायोटेक एनालिटिक्स से मदद मांगी है। कोविड-19 महामारी और इंफ्लूएंजा जैसी संक्रामक बीमारियों पर नजर रखने के लिए सीवेज की जांच की गई थी।

© The New York Times

**ट्रेंड बड़ा बोनट और ब्लाइंड जोन प्रमुख कारण**

## अमेरिका में बड़े ट्रकों और एसयूवी के कारण सड़क हादसे 75% बढ़े

माइकेल केलर, एली मरे

अमेरिका में सड़कों पर एसयूवी और पिकअप ट्रकों की बढ़ती संख्या पैदल चलने वालों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। 2000 के दशक की शुरुआत में अमेरिकी सड़कों पर आधे से अधिक वाहन पारंपरिक सीडान कारें थीं, लेकिन 2020 तक कॉम्पैक्ट एसयूवी और अन्य बड़े वाहनों ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। 2009 के बाद हर साल सड़क हादसों में मरने वाले राहगीरों की संख्या करीब 75% बढ़ चुकी है। फेडरल और ऑटो इंडस्ट्री के अनुसार बड़े पिकअप और एसयूवी इस ट्रेंड के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इसकी दो मुख्य वजह हैं। पहली, उनका बोनट काफी ऊंचा होता है। जहां सामान्य सीडान का बोनट करीब ढाई फीट ऊंचा होता है, वहीं आधुनिक पिकअप ट्रकों का बोनट लगभग चार फीट तक पहुंच जाता है। इससे टक्कर सीधे शरीर के ऊपरी हिस्से पर लगती है, जो अधिक जानलेवा साबित हो सकती है। दूसरी वजह इन वाहनों का बड़ा ब्लाइंड जोन है, जिसके कारण ड्राइवर कई बार सामने मौजूद राहगीरों को देख ही नहीं पाते। अनुमान है कि यदि पिछले 25 वर्षों में वाहनों का आकार नहीं बढ़ा होता तो हर साल 200 से 400 राहगीरों की मौत टाली जा सकती थी। | © The New York Times

**मुनाफे का बड़ा स्रोत**

ऑटो इंडस्ट्री के विशेषज्ञ कहते हैं अमेरिका की ऑटो इंडस्ट्री के लगभग पूरे मुनाफे का स्रोत बड़े वाहन हैं। करीब दस साल से फोर्ड और जनरल मोटर्स ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि उनकी आय बड़ी एसयूवी पिकअप पर निर्भर है। उनकी लागत भी कारों से कम है।

**मार्केट पल्स** • छोटे शहरों के दम पर 5 साल में निवेशकों की औसत उम्र 38 साल से घटकर 33 साल हुई, कुल निवेशकों में महाराष्ट्र, यूपी व गुजरात की हिस्सेदारी 36%

# 13 करोड़ रिटेल निवेशक, पर कैश मार्केट के 92% टर्नओवर पर 2.6% दिग्गजों का ही राज

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीय फाइनेंशियल बाजार बड़े स्ट्रक्चरल बदलाव से गुजर रहा है, जहां शेयर बाजार का दायरा महानगरों से निकलकर छोटे शहरों के युवाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है। मई 2026 तक एनएसई पर यूनीक निवेशक 13 करोड़ पार निकल गए। लेकिन एक गहरा असंतुलन भी छिपा है। एनएसई की मार्केट पल्स रिपोर्ट के मुताबिक करोड़ों रिटेल निवेशकों की एंट्री के बावजूद बाजार का 90% से ज्यादा टर्नओवर आज भी सिर्फ 2 से 3% बड़े ट्रेडर्स और विदेशी निवेशकों के हाथ में ही है।

### असंतुलनः ट्रेडिंग एक्टिविटी के तीन बड़े सेगमेंट में चंद लोगों का ही दबदबा

**कैश मार्केटः ₹10 करोड़+ ट्रेड करने वालों का वर्चस्व** • डेटा के मुताबिक कैश मार्केट में कुल टर्नओवर का 92.3% हिस्सा सिर्फ 2.6% एक्टिव निवेशक संभालते हैं। इसमें मुख्य रूप से 10 करोड़ से ऊपर का ट्रेड करने वाले प्रोप्रायटरी ट्रेडर्स, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक हैं।

**66% छोटे निवेशकों का निवेश 0.3%**: करीब 66% छोटे निवेशक ऐसे हैं जो महीने भर में 1 लाख से भी कम का ट्रेड करते हैं और कुल टर्नओवर में हिस्सेदारी 0.3% है।

**इक्विटी ऑप्शंसः 0.3% दिग्गजों के पास 69% प्रीमियम टर्नओवर**
ऑप्शंस सेगमेंट में 10 करोड़ से अधिक की ट्रेडिंग करने वाले महज 0.3% बड़े निवेशक कुल प्रीमियम टर्नओवर का 69% हिस्सा अकेले कंट्रोल करते हैं। अकेले 70.9% कब्जा प्रोप्रायटरी ट्रेडर्स का है।

**छोटे निवेशकों का निवेश महज 12% हीः** देश के इस विशाल ऑप्शंस टर्नओवर में रिटेल निवेशकों की हिस्सेदारी अब भी सिर्फ 11.7 फीसदी के आसपास ही है।

**इक्विटी फ्यूचर्सः टॉप 7.8% के हाथ में 93% बाजार, एफआईआई बड़े प्लेयर**
• फ्यूचर्स मार्केट में टॉप 7.8% एक्टिव निवेशक पूरे फ्यूचर्स मार्केट के 93.3% कारोबार को अंजाम देते हैं। 33.5% की हिस्सेदारी के साथ विदेशी निवेशक (एफआईआई) सबसे बड़े खिलाड़ी बने हुए हैं।

**छोटे निवेशकों का निवेश महज 6.7 हीः** इक्विटी फ्यूचर्स सेगमेंट में बाकी बचे 92.2% छोटे व मध्यम निवेशकों का योगदान सिमटकर केवल 6.7% रह जाता है।



**03**
करोड़ पार हो गई गई शेयर बाजार में लिस्टेड यूनिक महिलाओं की संख्या। कुल निवेशक 13 करोड़ पार।

### रफ्तारः 7 महीने में एक करोड़ निवेशक बढ़े, सालाना ग्रोथ 25 से अधिक बरकरार

*मई 2026 तक NSE पर कुल रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 13.1 करोड़ पहुंच चुकी है। पिछले सिर्फ 7 महीनों में 1 करोड़ नए निवेशक जुड़े हैं। वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2026 के बीच निवेशकों की संख्या 25.3% की सालाना रफ्तार से बढ़ी है।*

**छोटे राज्यों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रहीः** महाराष्ट्र, यूपी और गुजरात अभी टॉप 3 में हैं। 36% निवेशक इन तीन राज्यों से हैं। लेकिन टॉप 10 राज्यों के बाहर से आने वाले निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 27% हो गई है, जो 2017 में 22% थी। यानी शेयर बाजार का दायरा छोटे शहरों में फैल रहा है।

**30 वर्ष से कम उम्र वालों की हिस्सेदारी 38% :** बाजार में आने वाले लोग अब काफी युवा हैं। 30 साल से कम उम्र के निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च 2020 में 23.5% थी, जो मई 2026 में बढ़कर 38.3% हो गई है। निवेशकों की औसत उम्र 38 साल से घटकर 33 साल पर आ गई है।

**महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 25% पहुंची** व्यक्तिगत निवेशकों में महिलाओं की हिस्सेदारी धीरे-धीरे सुधरकर 25% हो गई है। इसमें महाराष्ट्र (29%) और तमिलनाडु (28.7%) सबसे आगे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश (19.1%) राष्ट्रीय औसत से पीछे है। यूपी निवेशकों के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा राज्य।

## बिजनेस ब्रीफ

### 8 कोर सेक्टर्स की रफ्तार सात माह में सबसे कम

**मुंबई** | मई में देश के आठ कोर सेक्टर्स की विकास दर घटकर 7 माह के निचले स्तर 0.5% पर आ गई। पिछले साल मई 2025 में यह 1.2% और इस साल अप्रैल में 1.8% थी। इस गिरावट की मुख्य वजह कोयला, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, रिफाइनरी प्रोडक्ट्स और फर्टिलाइजर समेत पांच प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में आई कमी है।

### आदित्य बिड़ला कैपिटल का एम कैप 1 लाख करोड़

**मुंबई** | 4,000 करोड़ के प्रिफरेंशियल इश्यू को मंजूरी मिलने के बाद आदित्य बिड़ला कैपिटल के शेयरों ने रिकॉर्ड स्तर छू लिया। कंपनी का मार्केट कैप 1 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। इस फंडरेजिंग में प्रमोटर ग्रेसिम इंडस्ट्रीज 2,880 करोड़, सूर्याजा इन्वेस्टमेंट 200 करोड़ और इंटरनेशनल फाइनेंस 920 करोड़ निवेश करेंगे।

### वीआई को बिड़ला ग्रुप से मिले 1,182 करोड़ रुपए

**मुंबई** | कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने प्रमोटर आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी सूर्याजा इन्वेस्टमेंट्स को वॉरंट जारी कर 1,182.50 करोड़ जुटाए हैं। कंपनी को अगले 3 वर्षों में करीब 1 लाख करोड़ के कैश की जरूरत है, जिसमें से 45,000 करोड़ नेटवर्क सुधार और बाकी रकम स्पेक्ट्रम व कर्ज भुगतान पर खर्च होगी।

### टेलीकॉम कंपनियों का रेवेन्यू 1 लाख करोड़ पार

**मुंबई** | बीती मार्च तिमाही में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स का कुल ग्रॉस रेवेन्यू सालाना आधार पर 6.9% बढ़कर 1.05 लाख करोड़ हो गया। ट्राई के मुताबिक संयुक्त एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) 9.45% बढ़कर 86,716 करोड़ पर पहुंच गया। इसमें जियो 32,467.88 करोड़ के साथ शीर्ष पर रही। एयरटेल का 28,773.59 करोड़ रहा।

### टाटा इले. पर बड़ा साइबर अटैक, टेस्ला के डेटा लीक

**मुंबई** | टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने सोमवार को अपने सिस्टम पर साइबर हमले की पुष्टि की है। रैनसमवेयर ग्रुप 'वर्ल्ड लीक्स' ने डार्क वेब पर कंपनी की 2 लाख से अधिक फाइलें लीक कर दी। इनमें टाटा के ग्राहक एपल और टेस्ला के गोपनीय कंपोनेंट डिजाइन, स्पेसिफिकेशन पेपर्स, कर्मचारियों के पासपोर्ट की कॉपियां हैं। कंपनी ने इस घटना के बाद तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए हैं।

**बदल रहा हमारा खर्च** • होटल में कमरों का औसत किराया 10,100 रुपए पार हुआ

# जेनजी इफेक्ट... सोफा, फ्रिज, कपड़े से ज्यादा अब यात्रा जैसे अनुभव पर खर्च कर रहे भारतीय

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत में खर्च की आदतें बदल रही हैं। अब लोग सोफा-फ्रिज जैसे सामान की तुलना में यात्रा, खानपान और होटल के अनुभवों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। रियल एस्टेट कंसल्टेंट सीबीआरई की रिपोर्ट 'जेनजी चेक इन' बताती है कि 2025 से 2030 के बीच कपड़े, गाड़ियां, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे भौतिक सामान पर खर्च 9.1% सालाना रफ्तार से बढ़ेगा, लेकिन घूमना, होटल, रेस्टोरेंट आदि पर खर्च 10.3% की रफ्तार से बढ़ेगा। इनमें सबसे तेज 10.6% की वृद्धि होटल सेक्टर में होगी। वजह जेनरेशन जी है, जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुई पीढ़ी है और कमाई शुरू कर रही है।

सीबीआरई के मुताबिक यह पीढ़ी किसी भी जीवित पीढ़ी की तुलना में सबसे तेज रफ्तार से खर्च बढ़ाने वाली है। इनके लिए होटल का मतलब महज रात गुजारना नहीं है। वे ऐसे 'लाइफस्टाइल होटल' चाहते हैं जो इंस्टाग्राम के लायक हों, जहां वाइन टेस्टिंग, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम और वेलनेस जैसी सुविधाएं हों। कोविड महामारी ने इस बदलाव को और तेज कर दिया। सीबीआरई के चेयरमैन और सीईओ अंशुमन मैनजीन के मुताबिक उपभोक्ता अब सिर्फ कमरा नहीं खरीदता, वह एक ऐसा माहौल चाहता है जो अनोखा हो, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हो।

### होटल इंडस्ट्री में 2031 तक कमरों की बाढ़, 76% नई सप्लाई टियर-2 और टियर-3 शहरों में होगी



- वित्त वर्ष 2026 में भारत में 61,900 नई होटल-चाबियों पर हस्ताक्षर हुए, जो वित्त वर्ष 2025 के 41,000 से कहीं ज्यादा है।
- 2026-31 के बीच सप्लाई 8% और मांग 9% की सालाना ग्रोथ से बढ़ेगी, जिससे कुल ब्रांडेड इन्वेंटरी 3.1 लाख कमरों तक पहुंचेगी।
- नई सप्लाई का 76% टियर-2 और टियर-3 शहरों से आएगी।

कोटक इंस्टीट्यूशनल की रिपोर्ट के मुताबिक 2026 की मार्च तिमाही में देशभर के होटलों के प्रति उपलब्ध कमरे से आय 5.3% बढ़कर 6,868 रु/ दिन पहुंच गई। कमरों की दरें 6.3% बढ़कर 10,100 रु./ दिन रही। जैसे ईरान संकट सामान्य होगा, वित्त वर्ष 2026-31 के बीच कमरों की दरें 6.4% की ग्रोथ से बढ़ेंगी। ऑक्यूपेंसी 72% पहुंचेगी।

- सीबीआरई के मुताबिक लाइफस्टाइल होटल की मांग तेजी से बढ़ने वाली है। ये न पारंपरिक बुटीक होटल हैं और न ही बड़े ग्लोबल चेन हैं। बल्कि दोनों का मिश्रण हैं।
- साल 2015 से 2025 के बीच एशिया-प्रशांत में कुल होटल सप्लाई महज 5% सालाना ग्रोथ से बढ़ी, लेकिन लाइफस्टाइल होटल के लिए यह रफ्तार 19% रही।

### लाइफस्टाइल होटल की मांग ज्यादा, लेकिन सप्लाई कम

भारत में अभी लाइफस्टाइल होटलों की संख्या सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग की तुलना में बहुत कम है, इसलिए यहां बिजनेस बढ़ने का बहुत मौका है। बेन एंड कंपनी के डेटा के मुताबिक 2024-2030 के बीच भारत में कार्यशील आयु वर्ग (15-59 वर्ष) में 10 करोड़ से अधिक लोग जुड़ेंगे, यह दुनिया में सर्वाधिक वृद्धि होगी। ये आबादी साधारण या एक जैसे दिखने वाले होटलों के बजाय ऐसी जगहें पसंद करते हैं जहां स्थानीय संस्कृति का अनुभव मिले, जैसे- लाइव म्यूजिक, वाइन टेस्टिंग या लोकल इवेंट्स।

**भास्कर रिसर्च**

### देश में लाइव इवेंट का क्रेज, 78% की पसंद अनुभव

ईवाई के मुताबिक देश का लाइव इवेंट सेगमेंट 2024 में ₹12 हजार करोड़ पार कर गया। 19% सालाना ग्रोथ का अनुमान है। बड़े आर्टिस्ट के लिए दर्शक 500 किमी लंबी यात्रा, सामान्य से 3 गुना तक होटल कीमत देने को तैयार हैं।

78% भारतीय उपभोक्ता अब भौतिक सामान की जगह अनुभव पर खर्च करना पसंद करते हैं। 2025 में भारत में 34,086 लाइव इवेंट हुए। लाइव इवेंट के 70% दर्शक 35 साल से कम उम्र के थे और 52% की उम्र 30 से कम थी।

जनवरी 2025 में अहमदाबाद में कोल्ड प्ले के दो शो में 2.2 लाख लोग आए। इस कॉन्सर्ट का कुल आर्थिक असर 641 करोड़ था, जिसमें से 392 करोड़ सीधे शहर में गए। हर 100 टिकट के बदले दर्शकों ने यात्रा, खाना, शॉपिंग व ठहरने पर औसतन 585 रुपए अतिरिक्त खर्चे।

भारत में घरेलू पर्यटन 303 करोड़ है। वर्ष 2024 में 42% विदेश यात्राएं फुर्सत और सुकून के लिए थीं। 2026 में देश का ट्रैवल एंड टूरिज्म बाजार 34.44 अरब डॉलर का अनुमानित है, 2030 तक 12% की सालाना ग्रोथ से 54.34 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है।

## पश्चिम एशिया में तनाव घटने, क्रूड की नरमी से सेंसेक्स 291 अंक चढ़ा, फिर 77 हजार पार

**मुंबई** | पश्चिम एशिया में तनाव घटने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 291 अंक की बढ़त के साथ 77,094 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 523 अंक तक उछल गया था। निफ्टी 90 अंक मजबूत होकर 24,103 पर बंद हुआ। रिलायंस का शेयर 1.31% चढ़कर बंद हुआ। इसकी इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने सेबी के पास आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा कराए हैं।

**बीएसई के 4,586 शेयरों में ट्रेडिंग, 57% में रही तेजी**

| बढ़त | गिरावट | स्थिर |
|---|---|---|
| 2,606 | 1,794 | 186 |

| 52 हफ्तों की ऊंचाई | 52 हफ्तों का लो |
|---|---|
| 217 | 177 |

## वोडाफोन, बीएसई बनेंगे लार्जकैप; लोढ़ा, इंडियन होटल्स का डिमोशन

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

म्यूचुअल फंड्स की संस्था एम्फी की अर्ध-वार्षिक समीक्षा में शेयरों का वर्गीकरण बदलने जा रहा है। वोडाफोन आइडिया, बीएसई, हिताची एनर्जी इंडिया, जिंदल स्टील, इंडियन बैंक, इंडस टावर्स और बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स (ग्रो) मिड-कैप से अपग्रेड होकर लार्ज-कैप में आएंगे। हाल में लिस्टेड वेदांता एल्युमीनियम भी सीधे लार्ज-कैप में एंट्री लेगी।

दूसरी तरफ, कमजोर प्रदर्शन के कारण लोढ़ा डेवलपर्स और इंडियन होटल्स लार्जकैप से फिसलकर मिडकैप में आ जाएंगी। नुवामा ऑल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक यह सूची जुलाई के पहले सप्ताह में जारी होगी और 1 अगस्त से प्रभावी होगी। जनवरी-जून 2026 की अवधि के दौरान औसत मार्केट कैप के आधार पर अनुमानित लार्ज-कैप कट-ऑफ 1.07 लाख करोड़ है। मिड-कैप कट-ऑफ लगभग 32,800 करोड़ रुपए अनुमानित है।

### नई रैंकिंगः मझगांव डॉक और डॉ. रेड्डीज सहित 8 कंपनियां लार्ज-कैप से बाहर

**ये लार्ज-कैप से मिड-कैप में** • लोढ़ा डेवलपर्स • इंडियन होटल्स कंपनी • मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स • मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट • एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया • डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज • सीमेंस एनर्जी इंडिया • बॉश

**अपग्रेडः 5 कंपनियां प्रमोट होकर मिड-कैप बनेंगी** • हिंदुस्तान कॉपर • एनएलसी इंडिया • एआईए इंजीनियरिंग • अजंता फार्मा • एस्टर डीएम हेल्थकेयर

**डिमोशनः 5 कंपनियां मिड-कैप से स्मॉल-कैप बनेंगी** कायन्स टेक्नोलॉजी इंडिया • एसजेवीएन • चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स • फिजिक्सवाला • ग्लोबल हेल्थ

**एंट्रीः पहली बार स्मॉल-कैप में एक साथ 6 कंपनियों की एंट्री** • भारत कोकिंग कोल • फ्रैक्टल एनालिटिक्स • सीएमपीडीआई • क्लीन मैक्स एनवायरो • शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज • अमागी मीडिया लैब्स

### डीमर्जरः वेदांता एल्युमीनियम की लार्जकैप में सीधी एंट्री, मार्केट कैप 1.8 लाख करोड़

वेदांता एल्युमीनियम का मार्केट कैप 1.84 लाख करोड़ रुपए होने से इसे सीधे लार्ज-कैप का दर्जा मिला है। इसके विपरीत समूह की अन्य डीमर्ज्ड कंपनियों वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील छोटे आकार के कारण स्मॉल-कैप मानी गई हैं।

**बुलियन** • सोने-चांदी में 4 दिन बाद गिरावट थमी

## सोना 2,340 महंगा होकर ₹1.47 लाख पहुंचा, पर पीक से 16% नीचे

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू सराफा बाजार में आखिरकार सोने में 3 दिन और चांदी में 4 दिन के बाद सोमवार को तेजी का रुख रहा। शुद्ध सोना (24 कैरेट) 2,340 रुपए महंगा हुआ। इसकी औसत कीमत 1,47,310 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। जेवराती सोने (22 कैरेट) में 2,143 रुपए की तेजी रही। इसकी औसत कीमत बढ़कर 1,34,936 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले तीन दिन में 24 कैरेट सोना 5,693 रु/10 ग्राम और चांदी 19,515 रुपए किलो सस्ती हुई थी। 16 जून को सोना 1,50,663 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 15 जून को 2,51,488 रु/ किलो थी। सोना रिकॉर्ड लेवल से 16% और चांदी करीब 38% नीचे हैं।

### तेजी की वजह... क्रूड में गिरावट से महंगाई का जोखिम कम हुआ

- भू-राजनीतिक मोर्चे सुधार के संकेत से निवेशकों का भरोसा बढ़ा।
- होर्मुज जलमार्ग को सुरक्षित रूप से खोलने के प्रयासों ने राहत दी।
- अमेरिका-ईरान में शांति समझौते के रोडमैप से चिंताएं कम हुई।
- ब्रेंट क्रूड में गिरावट से वैश्विक स्तर पर महंगाई का डर कम हुआ।

### आगे क्या? अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेंगे दाम

एचडीएफसी सिक्युरिटीज में कमोडिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी के मुताबिक, आगे सोने-चांदी की कीमतों का रुख अमेरिका के आगामी पीसीई प्राइस इंडेक्स जीडीपी के आंकड़ों पर निर्भर करेगा। ये आंकड़े फेडरल रिजर्व की भविष्य की नीति स्पष्ट करेंगे।

अर्थशास्त्रियों को भरोसा...

## जंग थमने से ब्याज की दरें जल्द नहीं बढ़ेंगी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से ब्याज दरें बढ़ने का खतरा टल गया है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 3 से 5 अगस्त 2026 तक होगी। अर्थशास्त्री देबोपम चौधरी के मुताबिक क्रूड सस्ता होने से महंगे ईंधन का जोखिम कम हुआ है। जून की बैठक में एमपीसी ने रेपो रेट 5.25% पर बरकरार रखा था। तब पश्चिम एशिया विवाद और कमजोर मानसून की आशंका के कारण मौद्रिक नीति का रुख न्यूट्रल रखा था। अब केंद्रीय बैंक मानसून पर 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाएगा। 2026-27 में जीडीपी ग्रोथ 6.6% रहने का अनुमान है, जबकि महंगाई 5.9% तक जा सकती है। जोखिमों के बाद भी सभी सदस्य दरें स्थिर रखने के पक्ष में हैं। अमेरिकी फेड द्वारा दरें 3.50% से 3.75% रखने के बाद डॉलर के मुकाबले रुपया स्थिर है। अमेरिका-ईरान शांति समझौते से रुपया छह हफ्ते के ऊंचे स्तर 94.33 पर पहुंच गया। फेड के सख्त रुख से सोने-चांदी के दाम भी टूटे हैं। तेल और सोना सस्ते होने से विदेशों में होने वाला खर्च घट गया है। इससे देश का चालू खाते का घाटा बढ़ने का डर खत्म हो गया।

प्राइवेट सेक्टर में पैदा होंगे अवसर

## वर्ल्ड बैंक से 1.5 अरब डॉलर की आर्थिक मदद

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत में प्राइवेट सेक्टर के जरिए रोजगार बढ़ाने और आर्थिक रफ्तार तेज करने के लिए वर्ल्ड बैंक ने 1.5 अरब डॉलर (करीब 14,174 करोड़ रुपए) की आर्थिक मदद को मंजूरी दी है। यह फंड 'बूस्टिंग जॉब क्रिएशन इन द प्राइवेट सेक्टर डेवलपमेंट पॉलिसी फाइनेंसिंग' प्रोग्राम के तहत दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य आने वाले 20 सालों में वर्कफोर्स में शामिल होने वाले करीब 1.1 करोड़ भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। यह कार्यक्रम स्टार्टअप की मुश्किलें कम करने, निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने और विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित है। वर्ल्ड बैंक ने व्यापार सुगमता के लिए नवंबर 2025 में सरकार द्वारा लाए गए 4 नए लेबर कोड की सराहना की है। सरकारी डेटा के मुताबिक कामकाजी लोगों की संख्या 2017-18 में 45.2 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 60.4 करोड़ हो गई है। इस अवधि में बेरोजगारी दर 6% से 3.2% रह गई है। 90 लाख महिलाएं नियमित वेतन वाली नौकरियों से जुड़ी हैं।

तेल कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा

## पेट्रोल-डीजल मार्जिन युद्ध-पूर्व स्तर से ऊपर

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

कच्चे तेल के मोर्चे पर राहत मिलने से इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम जैसी सरकारी तेल कंपनियों के दिन बहुरने वाले हैं। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट बताती है कि इन कंपनियों का फ्यूल मार्जिन युद्ध-पूर्व स्तर से ऊपर आ चुका है, जिससे दूसरी तिमाही से इनके मुनाफे में सुधार देखने को मिल सकता है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण इन्वेंट्री नुकसान से प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन दूसरी तिमाही से मुनाफे में सुधार की संभावना है। पिछले कुछ महीनों में कम कीमत पर ईंधन बेचने के कारण कंपनियों पर कर्ज काफी बढ़ गया है, जिससे उनके मूल्यांकन पर असर पड़ेगा। सरकार ने मार्च में उत्पाद शुल्क में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी, जिससे सरकार को सालाना 1.8 लाख करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। सरकार कर्ज चुकाने के लिए कुछ समय तक टैक्स कम रख सकती है, लेकिन भविष्य में उत्पाद शुल्क फिर से बढ़ने का जोखिम बना हुआ है।

**बिजनेस एंकर** दूध, सब्जी से आगे बढ़कर हाई-मार्जिन वाले लाइफस्टाइल प्रोडक्ट का ठिकाना बन रहा क्विक कॉमर्स

# रैपिड कॉमर्सः अब फैशन और ब्यूटी ब्रांड बड़ा दांव लगा रहे

एजेंसी | बेंगलुरू

देश में ऑनलाइन शॉपिंग का एक नया चैनल 'रैपिड कॉमर्स' तेजी से अपनी जगह बना रहा है। यह मॉडल क्विक कॉमर्स की तेज रफ्तार और पारंपरिक ई-कॉमर्स की वैरायटी को एक साथ लेकर आया है। अब उपभोक्ता उन उत्पादों के लिए भी दो से चार घंटे का इंतजार करने को तैयार हैं, जिनकी उन्हें तुरंत जरूरत नहीं है, लेकिन वे दिनों तक प्रतीक्षा भी नहीं करना चाहते। डीटीडीसी एक्सप्रेस के सीईओ अभिषेक चक्रवर्ती के मुताबिक, यह मॉडल एक 'स्वीट स्पॉट' पर काम करता है। यहां उपभोक्ता थोड़ा इंतजार करने को राजी होते हैं, जिससे कंपनियां लॉजिस्टिक्स को बेहतर बना पाती हैं।

### ऐसे रिहायशी इलाकों के पास छोटे-छोटे डार्क स्टोर बनाए जा रहे हैं, जहां मांग ज्यादा



लॉजिस्टिक्स के नजरिए से देखें तो शैडोफैक्स के को-फाउंडर और चीफ बिजनेस ऑफिसर प्रहर्ष चंद्र का मानना है कि रैपिड कॉमर्स नए खपत के मौके खोल रहा है। कंपनी ने सात किमी के दायरे में 30-45 मिनट में डिलीवरी के लिए डार्क स्टोर्स का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। तेज फुलफिलमेंट से न केवल ग्राहक का भरोसा बढ़ रहा है, बल्कि रिटर्न और ऑर्डर कैंसिलेशन की दर में भी 5-9% की गिरावट आई है। इससे ब्रांड्स की बिक्री बढ़ रही है और मुनाफा भी।

इससे ब्रांड्स कई ऑर्डर्स को एक ही ट्रिप में भेजकर खर्च घटा रहे हैं और डिलीवरी में भी तेजी बनाए रख पा रहे हैं। यह बदलाव केवल मांग को शिफ्ट नहीं कर रहा, बल्कि कुल ई-कॉमर्स बाजार का विस्तार कर रहा है। उपभोक्ता अब उन श्रेणियों में भी खरीदारी कर रहे हैं, जो पहले उनके लिए ऑनलाइन उपलब्ध नहीं थीं। क्विक कॉमर्स की सीमा यह है कि वहां केवल 80 से 200 उत्पाद ही होते हैं, जो फैशन और ज्वेलरी के हजारों विकल्पों की मांग पूरी करने के लिए नाकाफी हैं। ज्वेलरी ब्रांड गिवा के चीफ रेवेन्यू ऑफिसर अनिरुद्ध कुडवा बताते हैं कि उनकी कंपनी ने बेंगलुरु स्थित अपने मुख्यालय से संचालित नेटवर्क में 360 से अधिक रिटेल स्टोर्स को हाइपरलोकल सेंटर में बदल दिया है। इसका फायदा यह है कि ग्राहक दो से चार घंटे के भीतर 1,500 से 2,000 डिजाइनों में से चयन कर सकते हैं। यह मॉडल गति के साथ-साथ व्यापक विकल्प देता है, जो उन श्रेणियों के लिए जरूरी है जहां उपभोक्ता खरीदने से पहले ब्राउजिंग पसंद करते हैं।

ज्वेलरी ब्रांड पल्मोनस की सीईओ पल्लवी मोहाडीकर के अनुसार, रैपिड कॉमर्स अब उनकी ऑनलाइन बिक्री का 25-30% योगदान दे रहा है। यह तेजी त्योहारों, गिफ्टिंग और आखिरी समय की खरीदारी से प्रेरित है। ब्रांड्स ने इसके लिए अपनी इन्वेंट्री प्लानिंग और डिमांड फोरकास्टिंग रणनीति को पूरी तरह बदल दिया है। बेस्टसेलिंग उत्पादों को उपभोक्ताओं के नजदीक वेयरहाउस में रखने के लिए टेक्नोलॉजी और थर्ड-पार्टी पार्टनरशिप का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे चंद घंटों में डिलीवरी संभव हो रही है।'

**श्रम** • कृषि, घरेलू कार्य और मैन्युफैक्चरिंग में भागीदारी सर्वाधिक

# वर्कफोर्स में नारी शक्ति... ई-श्रम पोर्टल पर नए रजिस्ट्रेशन में 70% महिलाएं

अहोना मुखर्जी | नई दिल्ली

देश के असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के डेटा के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में ई-श्रम पोर्टल पर हुए नए पंजीकरणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 68.78% रही, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा 52.38% था। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में यह हिस्सा 68.05% दर्ज किया गया था। यह रुझान दर्शाता है कि बड़ी संख्या में महिलाएं असंगठित कार्यबल में शामिल हो रही हैं। अगस्त 2021 में शुरू किया गया ई-श्रम पोर्टल देश के असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस है। इसमें घरेलू कामगार, कृषि श्रमिक, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, निर्माण श्रमिक, गिग वर्कर तथा स्वरोजगार से जुड़े लोग शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और अवैतनिक पारिवारिक कार्य में बढ़ती भागीदारी के कारण है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2023 की रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि वैश्विक स्तर पर कृषि, घरेलू कार्य और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में अनौपचारिक रोजगार में महिलाओं की संख्या अधिक है। अक्सर इन क्षेत्रों में महिलाओं के पास सामाजिक सुरक्षा, औपचारिक अनुबंध या स्थिर आय की कमी होती है।

### अपैरल सेक्टर में हिस्सेदारी 96% पहुंची

ई-श्रम पर कृषि क्षेत्र में कुल पंजीकरणों में महिलाओं की हिस्सेदारी 65.54% है। घरेलू और हाउसहोल्ड वर्क (93.66%) और परिधान (अपैरल) सेक्टर (95.86%) में महिलाएं प्रमुखता से अपनी जगह बना रही हैं। इसके अलावा, शिक्षा, स्वास्थ्य, ब्यूटी एंड वेलनेस और ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन में भी महिलाओं की भागीदारी अधिक है।

किसी समुद्री रास्ते को बंद करने की सिर्फ धमकी देना, उसे सचमुच बंद करने से कहीं ज्यादा प्रभावी रणनीति है। -जॉर्ज फ्रीडमैन

**लखनऊ के अलीगंज में आग से हुई युवाओं की मौत महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था की कमी का एक और उदाहरण है। समय आ गया है कि हर त्रासदी के बाद शोक व्यक्त करने और जांच बिठाने की रस्मी संस्कृति से आगे बढ़कर दोषियों के खिलाफ ठोस एवं सख्त कार्रवाई की जाए।**

## आग और सवाल



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में सोमवार की दोपहर एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से हुए भयानक हादसे में कई युवाओं की मौत की जो दर्दनाक तस्वीर सामने आई है, वह वाकई झकझोरने वाली है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद इमारत में धुआं भर गया और दूसरे फ्लोर पर स्थित एनिमेशन सेंटर के छात्रों में भगदड़ मच गई। उस स्थिति की कल्पना ही डराने वाली है, जब उनमें से कुछ छात्र जान बचाने के लिए ऊंचाई से कूद गए, तो कुछ बाथरूम में छिप गए। आग इतनी तेजी से फैली कि कई छात्र वहीं फंसे रह गए। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में भी इसी तरह की दुर्घटना हुई थी, जिसमें बीस से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे हादसे हमारे शहरों में तेजी से बढ़ रही सुरक्षा संबंधी लापरवाही की ओर ही इशारा करते हैं। अलीगंज में लगी आग की वजह तो जांच के बाद सामने आ ही जाएगी, लेकिन यह सवाल तो उठना स्वाभाविक है कि क्या इमारत में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम थे? क्या वहां अग्निशमन यंत्र काम कर रहे थे? क्या आपातकालीन निकास द्वार और सुरक्षित निकासी व्यवस्था मौजूद थी? अगर नहीं थी, तो प्रशासन कहां सो रहा था? वास्तविकता यह है कि अधिकांश मामलों में ऐसी व्यवस्थाएं या तो होती नहीं हैं, या फिर केवल निरीक्षण के वक्त दिखावे के लिए रखी जाती हैं। चिंता की बात यह भी है कि हादसों के बाद जांच के आदेश और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन देना एक रस्मी प्रशासनिक कवायद बनकर रह गई है। हर बड़े हादसे के बाद उच्चस्तरीय जांच बिठा दी जाती है, कुछ अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिए जाते हैं, और कुछ दिनों की चर्चा के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे लगातार होते ही रहेंगे। अब समय आ गया है कि हर त्रासदी के बाद शोक व्यक्त करने और जांच बिठाने की संस्कृति से आगे बढ़ें और लापरवाही की लपटों से बेगुनाहों को बचाने के लिए ठोस एवं सख्त कार्रवाई करें। ऐसे हादसों के कारणों की पारदर्शी जांच तो हो ही, हमें ऐसी व्यवस्था भी बनानी होगी, जहां सुरक्षा नियम कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई दें। किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसकी ऊंची इमारतों से नहीं, बल्कि अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता से होती है।

# दुनिया को क्या संदेश दे रहा है ईरान

**अमेरिकी प्रशासन ने इस युद्ध के जरिये ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की कोशिश की। पर, यह विडंबना ही है कि होर्मुज को लेकर ईरान की रणनीति एक अलग तरह की होड़ शुरू कर सकती है, जिसमें हर देश पैसा और ताकत हासिल करने के लिए 'चोक पॉइंट्स' की तलाश करेगा।**



एडवर्ड फिशमैन
*पूर्व राजनयिक एवं लेखक*

अमेरिका और ईरान के बीच हाल में हुए अस्थायी शांति समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने, कुछ आर्थिक प्रतिबंधों में राहत देने और ईरान की उसकी संपत्तियों तक पहुंच बहाल करने पर सहमति बनी थी। साथ ही, ईरान के परमाणु कार्यक्रम के भविष्य को लेकर वार्ता शुरू करने की भी घोषणा की गई थी। हालांकि, क्षेत्रीय तनाव कम होने के बजाय फिर से बढ़ता दिखाई दे रहा है। लेबनान और अन्य मोर्चों पर इस्राइल की लगातार सैन्य कार्रवाइयों के बाद ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि उसके सुरक्षा हितों की अनदेखी जारी रही, तो वह होर्मुज जलडमरूमध्य में नए प्रतिबंध लगा सकता है तथा टोल व्यवस्था दोबारा लागू कर सकता है।

भले ही युद्ध और प्रतिबंधों ने ईरान को सैन्य तथा आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया हो, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसका भौगोलिक प्रभाव अब भी उसे एक महत्वपूर्ण रणनीतिक शक्ति बनाए हुए है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक पर उसका नियंत्रण उसे क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति में मजबूत सौदेबाजी की स्थिति प्रदान करता है। यदि मौजूदा तनाव जारी रहता है, तो होर्मुज एक बार फिर वैश्विक राजनीति और ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख केंद्र बन सकता है। बेशक ट्रंप ने भी कहा है कि होर्मुज हमेशा के लिए टोल-फ्री रहेगा, लेकिन इस जलमार्ग पर ईरान की पकड़ ढीली होने की संभावना कम ही है, क्योंकि इससे तेहरान को रणनीतिक व आर्थिक लाभ मिलता है।

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने ईरानी सरकार से अपने देश के लिए तेल ले जाने वाले टैंकरों के सुरक्षित आवागमन की अपील की है। यानी तेहरान अब दुनियाभर की सरकारों के साथ अलग से समझौते करने की स्थिति में है। ईरान इस रणनीतिक स्थिति का उपयोग भविष्य में प्रतिबंधों में और राहत तथा अन्य कूटनीतिक रियायतें हासिल करने के लिए कर सकता है। साथ ही, जलडमरूमध्य को बंद करने या टोल लगाने की चेतावनी ईरान के लिए सैन्य हमलों और आर्थिक दबाव के खिलाफ एक प्रभावी प्रतिरोधक का काम कर सकती है। जहाज मालिक और ऊर्जा व्यापारी अतिरिक्त शुल्क का विरोध कर सकते हैं, पर इसकी लागत वैश्विक ऊर्जा व्यापार के पैमाने पर बहुत अधिक नहीं मानी जा रही है। एक बड़े ऑयल टैंकर के लिए, 20 लाख डॉलर का खर्च तेल के प्रति बैरल करीब एक डॉलर के बराबर है। ईरान की धमकियों की वजह से बीमा दरें बहुत बढ़ गई हैं; कुछ मामलों में प्रीमियम बढ़कर प्रति यात्रा 75 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।



सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात होर्मुज को फिर से खुलते हुए देखने के लिए बेताब हैं, ताकि वे अपने मुनाफे वाले तेल निर्यात को पूरी रफ्तार से फिर से शुरू कर सकें। ऐसे में, ये देश ईरान के टोल को एक आवश्यक, भले ही अस्थायी, व्यवस्था के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। इससे उन्हें ऐसी नई तेल पाइपलाइनें विकसित करने का समय मिल जाएगा, जो होर्मुज जलडमरूमध्य पर उनकी निर्भरता कम कर सकें। कतर के उप-प्रधानमंत्री पहले ही मान चुके हैं कि 'अस्थायी शुल्क' पर बातचीत की जा सकती है। होर्मुज को खुला रखने के लिए, ईरान मुआवजे की मांग करेगा। अगर वह सीधे जहाज मालिकों से भुगतान नहीं लेता है, तो संभावना है कि वह प्रतिबंधों में ढील के जरिये परोक्ष रूप से भुगतान हासिल कर लेगा। किसी भी स्थिति में, तेहरान को फायदा ही मिलेगा। और अगर सुरक्षित रास्ता ईरान की सहमति पर निर्भर करता है, तो होर्मुज पर उसका ही नियंत्रण होगा। यह स्थिति दीर्घकाल में चीन के लिए फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि इससे उन ऊर्जा तकनीक की मांग बढ़ सकती है, जिन पर चीन का दबदबा है।

अगर दुनिया की तेल आपूर्ति का पांचवां हिस्सा ईरान की वजह से हमेशा रुकावट के खतरे में रहता है, तो देशों के पास जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करने और चीन में बने सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक गाड़ियां और बैटरी का आयात बढ़ाने की और भी बड़ी वजह होगी। इसका मतलब यह भी होगा कि दुनिया एक जोखिम भरी निर्भरता को छोड़कर दूसरी निर्भरता अपना लेगी। पिछले साल रेयर-अर्थ मिनरल्स (दुर्लभ मृदा धातुएं) के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों ने यह भी दिखाया कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला के अहम 'चोक पॉइंट्स' कितने प्रभावशाली हथियार बन सकते हैं। इस कदम ने अमेरिकी नीति में बड़ा बदलाव लाने पर मजबूर कर दिया। अब ईरान ने दिखा दिया है कि होर्मुज को बंद करके दुनिया की सबसे ताकतवर सेना को भी पीछे हटने पर मजबूर किया जा सकता है। जिन देशों का अहम रास्तों पर नियंत्रण है, उनकी नजर से यह बात जरूर गुजरी होगी।

इतिहास में, भौगोलिक रूप से अहम और संकरे रास्तों का फायदा उठाना आम बात रही है। हालांकि, दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से वैश्विक समुद्री व्यापार काफी हद तक निर्बाध और स्वतंत्र बना रहा, क्योंकि अमेरिका ने दुनिया के प्रमुख समुद्री मार्गों की सुरक्षा व नौवहन स्वतंत्रता की गारंटी दी थी। पर, ईरान द्वारा होर्मुज पर कब्जा करने से इस व्यवस्था में दरार आ गई है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने हाल ही में पूछा, 'क्या हमें पता है कि पूर्वी एशिया की 70 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतें और 70 फीसदी व्यापार इंडोनेशिया की जलसंधियों से होकर गुजरता है?' इस टिप्पणी के बाद इंडोनेशियाई अधिकारियों ने तुरंत स्पष्ट किया कि मलक्का जलडमरूमध्य पर टोल लगाने की कोई योजना नहीं है, पर इस विचार का सामने आना यह संकेत देता है कि अमेरिकी ताकत के दम पर चलने वाला आजाद और खुला वैश्विक व्यापार अब किसी और चीज की जगह ले रहा है। मलक्का जलडमरूमध्य वही रणनीतिक समुद्री मार्ग है, जिसके जरिये दुनिया के लगभग एक-तिहाई व्यापार का आवागमन होता है। भविष्य में ऐसे कई हालात बन सकते हैं। हूती बाब-अल-मंदेब पर पकड़ मजबूत कर सकते हैं, रूस समुद्री इंटरनेट केबलों को निशाना बना सकता है और चीन ताइवान के आसपास जहाजों पर नियंत्रण बढ़ा सकता है। इसके संकेत भी दिखने लगे हैं। इसी महीने चीन ने ताइवान के पास वाणिज्यिक जहाजों की जांच के लिए अपनी समुद्री एजेंसी के जहाज भेजे, जिसे उसने 'विशेष समुद्री यातायात कानून प्रवर्तन अभियान' बताया।

अमेरिकी प्रशासन ने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की कोशिश की, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे पश्चिम एशिया में परमाणु हथियारों की होड़ शुरू हो सकती है। इस युद्ध के जरिये ट्रंप उस समस्या को हमेशा के लिए खत्म करना चाहते थे। पर, विडंबना देखिए कि होर्मुज में ईरान की सफलता एक अलग तरह की होड़ शुरू कर सकती है, जिसमें हर देश पैसे और ताकत हासिल करने के लिए 'चोकपॉइंट्स' की तलाश करेगा।

©The New York Times 2026

## जीवन धारा



आंद्रे अगासी

पहचान के साथ एक खतरा जुड़ा होता है। यदि हम स्वयं को केवल अपनी उपलब्धियों से परिभाषित करने लगें, तो हमारी आत्मा उनकी गुलाम बन जाती है। जब आपके पास सब कुछ होता है, तब स्वयं को जानना कठिन होता है।

## खुद को खोज लेना ही सबसे बड़ी जीत

*कभी-कभी जीवन की सबसे बड़ी जीत ट्रॉफी जीतना नहीं, बल्कि स्वयं को खोज लेना होती है। मैंने जीवन का ज्यादातर हिस्सा जीतने में बिताया। जब छोटा था, तब मुझे सिखाया गया कि जीत ही सब कुछ है। उस जीत का अर्थ था-सम्मान, स्वीकृति और प्रेम। और हार का अर्थ था-निराशा। इसलिए, मैंने बचपन से ही टेनिस कोर्ट को अपना संसार बना लिया, और सच कहूं तो मुझे उसमें धकेल दिया गया था। लोग मुझे ट्रॉफियों और रैंकिंग के साथ देखते थे, मेरे जीते ग्रैंड स्लैम गिनते थे। उन्हें लगता था कि मैं एक बेहद कामयाब शख्स हूं। और सच्चाई यह है कि लंबे समय तक मैं भी यही मान कर चलता रहा कि कामयाबी का अर्थ वही है, जो दुनिया मुझे बता रही है।*



*लेकिन, जीवन की एक विचित्र बात है। वह आपको वह सब कुछ दे सकता है, जिसके लिए आप संघर्ष कर रहे हैं, किंतु इसके बावजूद, आपके भीतर एक खालीपन छोड़ सकता है। जब मैंने पहली बड़ी ट्रॉफी जीती, तो मुझे लगा था कि अब सब बदल जाएगा। सोचा था कि अब मुझे वह संतोष मिलेगा, जिसकी तलाश थी। लेकिन, हर जीत के उत्साह के कुछ समय बाद मैं फिर से एक उलझे हुए, बेचैन और भीतर से अधूरे व्यक्ति में तब्दील हो जाता था। धीरे-धीरे मुझे समझ आने लगा कि मैं केवल अपने प्रतिद्वंद्वी से नहीं लड़ रहा था, बल्कि मेरा सबसे कठिन मुकाबला तो खुद से ही हो रहा था। कई बार मुझे लगा कि मैं अपनी ही बनाई हुई छवि में कैद हो गया हूं। दुनिया मुझे 'आंद्रे अगासी' के रूप में जानती थी, जो एक टेनिस स्टार, एक चैंपियन है। पर, मैं खुद से पूछता था कि क्या यही मेरी पूरी पहचान है? यह सवाल मुझे परेशान करने लगता, क्योंकि किसी भी पहचान के साथ एक खतरा जुड़ा होता है। यदि हम स्वयं को केवल अपनी उपलब्धियों से परिभाषित करने लगें, तो हमारी आत्मा उन उपलब्धियों की गुलाम बन जाती है।*

*मैंने देखा कि हर जीत के बाद मुझे अगली जीत चाहिए होती थी। और यह दौड़ कभी खत्म नहीं होती। तब जीवन ने मुझे कुछ कठिन सबक भी सिखाए। उन दिनों में मैंने अपने बारे में सबसे अधिक सीखा। जब आपके पास सब कुछ होता है, तब स्वयं को जानना कठिन होता है। लेकिन, जब बहुत कुछ टूट जाता है, तब आप पहली बार अपने असली स्वरूप को देख पाते हैं। मैंने महसूस किया कि मैं केवल एक खिलाड़ी नहीं, एक मनुष्य भी हूं। यहीं से मेरी सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू हुई। मैंने स्वयं से ईमानदार होना सीखा। यह स्वीकारना सीखा कि मैं हमेशा मजबूत नहीं हूं। जब मैंने अपने मुखौटे उतारने शुरू किए, तभी मैं पहले से ज्यादा स्वतंत्र महसूस करने लगा। आज अगर कोई मुझसे पूछे कि मेरी सबसे बड़ी जीत कौन-सी थी, तो शायद मैं कहूंगा कि मेरी सबसे बड़ी जीत वह थी, जब मैंने खुद को स्वीकार किया। क्योंकि, अंततः शोहरत वक्त के साथ धुंधली पड़ जाती है। लेकिन, यदि आपने भीतर के सत्य को छू लिया, तो वह उपलब्धि कभी पुरानी नहीं होती।*

*-ऑटोबायोग्राफी 'ओपन' से*

### भीतर के सत्य को जानें

**सूत्र**

*सच्ची जीत ट्रॉफियों, रैंकिंग या दुनिया की प्रशंसा में नहीं, बल्कि स्वयं को पहचानने, अपनी कमजोरियों को स्वीकार करने में है। हमारी पहचान केवल उपलब्धियों से नहीं बनती; क्योंकि शोहरत क्षणिक है, लेकिन जो व्यक्ति अपने भीतर के सत्य को जान लेता है, स्वयं से ईमानदार हो जाता है, वही जीवन की सबसे बड़ी और स्थायी विजय प्राप्त करता है।*

## दूसरा पहलू

मुगलकाल में लगभग 1645 के आसपास एक लोहार ने दो तलवारों को आपस में एक कील से जोड़कर चमड़ा काटने का जुगाड़ किया था।

## दो तलवारों से बनी थी पहली कैंची

■ *नितिन यादव*

**मेरठ** के नाम के साथ ही कैंची की तेज धार की पहचान भी जुड़ी है। कैंची का इतिहास बड़ा रोचक है। बताया जाता है कि मुगलकाल में लगभग 1645 के आसपास एक लोहार ने कैंची का आविष्कार किया। दरअसल, अखुंजी नाम के इस लोहार को चमड़ा काटना था। इसके लिए दो तलवारों को मिलाकर एक कील से जोड़कर चमड़ा काटने का जुगाड़ किया गया। इस तरह पहली कैंची दो तलवारों के आकार की बनी। इसके बाद अखुंजी के वंशजों ने कैंची बनाने का काम शुरू कर दिया। धीरे-धीरे आकार छोटा होता गया और पीतल एवं तांबे से कैंचियां बनने लगीं। धार की धमक ऐसी हुई कि देश ही नहीं, दुनिया के 30 देशों में इसका निर्यात होता है।



एक कैंची को बनाने में 17 कारीगर लगते हैं। हर कारीगर अलग-अलग काम करता है और एक कैंची को बनने में दो से तीन दिन लगते हैं।

आज भी मेरठ के छोटे-छोटे मोहल्लों में 125 इकाइयों में यह कैंची बनती है। इसको 2015 में जीआई टैग मिल चुका है और यह पहचान मजबूत हो गई कि कोई और मेरठ की कैंची को अपनी नहीं बता सकता। एक छोटी-सी कैंची को बनाने में मशीनों के साथ-साथ हाथ की कारीगरी की भी बड़ी भूमिका होती है। अखुंजी के परिवार से जुड़े शरीफ अहमद बताते हैं कि एक कैंची को बनाने में 17 कारीगर लगते हैं। हर कारीगर अलग-अलग काम करता है और एक कैंची को बनने में दो से तीन दिन लगते हैं। मेरठ की कैंची की धार को ऐसा बनाया जाता है कि यह लंबे समय तक चले। मशीनों के बजाय कारीगर का तर्जुबा ही इसका घुमाव और धार तय करता है।



चीन, जापान और इटली जैसे देशों में कैंची का उत्पादन तो खूब होता है, लेकिन मेरठ की कैंची की तरह दोबारा से धार नहीं लग सकती है। इसे 2015 में जीआई टैग भी मिल चुका है।

ऐसा कोई फ्रेम नहीं होता, जिसमें कैंची की बनावट को फिट करके एक जैसे पीस बनाए जा सकें। चीन, जापान और इटली जैसे देशों में कैंची का उत्पादन तो खूब होता है, लेकिन वे मशीन से बनती हैं। उनमें मेरठ की कैंची की तरह दोबारा से धार नहीं लग सकती है। शरीफ अहमद बताते हैं कि कोरोना काल में जब विदेशों से कैंची आनी बंद हो गई, तो घरेलू कारोबार सालाना एक हजार करोड़ रुपये का हो गया था। अब कारीगरों की तैयारी है कि पुराने पैटर्न को बदलकर नए ट्रेंड की कैंची बनाई जाए, जिससे कि विदेशों से आने वाली कैंचियों को टक्कर दी जा सके। हालांकि, टक्कर की बात से कारीगर थोड़ा नाराज से दिखते हैं, वह कहते हैं-मेरठ की कैंची एक कला है, कारीगरी का हुनर है, किसी मशीन से बना उत्पाद नहीं। इसलिए, इसकी किसी से टक्कर हो ही नहीं सकती है।

**आंकड़े**

### कोयले की खपत

कोयला देश की ऊर्जा व्यवस्था की रीढ़ बना हुआ है और बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का प्रमुख आधार है। पर, इसका खनन और दोहन पर्यावरणीय चुनौतियां भी बढ़ाता है।

| | |
|---|---|
| चीन | 55.8 |
| भारत | 13.9 |
| अमेरिका | 4.8 |
| इंडोनेशिया | 2.9 |
| जापान | 2.7 |

आंकड़े कोयले की खपत करने वाले देशों के, प्रतिशत में। | स्रोत : वैश्विक ऊर्जा सांख्यिकी समीक्षा

**एक गाय, उसका बछड़ा और एक ब्राह्मण, तीनों ने मिलकर वचन पालन की ऐसी मिसाल कायम की, जिसने स्वयं श्रीकृष्ण को साक्षात दर्शन देने पर विवश कर दिया।**

## सत्यनिष्ठा और वचन पालन

**अंतर्यात्रा**
संकलित

**पौराणिक** कथाओं में ब्रजमंडल के द्वादश वनों में से एक, बहुलावन की महिमा अत्यंत प्रसिद्ध है। इस वन का नाम बहुला नामक एक सत्यनिष्ठ और वात्सल्य से परिपूर्ण गाय के कारण पड़ा। कहा जाता है कि एक दिन वृंदावन के घने जंगलों में चरते समय बहुला गाय का सामना शेर से हो गया। शेर उसे अपना आहार बनाना चाहता था। बहुला ने अत्यंत विनम्रता से कहा कि उसका बच्चा (बछड़ा) घर पर भूखा है। यदि शेर अनुमति दे, तो वह पहले अपने बछड़े को दूध पिलाकर शीघ्र ही वापस लौट आएगी।

शेर ने उसकी बात स्वीकार कर ली। बहुला घर पहुंची, अपने बछड़े को दूध पिलाया और पूरी घटना बता दी। यह सुनकर बछड़ा अपनी मां को अकेले जाने देने के लिए तैयार नहीं हुआ। उसने भी साथ चलने का निश्चय किया। उनके मालिक ब्राह्मण ने भी साथ जाने का निश्चय लिया।

इस प्रकार बहुला, बछड़ा और ब्राह्मण, तीनों स्वेच्छा से शेर के पास पहुंच गए। उनकी सत्यनिष्ठा और वचन पालन देखकर भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हुए। उन्होंने शेर को सद्बुद्धि प्रदान की और बहुला, उसके बछड़े तथा ब्राह्मण को अभयदान दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने इस पावन वन का नाम बहुला गाय की स्मृति में 'बहुलावन' रखा।

## अमर उजाला

**पुराने पन्नों से** — 23 जून, 1955

### दूसरों को कटु लगने वाली बात नहीं कहनी चाहिए


कोई ऐसी बात नहीं कहनी चाहिये जो दूसरों को कटु लगे

**एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा कि यूरोप व एशिया में मित्रवत कदम उठाए जाने की जरूरत है। इसी से तनाव कम होगा। हमें ऐसी कोई बात नहीं कहनी चाहिए, जो दूसरों को कटु लगे।**

# नियमों की अनदेखी से होते सड़क हादसे



**शिक्षा के प्रसार के बाद भी बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और नियमों की अनदेखी यह दर्शाती है कि हमें अपनी मानसिकता सुधारने की जरूरत है।**

**डॉ. विवेक एस अग्रवाल** | **मुद्दा**

हर शहर में बढ़ते परिवहन और नियमों की खुली अनदेखी शिक्षा के प्रसार के बावजूद कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही है। अक्सर यह अपेक्षा की जाती है कि हर चौराहे पर यातायात पुलिस का जवान दिन-रात, धूप, धूल और बारिश की परवाह किए बिना खड़ा रहे और तेज रफ्तार वाहनों को रोककर यातायात व्यवस्था संभालता रहे। अनेक शहरों में चौराहों पर कैमरे लग गए हैं, पर अंदाज वही है 'क्या फर्क पड़ता है?' लेकिन, फर्क तो उन्हें पड़ता है, जो या तो दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं या फिर उन्हें, जिन्हें घायल व्यक्ति की देखभाल और सेवा में अपना पूरा जीवन लगाना पड़ता है। इन सबके बीच यदि कुछ समान रूप से चर्चा में रहता है, तो वह है सरकार, खासकर ट्रैफिक पुलिस महकमे को दुर्घटना के लिए उत्तरदायी ठहराना।

वाहन चलाने का लाइसेंस पाने से पहले लगभग हर व्यक्ति को एक निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इसमें निर्धारित ट्रैक पर वाहन चलाने से लेकर नियम-कायदों तक, हर पक्ष को परखा जाता है। इसके बावजूद, दुर्घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रहीं। आंकड़ों के अनुसार, दुनियाभर में सड़क दुर्घटना से प्रतिवर्ष हो रही लगभग 12 लाख मौतों में सर्वाधिक 12-13 प्रतिशत भारत में हो रही हैं। इनमें जान गंवाने वालों में करीब 90 प्रतिशत लोग आर्थिक रूप से कमजोर या मध्यमवर्गीय परिवारों से होते हैं, और अधिकांश युवा होते हैं। अधिक चिंताजनक यह है पिछले कुछ वर्षों में दुर्घटना और उससे होने वाली मृत्यु राष्ट्रीय एवं राज्य हाईवे की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में कहीं अधिक गति से बढ़ रही है।



एक अनुमान के अनुसार, शहरी सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों का हिस्सा 60 प्रतिशत से भी अधिक है। मृतकों में केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि सड़क पार करने वाले और फुटपाथ न होने के कारण सड़क किनारे चलने वाले पैदल यात्री भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। हैरानी वाली बात है कि यातायात नियम तोड़ने वालों में 70 फीसदी युवा ही होते हैं। किसी अनपढ़, ग्रामीण, या अक्षम वृद्ध द्वारा नियमों का टूटना जानकारी का अभाव या संयोग हो सकता है, किंतु पढ़े-लिखे युवा वर्ग द्वारा ऐसा करना सोचा-समझा आपराधिक कृत्य या आत्महत्या का प्रयास ही माना जाएगा। हालांकि, इनके पीछे सबसे बड़ी वजह जनमानस में बढ़ रही आपाधापी व धैर्य की कमी है।

शहरों में सड़कों को निरंतर चौड़ा किए जाने की वजह से पैदल चलने वालों के लिए पगडंडी भी नहीं बचती। सड़क पार करने के लिए बनाए गए जेब्रा क्रॉसिंग भी समय के साथ मिट जाते हैं। कई वाहन चालक तो नजर घुमाकर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करते हैं। पुलिस न दिखने पर वे रेड लाइट होने के बावजूद दूसरे छोर तक पहुंच जाते हैं। युवा चालक तो बाईं ओर मिलने वाली छूट का फायदा उठाकर नियमों को नजरअंदाज करते हुए चौराहा पार कर जाते हैं। पूरी दुनिया में, विशेष तौर पर विकसित राष्ट्रों में सड़क संबंधी कानूनों के तहत पहला अधिकार पैदल चलने वालों का होता है। भारत में अभी इसे लागू होने में पता नहीं कितना समय लगेगा, क्योंकि सड़कों पर उनके लिए पर्याप्त स्थान ही उपलब्ध नहीं है। पिछले दिनों न्यायालयों ने संज्ञान लेते हुए इस बाबत सरकारों को निर्देशित भी किया, किंतु कार्यवाही के अभाव में अमल कछुआ चाल से हो रहा है।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह समझना भी जरूरी है कि यातायात नियमों की अनदेखी के बाद होने वाली त्रासदियां कितनी गंभीर होती हैं। यदि नियमों की अनदेखी के पश्चात हुई दुर्घटना को सीधे तौर पर आत्महत्या मान लिया जाए और साथ बैठे सहयात्री को उसे उकसाने का दोषी करार दे दिया जाए, तो शायद मानसिकता में परिवर्तन आए। बीमा कंपनियों द्वारा भी उक्त हादसों को आत्महत्या जैसा मानते हुए दावों का निस्तारण किया जाए, तो संभव है कि जिम्मेदारी का भाव जागृत हो। गलत दिशा में वाहन चलाने वालों को आत्मघाती हमलावर तथा डिवाइडर से कूद कर आने वालों को स्लीपर सेल के रूप में चिह्नित करने से घटना की गंभीरता बेहतर समझ आएगी। इन्सान के मन में मृत्यु की किसी भी रूप से भरपाई नहीं होने की स्पष्टता नियंत्रण में अहम भूमिका निभा सकती है। यह नियम जेब्रा क्रॉसिंग के अतिरिक्त पैदल रोड पार करने वालों पर भी समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण अभियान का फोकस मृत्यु आमंत्रण या आत्महत्या के प्रयास के रूप में केंद्रित करते हुए जिम्मेदारी तय करना महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। अतः, हर स्तर पर सक्षम कार्यवाही करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

edit@amarujala.com

## सेबी की चेतावनी बेअसर...लोगों ने यूपीआई के जरिये खरीदा 24 अरब रुपये का 1.54 टन सोना

**नई दिल्ली।** सेबी की चेतावनी के बाद भी देश में यूपीआई के जरिये लगातार सोना खरीदा जा रहा है। विश्व स्वर्ण परिषद के मुताबिक, मई में यूपीआई के जरिये 24 अरब रुपये मूल्य का 1.54 टन सोना खरीद गया। हालांकि, यह जनवरी, 2026 के उच्चतम स्तर की तुलना में मूल्य के हिसाब से 38 फीसदी और मात्रा के लिहाज से 41 फीसदी कम है।

विश्व स्वर्ण परिषद ने कहा, यूपीआई के जरिये सोना खरीदने की मात्रा मई में 16 महीनों के औसत (1.36 टन) से ऊपर बनी रही। यूपीआई के जरिये सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन वाली श्रेणियों में डिजिटल गोल्ड अब भी शीर्ष पर बना हुआ है। **दरअसल, सेबी ने चेतावनी में कहा,** कई डिजिटल और ऑनलाइन मंच डिजिटल गोल्ड या ई-गोल्ड को भौतिक सोने के विकल्प के रूप में प्रचारित कर रहे हैं, जो असुरक्षित हो सकता है। ये डिजिटल गोल्ड उत्पाद तो न प्रतिभूतियों के दायरे में आते हैं और न ही कमोडिटी डेरिवेटिव्स के रूप में अधिसूचित हैं। ऐसे में अगर इन मंचों पर आपके साथ कोई धोखाधड़ी होती है, तो सेबी या शेयर बाजार का कोई भी निवेशक सुरक्षा तंत्र आपको नहीं बचा पाएगा। ■ बोनस डेस्क

### सोने में निवेश के सुरक्षित तरीके



अगर आप सोने में निवेश करना चाहते हैं, तो बाजार नियामक सेबी की ओर से विनियमित तीन विकल्प मौजूद हैं, जहां आपका पैसा सुरक्षित और नियमों के अधीन रहता है। **पहला...**म्यूचुअल फंड्स की ओर से पेश किया जाने वाला गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ)। **दूसरा...**स्टॉक एक्सचेंजों पर आसानी से ट्रेड होने वाली इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स और **तीसरा...**एक्सचेंजों पर कारोबार करने वाले कमोडिटी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स।

## सोना 1,700 रुपये महंगा, चांदी के दाम 4,800 रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मांग बढ़ने और रुपये में कमजोरी से सोने एवं चांदी में तेजी देखने को मिली। लगातार चार सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 1,52,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पहुंच गई। चांदी भी 4,800 रुपये की बढ़त के साथ 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई।

ईरान और अमेरिका के शांति समझौते को लेकर एक रोडमैप पर सहमत होने से भी सराफा कीमतों को समर्थन मिला। विदेशी बाजार में सोना बढ़कर 4,210.19 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। एजेंसी

## आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सात माह के निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मई, 2026 में धीमी पड़कर सात महीने के निचले स्तर 0.5 फीसदी पर आ गई। इससे पहले वृद्धि की सबसे कम रफ्तार अक्तूबर, 2025 में 0.1 फीसदी रही थी। कोयला, कच्चा तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुस्त पड़ी। अप्रैल में इन उद्योगों की वृद्धि दर 1.8 फीसदी और मई, 2025 में 1.2 फीसदी रही थी।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, बीते माह इस्पात का उत्पादन घटकर 5 फीसदी रह गया, जो एक साल पहले 7.4 फीसदी था। वहीं, सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर भी 9.7 फीसदी से गिरकर 8.4 फीसदी रह गई। कोयला उत्पादन में भी 9.3 फीसदी गिरावट दर्ज की गई, जबकि क्रूड उत्पादन 4.6 फीसदी घटा है। हालांकि, बिजली उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 8.7 फीसदी पहुंच गई, जो मई, 2025 में 4.7 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-मई में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 1.1 फीसदी पर लगभग स्थिर रही। एजेंसी

## एक्सप्लेनर

### ईरानी क्रूड पर अमेरिकी पाबंदी में ढील

## ईरान के तेल से भारत को कितना होगा लाभ?

**प्रतिबंध में ढील के बाद क्या समंदर में तैर रहा करोड़ों बैरल ईरानी तेल भारतीय रिफाइनरियों में आएगा?**

भारत के लिए राहत भरी खबर है। ईरान के साथ हुए 14 सूत्री समझौते के तहत अमेरिका ने ईरानी क्रूड के निर्यात पर प्रतिबंध 21 अगस्त तक हटा गिया है। इससे भारत ईरान से फिर से कच्चा तेल खरीद सकेगा।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ ने कहा, प्रतिबंध हटना भारत के लिए सकारात्मक होगा, क्योंकि दोनों देशों के बीच भौगोलिक निकटता है और ईरान भारत को 60 से 90 दिनों का क्रेडिट पीरियड देता है, जबकि अन्य आपूर्तिकर्ता सिर्फ 30 दिनों का समय देते हैं।

### कितना तेल आएगा बाजार में

■ ट्रंप प्रशासन समुद्र में मौजूद जहाजों पर पहले से लदे ईरानी कच्चे तेल पर लगी पाबंदियों में ढील दे दिया है। अमेरिका के इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति होगी। इससे युद्ध की वजह से शिपिंग और तेल उत्पादन में रुकावट की भरपाई हो सकती है।



■ **ईरानी कच्चे तेल के मामले में ढील देने से भारत के लिए बड़ी राहत और अवसर दोनों पैदा हो सकते हैं।**

■ **अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के मुताबिक,** समुद्र में अभी 14 करोड़ बैरल कच्चे तेल का कार्गो मौजूद है। इस तेल के बाजार में आने से आपूर्ति से जुड़ी दिक्कतों में कमी आएगी और कीमतों को भी नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी।

### फिर से सक्रिय हो सकती हैं भारतीय रिफाइनरियां

■ भारत के क्रूड आयात का 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। इनमें इराक, सऊदी अरब, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इसमें से आधा तेल होर्मुज स्ट्रेट से आता है। **कैप्लर के रिफाइनरी विश्लेषक सुमित रितोलिया के मुताबिक,** 2018 में ईरान पर पाबंदियां सख्त होने से पहले भारत के कुल तेल आयात में ईरानी हिस्सेदारी 11.5 फीसदी तक पहुंच गई थी।

■ 2019 में ईरान से आपूर्ति बंद होने के बाद भारत खाड़ी देशों एवं अमेरिका से तेल खरीदने लगा। यूक्रेन युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियम बदलने से भारी छूट वाले रूसी तेल ने यह जगह ले ली। अब विश्लेषकों का मानना है कि अगर ईरानी तेल बाजार में आता है, तो भारतीय रिफाइनरियां फिर सक्रिय हो सकती हैं।

■ कैप्लर के मुताबिक, 14-17 करोड़ बैरल ईरानी क्रूड समुद्र में मौजूद है। इसका एक हिस्सा बिका नहीं है। इससे अतिरिक्त आपूर्ति बाजार में आएगी, जिसे भारतीय रिफाइनरियां फिर से अपने सिस्टम में लाने में सक्षम हैं। ■ बोनस डेस्क

### पेट्रोल-डीजल मार्जिन युद्ध पूर्व स्तर के पार

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई हालिया गिरावट और उत्पाद शुल्क में कटौती के चलते देश की सरकारी तेल विपणन कंपनियों का पेट्रोल और डीजल पर संयुक्त मार्जिन ईरान युद्ध से पहले के स्तर से भी ऊपर निकल गया है। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी तेल के बाजार में आने से कच्चे तेल की कीमतों में और कमी आएगी, जिससे आने वाले दिनों में इंडियन ऑयल एवं बीपीसीएल जैसी कंपनियों के मुनाफे में जोरदार सुधार देखने को मिल सकता है।

## न्यूज डायरी

### एआई पोर्टल दूर करेगा पेंशन से जुड़ी दिक्कतें

**नई दिल्ली।** पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण यानी पीएफआरडीए ने शिकायतों के निपटान को आसान, पारदर्शी और अधिक सुलभ बनाने के लिए एआई आधारित नया मंच पीएफआरडीए पेंशन सहायक लॉन्च किया है। इससे वरिष्ठ नागरिकों, ग्रामीण क्षेत्रों के अंशधारकों और क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद करने वाले लोगों को विशेष सुविधा मिलेगी। इस प्लेटफॉर्म के जरिये उपयोगकर्ता 22 भारतीय भाषाओं में शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। पसंदीदा भाषा में जवाब मिलने के साथ ऑडियो संवाद की सुविधा भी उपलब्ध होगी। एजेंसी

### डॉलर में मजबूती से 30 पैसे टूट गया रुपया

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 30 पैसे टूटकर 94.63 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा, पूरे कारोबारी सत्र के दौरान रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर कर्ज एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया। हालांकि, पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति और मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.42 पर खुला। दिन में 94.24 से 94.76 के दायरे में रहा। एजेंसी

# फसलों पर भारी पड़ी मानसून की बेरुखी कपास और सोयाबीन की बुआई पिछड़ी

**चिंता...खाद्य तेल आयात पर बढ़ेगी निर्भरता, कपड़ा उद्योग की लागत में भी होगी वृद्धि**

बोनस डेस्क

**नई दिल्ली।** इस बार समय से पीछे चल रहे मानसून ने खरीफ फसलों की बुआई को लेकर चिंता बढ़ा दी है। दक्षिण पश्चिम मानसून के तहत अब तक 43 फीसदी कम बारिश हुई है। इससे देश की दो महत्वपूर्ण नकदी फसलें कपास और सोयाबीन बुआई के शुरुआती दौर में पिछड़ गई हैं।

कृषि मंत्रालय के 19 जून तक के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 17.13 लाख हेक्टेयर में कपास की बुवाई हुई है। यह आंकड़ा एक साल पहले के 22.82 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 5.69 लाख हेक्टेयर कम है। बुवाई का यह आंकड़ा बताता है कि कपड़ा उद्योग की इस लाइफलाइन से किसान फिलहाल हाथ खींच रहे हैं।

कपास के रकबे में आई शुरुआती सुस्ती अगर अगले कुछ हफ्तों में नहीं सुधरी, तो कॉटन और यार्न की कीमतों में तेजी आ सकती है, जिसका सीधा असर टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर पड़ेगा।

कपास की ही तरह तिलहन क्षेत्र को भी तगड़ा झटका लगा है। इसकी मुख्य वजह सोयाबीन की बुआई में आई भारी सुस्ती है। पिछले साल की समान अवधि में सोयाबीन का रकबा 2.50 लाख हेक्टेयर था, जो इस बार 1.20 लाख हेक्टेयर की गिरावट के साथ सिर्फ 1.30 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। सोयाबीन में इस सुस्ती के कारण तिलहन का कुल रकबा भी पिछले साल के 8.11 लाख हेक्टेयर से गिरकर 7.24 लाख हेक्टेयर रह गया। हालांकि, मूंगफली और सूरजमुखी में मामूली बढ़त है, लेकिन वे सोयाबीन के नुकसान की भरपाई करने में नाकाम रहे हैं।



■ ***धान और बाजरे का रकबा बढ़ा :*** *धान की बुआई 4.26 लाख हेक्टेयर बढ़कर 12.36 लाख हेक्टेयर पहुंच गई। मोटे अनाजों जैसे बाजरा का रकबा भी 2.14 लाख हेक्टेयर से दोगुना होकर 4.05 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। धान और मोटे अनाजों में सरकारी खरीद का भरोसा एवं कम जोखिम किसानों को आकर्षित कर रहा है, जबकि कपास-सोयाबीन में वैश्विक बाजार की अनिश्चितता और कीटों का डर किसानों को डरा रहा है।*

### जल प्रबंधन के कमजोर ढांचे से बढ़ रहा वित्तीय जोखिम : मूडीज

**मूडीज रेटिंग्स** ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा, भारत का बिखरा जल प्रबंधन ढांचा और पानी की अत्यधिक सब्सिडाइज्ड कीमतें देश के लिए बड़ा वित्तीय एवं क्रेडिट जोखिम पैदा कर रही हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी का मानना है कि पानी के आवंटन, उसकी कीमतों और वितरण के नियम अब किसी भी देश की आर्थिक मजबूती तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अगर समय रहते इस ढांचे में सुधार नहीं हुए, तो यह लंबे समय में राज्यों के खजाने पर भारी दबाव और क्रेडिट रेटिंग यानी साख पर नकारात्मक असर डाल सकती है।



■ **80 फीसदी पानी निगल रही खेती :** भारत में पानी की कीमतें अत्यधिक रियायती हैं। विशेष रूप से कृषि क्षेत्र के लिए। **देश के कुल ताजे पानी का 80 फीसदी हिस्सा कृषि क्षेत्र में जाता है।** सब्सिडी के कारण पानी का विवेकहीन दोहन हो रहा है, जिससे भूजल स्तर खतरनाक स्तर तक नीचे जा रहा है।

■ **एआई और डाटा सेंटर बढ़ा रहे नई मुसीबत :** मूडीज ने एक नए उभरते खतरे की ओर भी इशारा किया है। देश में क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का विस्तार तेजी से हो रहा है। इसके चलते बड़े-बड़े डाटा सेंटर बनाए जा रहे हैं। इन्हें ठंडा रखने के लिए भारी मात्रा में पानी की जरूरत होती है। **डाटा सेंटर की यह तेजी से बढ़ती मांग पानी की कमी से जूझ रहे सिस्टम पर एक नया औद्योगिक दबाव बना रही है, जिससे निपटना सरकारों और यूटिलिटी कंपनियों के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौती होगी।**

## चीन, अमेरिका और ईयू से आयातित रसायन पर शुल्क



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका से आयातित सल्फेनामाइड्स एक्सेलेरेटर्स रसायन पर पांच साल के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। इसका इस्तेमाल रबड़ और टायर उद्योग में होता है।

वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा, रसायन का भारतीय बाजार में सामान्य मूल्य से कम दाम पर निर्यात किया गया। इससे डंपिंग हुई और घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान पहुंचा। जांच के बाद व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश पर 75 से 1,748 डॉलर प्रति टन के बीच शुल्क लगाया गया है। शुल्क पांच वर्षों तक लागू रहेगा, जब तक इसे रद्द, प्रतिस्थापित या संशोधित न किया जाए।

इसके अलावा, भारत ने मलयेशिया, चीन, थाइलैंड और इंडोनेशिया से आयातित एल्युमिनियम फॉयल पर डंपिंग-रोधी शुल्क को भी बढ़ा दिया है, जो इस साल 15 दिसंबर तक लागू रहेगा। चीन से आयातित पॉलिएथिलीन टेरेफ्थेलेट रेजिन पर भी पांच वर्षों की अवधि के लिए 200.66 डॉलर प्रति टन का डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। एजेंसी


## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### डीएसएसएसबी में निकली भर्ती

जूनियर साइंटिफिक असिस्टेंट व अन्य पद खाली



**1979 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 15 जुलाई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 37 वर्ष
यहां आवेदन करें : dsssbonline.nic.in

### सीमा सड़क संगठन ■ 899 पद

ड्राफ्ट्समैन, हिंदी टाइपिस्ट व अन्य पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि : 04 जुलाई, 2026
पात्रताएं : मैट्रिक, बारहवीं व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : bro.gov.in

### राजस्थान लोक सेवा आयोग ■ 371 पद

सहायक अभियोजन अधिकारी के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 07 जुलाई, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : rpsc.rajasthan.gov.in

### भारत संचार निगम लिमिटेड ■ 100 पद

जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर के पदों पर करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 03 जुलाई, 2026
वेतनमान : रुपये 16,500 से रुपये 40,500 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : bsnl.co.in

### एसजीएमएच, दिल्ली में मौके ■ 58 पद

सीनियर रेजिडेंट के पदों पर रिक्तियां
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 02 जुलाई, 2026
वेतनमान : रुपये 67,700 से रुपये 2,08,700 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : sgmh.delhi.gov.in/

### सीएसआईआर सीईआरआई ■ 22 पद

तकनीकी अधिकारी और तकनीशियन के पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 08 जुलाई, 2026
योग्यताएं : दसवीं, बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : ceeri.res.in/

### यहां भी हैं रोजगार के अवसर...

राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र : रिसर्च एसोसिएट-I का पद खाली।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 09 जुलाई, 2026
■ nbrc.ac.in/newweb/
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर : प्रोजेक्ट असिस्टेंट के पदों पर निकली भर्ती।
■ आवेदन करने की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026
■ iitk.ac.in/

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।


# एजुकेशन & कॅरिअर

गलतियों को असफलता नहीं, बल्कि सीखने और समझ बढ़ाने का एक जरिया मानें।

## बारहवीं के बाद ड्रॉप लें या नहीं

*ड्रॉप ईयर आखिरी मौका नहीं, बल्कि एक सुनियोजित अवसर है। अगर यह निर्णय सूझ-बूझ से लिया जाए, तो भविष्य को नई दिशा दे सकता है*

**जितेंद्र सिंह**
कॅरिअर एक्सपर्ट



आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में बारहवीं के बाद एक वर्ष का ड्रॉप लेना कई विद्यार्थियों के लिए सामान्य बात बन गई है। विशेष रूप से नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र बेहतर रैंक और अपने पसंदीदा संस्थान में प्रवेश पाने के लिए यह निर्णय लेते हैं। हालांकि, ड्रॉप ईयर तभी सफल साबित होता है, जब उसके पीछे स्पष्ट लक्ष्य, सही रणनीति और मजबूत अनुशासन हो। ड्रॉप लेने का अर्थ केवल एक वर्ष अतिरिक्त पढ़ाई करना नहीं है, बल्कि पिछली गलतियों का विश्लेषण करना और लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना है।

**■ कितने वर्ष का ड्रॉप उचित है**

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश विद्यार्थियों के लिए एक वर्ष का ड्रॉप पर्याप्त होता है। इस दौरान यदि छात्र अपनी पिछली कमियों को पहचानकर योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करें, तो सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। वहीं, दो या उससे अधिक वर्षों का ड्रॉप लेने का निर्णय केवल विशेष परिस्थितियों में ही उचित माना जाता है, क्योंकि लंबे समय तक तैयारी जारी रखना मानसिक, शैक्षणिक और भावनात्मक चुनौतियां भी बढ़ा सकता है।

**■ लंबे ड्रॉप के संभावित नुकसान**

ड्रॉप ईयर के दौरान विद्यार्थियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लगातार तैयारी और परीक्षा का दबाव मानसिक तनाव बढ़ा सकता है। इसके अलावा, साथियों की तुलना में शैक्षणिक और कॅरिअर यात्रा में देरी महसूस होना भी चिंता का कारण बन सकता है। कई बार छात्र वैकल्पिक कॅरिअर अवसरों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते और समाज की बढ़ती अपेक्षाओं का अतिरिक्त दबाव भी उनके ऊपर बना रहता है।

**■ पहले खुद से पूछें ये सवाल**

ड्रॉप ईयर लेने से पहले विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण सवालों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि पिछली असफलता के पीछे वास्तविक कारण क्या थे और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है। साथ ही यह भी आकलन करना चाहिए कि क्या वे पूरे एक वर्ष तक अनुशासित और निरंतर तैयारी कर पाएंगे। सही मार्गदर्शन, प्रभावी अध्ययन योजना और संसाधनों की उपलब्धता भी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, यदि अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो वैकल्पिक कॅरिअर विकल्पों के बारे में पहले से सोचना चाहिए।

- *ड्रॉप ईयर तभी लाभदायक है, जब उसके पीछे स्पष्ट लक्ष्य और ठोस रणनीति हो।*
- *एक वर्ष का ड्रॉप अधिकांश विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त माना जाता है।*
- *वैकल्पिक कॅरिअर विकल्पों पर भी विचार करना चाहिए।*
- *सही मार्गदर्शन और समय प्रबंधन सफलता की संभावना बढ़ाते हैं।*

**■ कॅरिअर काउंसलर की सलाह लें**

ड्रॉप ईयर को आखिरी मौका नहीं, बल्कि सुनियोजित अवसर के रूप में देखना चाहिए। यदि यह निर्णय स्पष्ट लक्ष्य, ठोस रणनीति, नियमित मेहनत और मार्गदर्शन के साथ लिया जाए, तो यह भविष्य को नई दिशा दे सकता है। इसलिए ड्रॉप लेने का निर्णय विद्यार्थी की क्षमता, मानसिक तैयारी, पारिवारिक परिस्थितियों और विशेषज्ञ कॅरिअर काउंसलिंग को ध्यान में रखकर ही लेना चाहिए।

### आवेदन आमंत्रित

**विश्वबीना स्कॉलरशिप-2026**

- **पात्रताएं :** आवेदक ने हायर सेकेंडरी या उसके समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 80% अंक प्राप्त किए हों तथा बैचलर डिग्री या प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश हेतु वैध एडमिशन स्लिप उपलब्ध हो।
- **लाभ :** चुने गए उम्मीदवारों को सालाना ग्रांट मिलेगी।
- **अंतिम तिथि :** 31 जुलाई, 2026
- **आवेदन लिंक :** biswabinafoundation.in/

### अंतरराष्ट्रीय पहल

**स्काउट एडवेंचर्स स्वयंसेवक कार्यक्रम**

- **पात्रताएं :** उम्मीदवार में भरपूर ऊर्जा, सकारात्मक 'काम कर दिखाने' का दृष्टिकोण, सभी प्रकार के मौसम में बाहर कार्य करने की तत्परता तथा अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है।
- **आयु-सीमा :** 18 वर्ष या उससे ज्यादा होनी चाहिए
- **अवधि :** 8 से 12 महीने
- **आवेदन लिंक :** scoutadventures.org.uk/inspire-a-generation

### एग्जाम अलर्ट

**आरएसएसबी फॉरेस्टर परीक्षा**

- **परीक्षा की तिथि :** 28 जून, 2026
- इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामाजिक अध्ययन, भूगोल, इतिहास, कला एवं संस्कृति, दैनिक विज्ञान, गणित, समसामयिक मामले इत्यादि से 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई नकारात्मक अंकन किया जाएगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** rssb.rajasthan.gov.in/

**बिहार पुलिस सीएसबीसी कॉन्स्टेबल ऑपरेटर परीक्षा**

- **परीक्षा की तिथि :** 28 जून, 2026
- इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मुद्दों से संबंधित तथा इंटरमीडिएट स्तर के भौतिकी, रसायन एवं गणित विषयों से प्रश्न होंगे। परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न होंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** csbc.bihar.gov.in/

### खुद को परखें

1. एटालिन हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट किस राज्य में स्थित है?
(a) असम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) मेघालय

2. 'स्पाइलोमेना मालाबारिका' क्या है, जो हाल ही में खबरों में रहा?
(a) ततैया की एक नई प्रजाति
(b) एक प्रकार का वायरस
(c) आक्रामक खरपतवार
(d) एक प्रकार का फंगस

3. नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया किस मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है?
(a) संचार मंत्रालय
(b) गृह मंत्रालय
(c) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(d) सूचना और प्रसारण मंत्रालय

4. किस भारतीय कानून विशेषज्ञ को 2026-2035 के कार्यकाल के लिए 'इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल फॉर द लॉ ऑफ द सी' का जज चुना गया?
(a) नीरू चड्ढा (b) बिमल एन पटेल
(c) हरीश साल्वे (d) दलवीर भंडारी

उत्तर : 1.b, 2.a, 3.c, 4.b

## आज का दिन

23 जून, 2014



'ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क' के यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था। इससे भारत की विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली थी।

■ **1314 :** बैनॉकबर्न की लड़ाई में स्कॉटलैंड ने इंग्लैंड पर निर्णायक विजय प्राप्त की थी।
■ **1761 :** मराठा पेशवा बालाजी बाजीराव का निधन हुआ था।
■ **1868 :** क्रिस्टोफर लैथम शोल्स को टाइपराइटर के लिए पेटेंट मिला था।
■ **1936 :** भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी प्रदीप कुमार बनर्जी का जन्म हुआ था।

### व्रत त्योहार

**आज :** द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी। **कल :** श्रीगंगा दशहरा मेला हरिद्वार, श्रीरामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस, वर्षा ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** दिन में 12.00 से 13.30 तक।

■ सूर्योदय : 05.28
■ सूर्यास्त : 19.17
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

**विक्रमी संवत** 2083, 03 आषाढ़ मास शक 1948, आषाढ़ मास 10 प्रविष्टे, 08 मुहर्रम हिजरी 1448, द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 18.12 तक उपरांत एकादशी, चित्रा नक्षत्र 13.58 तक उपरांत स्वाती नक्षत्र, परिघ योग 10.22 तक उपरांत शिव योग, गर करण 18.12 तक उपरांत वणिज करण, चंद्रमा तुला राशि में दिन-रात।

### राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। नई योजना में व्यस्त रहेंगे। विरोधी से सावधानी बरतें।

**वृष :** मानसिक रूप से अशांत रहेंगे। नौकरी में सहकर्मियों से निराशा होगी। आर्थिक क्षेत्र में सावधानी बरतें।

**मिथुन :** क्रोध पर नियंत्रण रखें। नौकरी में आपकी सराहना होगी। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे।

**कर्क :** मनोत्साह बना रहेगा। विरोधी शांत रहेंगे। नौकरी में उन्नति का अवसर मिल सकता है।

**सिंह :** सकारात्मक सोच बनाए रखें। नौकरी में सामान्य परेशानी आ सकती है। आर्थिक दबाव बना रहेगा।

**कन्या :** भविष्य के प्रति उत्साहित रहेंगे। नौकरी में नूतन पद भार संभव है। अटका कार्य पूर्ण होगा।

**तुला :** मानसिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। नौकरी में कार्य कुशलता का लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृश्चिक :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। प्रभावी व्यक्ति से परिचय होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है। सरकारी क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी।

**मकर :** पारिवारिक उलझन बनी रहेंगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। अनुभवी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** मन अशांत रहेगा। नौकरी में वर्चस्व बना रहेगा। कीमती वस्तु संभालकर रखें। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**मीन :** नौकरी प्राप्ति में सफलता मिल सकती है। शुभचिंतकों का सहयोग मिलेगा। नई योजना सफल होगी।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 5 | | 4 |
| 1 | | 3 | | | 4 | | | |
| | 7 | | 1 | | | 2 | 3 | |
| | | | | | 2 | | 6 | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | 1 | | 6 | | | | | |
| | 4 | 7 | | | 8 | | 2 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| 5 | | 8 | | 7 | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

- English Editorials PDF with International Neespapers Editorials [35-40pages]
- Hindi Editorials PDF
- Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International
[Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world.
Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

## Click below to Join this Community 👇

Click Here